e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 305
गुरुवार
09.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार
आदमी जिन्दगी में उतना ही, बड़ा कर सकता है, जितना बड़ा वह सोच सकता है !

क्विक न्यूज

50 फीट उंची पानी टंकी से युवती ने लगाई छलांग, गंभीर

पलामू : जिले के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के पशु चिकित्सालय परिसर में बनी 50 फीट उंची पानी टंकी से खुशी कुमारी (21)ने छलांग लगा दी। युवती की स्थिति गंभीर बनी हुई है। एमएमसीएच मेदिनीनगर से इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।बुधवार को युवती पानी टंकी के ऊपर एक पैर नीचे कर बैठी हुई थी और बार बार कूद जाने की धमकी दे रही थी। नीचे से बचाने के लिए कोई भी टंकी पर चढ़ना चाह रहा था तो कूदने की स्थिति में आ जा रही थी। अचानक एक लड़का पानी टंकी पर चढ़ गया और लड़की का हाथ पकड़ लिया,.लेकिन लड़की अचानक हाथ छुड़ाकर कूद गई। इस क्रम में टंकी के बीच वाले लोहे की इगांल में टकराकर लटक गई, ,जिसमें उसके सिर में काफी गंभीर चोटे आई है। काफी रक्त स्राव होने लगा था। आनन फानन में उसे नीलांबर पितांबरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल एमएमसीएच रेफर कर दिया।लड़की के मां ने बताया कि छोटी सी बात को लेकर उसकी पुत्री पड़ोसी के घर में जाकर झगड़ा करने लगी थी। बगल के घर वालों ने दो-तीन झाप पिटायी की। इससे गुस्साए वह पानी टंकी पर चढ़ गई। कुछ लोगों ने बताया कि लड़की की मां ने युवती से मोबाइल छीन लिया था। डांट फटकार भी लगाई थी। इससे वह गुस्से में थी।

मानव तस्करी मामले में एनआईए की 10 राज्यों में छापेमारी, 44 गिरफ्तार

नई दिल्ली : मानव तस्करी के मामले में एनआईए ने बुधवार को देश के दस राज्यों में छापेमारी कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये छापेमारी त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक , तमिलनाडु , तेलंगाना , हरियाणा, राजस्थान, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा पुडुचेरी में चल रहे मानव तस्करी नेटवर्क के सिलसिले में की गई। बताया गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य पुलिस बलों के साथ निकट समन्वय में आज यह व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान दौरान गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलुरु, जयपुर में एनआईए शाखाओं में मानव तस्करी के 4 मामले दर्ज कर दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 55 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर तलाशी ली। इन राज्यों से मानव तस्करी के 4 मामलों में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज के साथ भारतीय व विदेशी मुद्रा भी बरामद की गई।

पुलिस मुठभेड़ में 11 अपराधी गिरफ्तार

फिरोजाबाद : थाना वृन्दावन पुलिस, स्वाट टीम मथुरा, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम फिरोजाबाद की संयुक्त कार्यवाही में पानीगाँव खादर में डकैती कर हत्या की योजना बनाते समय बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से 4 बदमाश घायल हो गये। पुलिस टीम ने मंगलवार की रात्रि 4 घायल सहित कुल 11 बदमाश गिरफ्तार किये हैं। पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर सभी को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि इस संयुक्त कार्यवाही में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 4 घायल बदमाशों सहित कुल 11 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने बदमाशों के कब्जे से 3 देशी तमंचा 315 बोर, 1 पौनिया 315 बोर, 11 खोखा व 7 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 खोखा कारतूस, 9 एमएम, 1 छूरा, 10 छोटी टार्च, 3 रस्सी के टुकड़े, 2 शब्बल लोहा, 5 क्वार्टर खुले, एक कार हुण्डई आई-10 बरामद की है। पुलिस टीम ने घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

रांची का तापमान
अधिकतम 27°
न्युनतम 23°

भू-माफियाओं ने दागी चार गोलियां, तीन घायल, रेफर

पाकुड़ में दिनदहाड़े फायरिंग

*** दो पक्षों में जमीन पर कब्जा जमाने को ले चल रहा था विवाद**

मकसूद आलम-अबुल कासिम @ प्रभात मंत्र

पाकुड़ : पुराने केरोसिन तेल टंकी के पास बुधवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से शहर थर्रा उठा। एक के बाद एक कम से कम चार राउंड गोलियां चली। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बंगाल रेफर कर दिया। घटना जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। दो पक्षों में विवाद के बीच एक पक्ष ने रिवाल्वर से गोलियां चला दी। गोली चलाने का आरोप इंद्रनील चटर्जी पर लगा है। फायरिंग से राम ठाकुर, विशु कर्मकार एवं शोभित ठाकुर को गोली लगी है। मिली जानकारी के मुताबिक हरिणडंगा बाजार स्थित एक प्लॉट पर जमीन को लेकर दो पक्षों में काफी दिनों से विवाद चल रहा था। बुधवार को भी स्थल पर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने रिवॉल्वर निकालकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें राम ठाकुर, विशु कर्मकार और शोभित ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस को सूचना मिलते ही फौरन मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने नाजुक स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। इसके बाद तीनों को बंगाल ले जाया गया। तीनों का बंगाल के डाक बंगला स्थित ओटू नर्सिंग होम में इलाज चलने की बात कही गई। हालांकि ओटू नर्सिंग होम से भी तीनों को बाहर रेफर किए जाने की जानकारी है।

एसडीपीओ ने कहा बख्शें नहीं जाएंगे दोषी

एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि जमीन विवाद में गोलियां चलने की बात सामने आ रही है। इंद्रनील चटर्जी पर गोलियां चलाने का आरोप लग रहा है। इसकी जांच की जा रही है। घटना में तीन लोग राम ठाकुर, विशु कर्मकार और शोभित ठाकुर घायल हुए हैं। तीनों घायल व्यक्ति वहां कैसे और क्यों पहुंचे, इसकी भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि चार राउंड गोली चलने की बात सामने आ रही है। घटना के बाद एक व्यक्ति के सफेद स्कॉर्पियो से बंगाल की ओर भागने की सूचना मिली है। उस स्कॉर्पियो का नंबर को ट्रेस कर दिया गया है और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित किया गया है। इसमें बंगाल पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि घटना को लेकर आसपास के लोगों से भी जानकारी ली जाएगी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जाएगा। ताकि घटना की सटीक जानकारी और घटना में शामिल लोगों की जानकारी मिल सके। वहीं सीसीटीवी के आधार पर आसपास मौजूद लोगों को चिन्हित किया जाएगा। उनसे भी जानकारी ली जाएगी। किसी भी हालत में घटना में शामिल दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस इस मामले में गंभीर हैं। घटना की गहराई से छानबीन की जाएगी और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

इंद्रनील चटर्जी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

फायरिंग कांड के आरोपी इंद्रनील चटर्जी के बंगाल से गिरफ्तारी की सूचना मिली है। बंगाल पुलिस के सहयोग से इंद्रनील चटर्जी को गिरफ्तार कर पाकुड़ लाने की सूचनाएं प्राप्त है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी पुष्टि हो सकती है। पुलिस गोलीबारी के सभी घटनाओं की जांच कर रही है। गोली चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान छेड़ दिया है।

घटनास्थल पर मच गया अफरा-तफरी

घटना के दौरान गोलियों की आवाज से आसपास का इलाका गूंज उठा। घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। यह भी कहा जा रहा है कि गोलियां चलते ही आसपास के दुकानों की शटर धड़ाधड़ गिरने लगी। जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

15 लाख का इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

संतोष कुमार @ प्रभात मंत्र

चतरा : भाकपा माओवादी के खिलाफ चतरा जिला पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है।

15 लाख रुपए का इनामी भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर नवीन यादव ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण में पुनर्वास नीति के तहत और पुलिस के निरंतर प्रयास से भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर विजय यादव उर्फ नवीन यादव उर्फ सरबजीत यादव ने आत्म समर्पण कर दिया है। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में डीसी अबू इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर नवीन यादव ने आत्म समर्पण कर दिया।

इस मौके पर आत्मा समर्पित करने वाले नक्सलियों को फूलों के गुलदस्ता से अधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। सूत्रों ने बताया कि नवीन यादव पिछले कुछ समय से पुलिस के वरीय अधिकारियों के संपर्क में था। कुछ माह पूर्व लावालौंग थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में गौतम पासवान एवं चार्लीश उरांव सहित पांच मवादियों के मारे जाने के बाद से वह संगठन में अकेला पड़ गया था। यही कारण है कि वह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने को तैयार हुआ। सबजूनल कमांडर नवीन यादव दुर्दांत माओवादी उग्रवादी रहा है। यही कारण है कि उसके खिलाफ झारखंड सरकार 15 लाख रुपए का इनाम रखा था। इस मौके पर इस मौके पर एसपी राकेश रंजन ने बताया कि झारखंड सरकार के आत्म समर्पण नीति के तहत नई दिशा एक सार्थक पहल कार्यक्रम में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को अब खुला जेल में ही रखा जाएगा

उन्होंने बताया कि पहले आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को खुला जेल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करना पड़ता था लेकिन अब सरकार ने नई नीति के अनुसार आत्मसम्मान पर करने वाले नक्सलियों को तुरंत ही ओपन जेल में भेज दिया जाएगा। जबकि डीसी अबू इमरान ने बताया कि चतरा जिला में सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी विकास की योजनाएं पहुंच रही हैं और विकास और पुलिस अभियान को देखते हुए नक्सली एवं नक्सली संगठनों का मनोबल पूरी तरह टूट चुका है और यही वजह है कि चतरा जिला में अब नक्सली अंतिम सांस ले रहा है।

सीएम ने भ्रष्टाचार के आरोपित बीडीओ के विरुद्ध अभियोजन की दी स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को लातेहार जिलान्तर्गत बालूमाथ थाना कांड संख्या-09/ 2016 , छ ह



जुलाई, 2016 के अभियुक्त अर्जुन राम तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ जिला लातेहार के विरुद्ध भारतीय दंड विधान 1880 की धारा 406/ 409/ 419/ 420/34 के तहत अभियोजन की स्वीकृत्यादेश दिया है।अभियुक्त के खिलाफ अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई है कि अभियुक्त द्वारा इंदिरा आवास योजना के तहत शौचालय सामग्री, धुंआ रहित चूल्हा एवं योजना बोर्ड की आपूर्ति का आदेश बिना किसी निविदा/कोटेशन के मेसर्स ए.के. ट्रेडर्स, रांची को दिया गया। आपूर्ति के विरुद्ध 41,69,880 रुपये का भुगतान किया गया, जो सरकारी प्रावधान का घोर उल्लंघन है। इस प्रकार अर्जुन राम तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बालूमाथ पर सरकारी पद का दुरूपयोग, आपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है।

खूंटी में पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का सीएस और डीजीपी ने लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उलिहातू आगमन के मद्देनजर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और डीजीपी अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने बुधवार को खूंटी और उलिहातू का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, रूट लाइन की व्यवस्था बेहतर बनी रहे। यह भी निर्देश दिया गया कि जिला और पुलिस प्रशासन को पूर्ण व्यवस्थित रूप से कार्य करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों ने उलिहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में आवश्यक तैयारियों को लेकर निर्देश दिए। साथ ही जनजातीय गौरव दिवस, बिरसा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर सुरक्षात्मक पहलुओं से संबंधित निर्देश अधिकारियों को दिए गए। उलिहातू और बिरसा कॉलेज स्टेडियम में होनेवाले कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर अधिकारियों ने कई निर्देश दिए।

पेशकार को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते एसीबी ने धर दबोचा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार: भ्रष्टाचार के खिलाफ पलामू एसीबी टीम ने बुधवार को लातेहार में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने भूमि उप समाहर्ता लातेहार (एलआरडीसी) के पेशकार विपिन किशोर एक्का को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम बुधवार को 12 बजे कार्यालय पहुंची। आवेदक शंकर राम द्वारा पेशकार को पांच हजार रुपए नकद दिया गया। जैसे ही पेशकार घूस के पैसा को पैकेट में डाला। एसीबी की टीम रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार करने के बाद पेशकार विपिन किशोर एक्का को पहाड़पुरी स्थित सरकारी क्वार्टर ले गई। वहां जांच के दौरान टीम अपने साथ पलामू ले गई। इधर, एसीबी टीम की कार्रवाई से सरकारी कार्यालय के कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

यहां बताते चले की मनिका निवासी शंकर पासवान ने एसीबी पलामू को जो आवेदन दिया था।उसके अनुसार उसे जमीन के मामले में डिग्री मिल चुकी थी।इसके बाद उक्त केस का नकल निकालने उपरोक्त पेशकार से मिले तो उसने आठ हजार रुपए रिश्वत की मांग की।इस पर असमर्थता जताई गई।इसके बाद पेशकार ने कहा कि कमसेकम पांच हजार देना ही होगा तभी नकल मिलेगा। नहीं तो तुम्हारा नकल फाड़ कर फेंक देंगे। वादी पासवान घुस देकर काम नहीं करवाना चाह रहे थे।इसके बाद वादी द्वारा एसीबी से संपर्क कर आगे की करवाई की।और उपरोक्त पेशकार को रंगे हाथो पकड़ लिया गया।

किसी की भावना को ठेस पहुंची हो तो माफी मांगते हैं : नीतीश कुमार

एजेंसी

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनसंख्या नियंत्रण पर दिए गए बयान को विधानसभा में माफी मांगी है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने पहले विधानसभा परिसर में सीएम नीतीश का घेराव किया। उन्हें सदन के अंदर नहीं जाने दिया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार विधान परिषद के रास्ते सदन में गए। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने मीडिया के सामने अपने बयान पर माफी मांगी। लेकिन, भाजपा विधायक नहीं माने और विधानसभा में हंगामा करने लगे। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफा की मांग पर अड़ गए।इसके बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं तो स्त्री शिक्षा के फायदे बता रहा था। बताया था कि कैसे लड़कियां पढ़-लिख गईं तो जन्मदर में कमी आयी। मैंने जो बात कही, वह सही थी। लेकिन,इसकी चूंकि निंदा की जा रही है और लोगों को लग रहा है कि मैंने गलत बात की या गलत तरीके से कहा है तो मैं माफी मांगता हूं। अपनी बात वापस लेता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बिहार विधानमंडल में प्रवेश के साथ पहले मीडिया के सामने आकर यह बात कही। सीएम नीतीश कुमार ने सदन के अंदर कहा कि अगर मेरी किसी बात को लेकर तकलीफ हुई है तो मैं अपनी बात

वापस लेता हूं। मैं दुख प्रकट कर रहा हूं। मैं अपनी निंदा करता हूं। मेरी किसी शब्द के चलते किसी तो तकलीफ हुई है तो आप कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री शर्म करें। मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं बल्कि दुख भी प्रकट करता हूं। लेकिन, आप लोग जान लीजिए महिलाओं के लिए बिहार में बहुत काम हो रहा है। आरक्षण को लेकर इतना काम हो रहा है।

भाजपा नेता सुशील मोदी ने पूछा- क्या विधानमंडल में सेक्स एजुकेशन का क्लास चल रहा था

भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने बी ग्रेड और मूर्खतापूर्ण बयान दिया है। क्या विधानमंडल में सेक्स एजुकेशन का क्लास चल रहा था। उन्हें इस्तीफा देकर अतिपिछड़ा को मुख्यमंत्री बना दिया जाना चाहिए। वह जिस तरह से महिलाओं पर टिप्पणी कर रहे हैं, वह उनके मानसिक दिवालियेपन को दर्शाता है। सुशील मोदी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने पहली बार ऐसा बयान नहीं दिया है, इससे पहले भी वह कई बार महिलाओं का अपमान कर चुके हैं।

सत्ता में आए तो किसानों का कर्जा माफ होगा: राहुल गांधी

अंबिकापुर : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अंबिकापुर से लगे ग्राम कतकालो के मिनी स्टेडियम में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां कांग्रेस की सरकार बनते ही जाति जनगणना शुरू कर दी जाएगी। आप सभी जाति जनगणना की आवाज उठाइए। एक बार सबके सामने आंकड़े आ जाएंगे।उन्होंने 3200 रुपये में धान खरीदने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 23 हजार करोड़ रुपये न्याय योजना में हमने दिया और यदि हम सत्ता में आते हैं तो किसानों का कर्जा माफ होगा।

वी चंद्रशेखर सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त

नयी दिल्ली (एजेंसी): केंद्र सरकार ने 2000 बैच के गुजरात-कैडर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी वी चंद्रशेखर को पांच साल के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त किया है। मंगलवार को केंद्र सरकार द्वारा इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर यह जानकारी दी। चंद्रशेखर, केंद्रीय जांच एजेंसी में पुलिस अधीक्षक और उप महानिरीक्षक के रूप में भी काम कर चुके हैं।

किसानों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : बरडीहा प्रखंड के बरडीहा एवं जिका गांव के किसान मित्र उपेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा किसानों से पंजीकरण के नाम पर प्रति किशान से 100 रु लेने का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में किशान ब्रजेश प्रजापति, बिरेन्द्र प्रजापति, वार्ड सदस्य प्रमिला देवी, एवं कमलबसिया देवी, विश्वनाथ प्रजापति, नंदू यादव राजेन्द्र शर्मा, संतोष रजवार तथा विक्रमां पाल सहित अन्य कई किसानों ने बताया कि किशान मित्र के द्वारा रजिस्ट्रेसन के नाम पर सभी किसानों से 100रु लिये जा रहे हैं,जो समय- समय पर कभी बीज के नाम पर, कभी केसीसी ऋण दिलाने के नाम पर, तो कभी पंप के नाम पैसों की उगाही की जाती है।जिन किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का किस्त नहीं आता है उसे लाभ दिलाने के नाम पर भी बड़ी रकम की वसुली की जा रही है।जब इस मामले में में किशान मित्र उपेन्द्र विश्वकर्मा से पूछा गया तो उनके द्वारा स्वीकार करते हुए कहा कि वे किसानों से पैसा लेते हैं, उनके द्वारा स्पष्ट किया गया कि अपनी जीवकोपार्जन के लिए किसानों से पैसा ली जाती है।इधर किशान मित्र की कार्यप्रणाली से तंग आकर किसानों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की जांच करते हुए उक्त किशान मित्र को हटाकर नए किशान मित्र की बहाली करने की मांग की गई है।एक तरफ झारखंड सरकार की ओर से किशानो को कैंप लगाकर केसीसी ऋण देने में लगी है, तथा किसानों को अन्य सुविधा दे रही है वहीं दूसरी तरफ किसान मित्रों के द्वारा किसानों को आर्थिक शोषण किया जा रहा है।ईश्वर इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार ने बताई कि अभी तक लिखित सूचना की जानकारी नहीं है,हो सकता है कि कार्यालय में दिया गया होगा,जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

बसपा का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

संगठन के मजबूती पर बल कार्यकर्त्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं : दिनकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : बहुजन समाज की विधान सभा स्तरीय गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कैडर समीक्षा बैठक बुधवार को शहर के टैक्सी स्टैंड परिसर में की गई, बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी प्रमोद राम ने की संचालन बसपा के वरिष्ठ नेता चितरंजन दास ने किया, कार्यक्रम के पूर्व सैकड़ो बसपा कार्यकर्त्ताओं ने छोटी बड़ी वाहनों से बाइक रैली निकाली और और शहर के अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री उतर प्रदेश सह झारखंड प्रदेश प्रभारी जी सी दीनकर, केंद्रीय सदस्य प्रभारी रामबाबू, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, जिला अध्यक्ष अजय भारती पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव, पुनित अंबेडकर ने डॉक्टर भीम राव अंबेडकर,

कांशी राम के तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बैठक को संबोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि जी सी दीनकर ने कहा की कार्यकर्त्ता ही पार्टी की ताकत और इसके रीढ़ होते है , हमे पार्टी को आगे बढ़ाने है इसके लिए हमें पूरी ईमानदारी और और एक नए ऊर्जा के साथ लगने की जरूरत है । बसपा बिना किसी जाति के भेद भाव करने वाली पार्टी है जो समाज को एकजुट करके समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्षरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अपनी भाईचारा बनाकर संगठन को को मजबूत बनाने की जरूरत है । मौके पर शेर अली ने कार्यकर्त्ताओ से आव्हान करते हुए बहुजन समाज पार्टी एक मिशन है जो समाज के महापुरषों के विचार पर चलने की पार्टी है, बैठक में केंद्रीय सदस्य प्रभारी रामबाबू, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, हरि यादव, अजय भारती, सुहैल हक, सुदर्शन राम, सहित अन्य लोग ने बसपा की संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रणव सुमन, नूरुल खान, सब्बीर हुसैन, बिरेंद्र राम, गुरु प्रसाद, सुनैना कुंवर, फिरोज आलम, सल्लाहुदीन नूरी, इफ्तेखार आलम, मदन भारती, राजकुमार जी, कृष्णा राम, फरीद खान, अशद हुसैन, वकील सिद्दिकी समेत विधान सभा के सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

महिला विरोधी है नीतीश कुमार : लवली गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांकी : बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार के बयान पर मीडिया से मुखातिब होकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी पूर्व जिला पार्षद श्रीमती लवली गुप्ता ने कहा कि नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है उन्होंने विधानसभा में जिस तरह का बयान दिया है वह बयान सदन की मर्यादा को तार-तार करने वाला है, वह सभ्य समाज का प्रतिनिधित्व करने के लायक नहीं रह गए हैं। यह उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। यह बहुत ही शर्मनाक और दर्दनाक बयान है इसकी जितनी भी निंदा किया जाए वह कम है। नीतीश कुमार का जो विवेक है वह शुन्य हो गया है यह बयान साफ दर्शाता है कि महिलाओं के प्रति उनका क्या सोच है।इस बयान के बाद उनको मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है उन्हें तुरंत ही इस्तीफा दे देना चाहिए।

एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन के द्वारा अपने कार्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान बीते माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गई। साथ में थानावार वारंट, कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गई कार्रवाई, कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की समीक्षा पुलिस अधीक्षक महोदया के द्वारा की गई। पिछले माह में हत्या, लूट, बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों में गिरफ्तारी एवं उद्भेदन के संबंध में क्याङ्क्या प्रयास किए गए हैं उसकी गहन समीक्षा की गई। उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के दृष्टिकोण से मनातू, नावा बाजार, छतरपुर नौडीहा एवं हरिहरगंज को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है उसको लेकर भी संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं

थाना प्रभारी को विशेष निर्देश दिया गया। सभी अंचल के पुलिस निरीक्षकों को यूडी कांड के निष्पादन की दिशा में कार्रवाई करने तथा वैसे कांड जो काफी पुराने हैं उसकी समीक्षा करने का निर्देश भी दिया गया। जिन कांडों में अभियुक्त दूर के राज्यों में छुपे हुए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक से अनुमति लेकर संबंधित राज्य जाकर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कांड उद्भेदन एवं कांड निष्पादन की दिशा में जिन थाना प्रभारी एवं पदाधिकारियों ने अच्छा काम किया है, उन्हें सुसेवांक से पुरस्कृत करने का आदेश दिया गया एवं जिनके कार्य में लापरवाही पाई गई उन्हें निंदन की सजा का आदेश दिया गया।

इंटर कॉलेज के शिक्षक व कर्मी रहे शैक्षणिक हड़ताल पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को प्रखंड के तीनों इंटर कॉलेजों के शिक्षक व कर्मी शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। इस दौरान शंकर प्रताप देव इंटर कालेज के शिक्षक व कर्मी कॉलेज में ताला बंद कर मुख्य गेट पर वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त न करने वाले पदाधिकारी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी किए।शैक्षणिक हड़ताल पर एसपीडी इंटर कॉलेज, ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर कॉलेज व मां नगीना शाही महिला इंटर कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी रहे। इस दौरान तीनों कॉलेज में पूरे दिन ताला लटका रहा, शिक्षण कार्य नहीं हुआ। शैक्षणिक हड़ताल वित्त रहित शिक्षण संस्थानों मे कार्यरत शिक्षक व कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने और अनुदान के लिए विभागीय प्रस्ताव पर मंत्री के अनुमोदन के बाद भी अभिलेख विधि विभाग, वित्त विभाग और मंत्रिपरिषद में अनुमोदन नहीं

होने को लेकर किया गया।एसपीडी इंटर कॉलेज के प्राचार्य राजू प्रसाद राज, टीडीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य धनंजय कुमार सिंह व मां नगीना शाही महिला कॉलेज के प्राचार्या सविता कुमारी ने कहा कि डिग्री कॉलेज के लिए चौगुना अनुदान के प्रस्ताव पर मंत्री परिषद की सहमति के बाद अधिसूचना जारी हो गई। पर इंटर कॉलेज के चौगुना अनुदान के प्रस्ताव को ग्रेडिंग के नाम पर विगत 4 - 5 माह से विभाग के अधीनस्थ पदाधिकारी रोक कर रखे हुए हैं। अनुदान अधिनियम 2004 में ग्रेडिंग का कोई प्रावधान नहीं है, फिर भी ग्रेडिंग का पेच फंसाया जा रहा है। शैक्षणिक हड़ताल के कारण इंटर कॉलेज में ताला लटका रहा। हड़ताल में सत्येंद्र पांडेय, दिनेश कुमार सिंह, इंदु शेखर पांडेय, परवेज, अरविंद गुप्ता, विवेक विभूति, पूजा सिंह, अश्विनी चौबे, राम व्यास पांडेय, पंकज चतुर्वेदी, दीनानाथ पांडेय, भरदुल ठाकुर, अविनाश कुमार, बबीता कुमारी, आशा कुमारी, अशोक कुमर वरुण कुमार पांडेय, आशीष शुक्ला, विवेक सिंह, अमित कुमार सिंह, राम पवन राम, विकास कुमार देव, भीष्म नारायण सिंह, अमरेश कुमार यादव, नवनीत कुमार सिंह सहित तीनों इंटर कॉलेज के सभी कर्मी शामिल थे।

जिले में 15 नंवबर से प्रारंभ होगा आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार अभियान को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की.बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने 15 नंवबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान को कैसे सफल बनाया जाये एवं अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाये इस पर चर्चा की गयी.बैठक में डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस अभियान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने की बात कही.उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा.उन्होंने कहा कि

शिविर में जो भी आवेदन आयेंगे उस संबंधित आवेदन को संबंधित पदाधिकारी सक्रिय होकर एड्रेस करें तो हम अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर सकेंगे.बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्य प्रक्षेत्र की योजनाएं,कहां विशेष ध्यान रखना है,ऑन द स्पॉट कौन सी शिकायतों का निवारण किया जा सकता है इन बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया.उपायुक्त ने विभिन्न पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया.बैठक में उपायुक्त,उप विकास आयुक्त,नगर आयुक्त,सभी बीडीओ,सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

चार -पांच पंचायतों में हर दिन लगेंगे शिविर

अभियान के दौरान प्रतिदिन जिले के विभिन्न प्रखंडों में कम से कम चार - पांच पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा.इन शिविरों में लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी.नया राशन कार्ड के लिए आवेदन लिया जायेगा.स्वीकृत राशन कार्ड दिये जायेंगे.राशन डीलर के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण पेंशन लाभ,मनरेगा के तहत नये जॉब कार्ड,हड़िया बेचने वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलो-झानों आशीर्वाद योजना से जोड़ना है.वहीं धोती - साड़ी का वितरण व कंबल वितरण भी किया जायेगा.अबुआ आवास के तहत नये आवेदन लिये जायेंगे साथ ही इ -श्रम पोर्टल पर निबंधन,लंबित दाखिल खारिज के मामलों का निष्पादन,लगान रसीद निर्गत,मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना के आवेदन लेने जैसे कार्य किये जायेंगे.वहीं पात्र लोगों का आयुषमान कार्ड भी निर्गत किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : ज़िला परिवहन कार्यालय में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से सम्बंधित बैठक बस मालिक एवम उनके प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई।झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के कार्यान्वयन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गो का चयन।राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है । इस कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू किया जाना है, ताकि दूर-दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। इसके लिए अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट, स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन, ग्रामीण क्षेत्र एवं

सार्वजनिक स्थलों को ध्यान में रखकर रूट बनाने को कहा गया। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखें, ताकि इस योजना के तहत बसों के संचालन के लिए इस तरह रूट निर्धारित करें कि अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, साप्ताहिक हाट और स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन अवस्थित हों, इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी और इस योजना की उपयोगिता बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना

इस योजना के पहले चरण में 3 बसों को संचालित करने की योजना है।इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव, विधवा और झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी।इस योजना के तहत निर्धारित रूटों पर बस संचालित करने वाले बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जाएगी । इसके अलावा परमिट और फिटनेस शुल्क माफ कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के तहत मात्र 1 रूपये के शुल्क में मार्ग कर, परमिट शुल्क, वाहन निबंधन शुल्क देना होगा।मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना में नई गाड़ियों का परिचालन होना हैं, जिसमें 07- सीटर एवं 42 सीटर वाहन हो सकते है। जिसमें राज्य सरकार के तरफ से नई गाड़ी की खरीद पर सब्सिडी एवं पंजीयन में ह्ठ्ठद्ग टाइम छुट्ट दी जाएगी। रूट पर नियमित रूप से वाहनों/बसों का परिचालन करने पर विशेष वित्तीय सहायता बसों/वाहनों के परिचालन में दी जाएगी।

पाचाड़ूमर अधिकृत घाट से बालू बंद

केतार(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता): जेएसएमडीसी द्वारा संचालित बालू घाट पर ट्रैक्टर मालिकों को पिछले कई दिनों से बालू मिलना बन्द हो गया है। जिसे लेकर ट्रैक्टर मालिक एवं जेएसएमडीसी के कर्मचारियों के बीच नोक झोक होता दिख रहा है। प्रखंड के ट्रैक्टर मालिक ने कहा कि हम सभी को बालू बुक करने के बावजूद बालू नहीं दिया जा रहा है। जबकि बड़े ठेकेदारों को हाइवे से ओवरलोड करके बालू भेजा जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे यहां के बालू को दूसरे जगहों तक भेजा जा रहा है। वहीं हम लोगों को बालू नहीं दिया जा रहा है। इससे प्रखंड क्षेत्र में हो रहे कार्य प्रधानमंत्री आवास का ससमय नहीं हो पा रहा है।

प्राथमिक अभियुक्त वारंटी भेजा गया जेल

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): न्यालय बंशीधर नगर द्वारा निर्गत वारंटी अभियुक्त कामेश्वर रजवार पिता भुनेश्वर रजवार को भेजा गया जेल। इसकी जानकारी देते हुवे थाना संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि काफी दिनो से फरार चल रहे ग्राम अमहर थाना विशुनपुरा निवासी को विधिवत गिरफ्तार कर गढ़वा मंडल कारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एनएचएम संघ ने किया प्रदर्शन

गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता): एनएचएम संघ गढ़वा की ओर से बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय परिसर धरना प्रदर्शन किया गया।उसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डा.संतोष कुमार मिश्र ने किया।धरना प्रदर्शन में जिले के सभी एनएचएम कर्मी शामिल थे। एनएचएम कर्मियों ने कहा कि मानदेय में सातवें वेतन आयोग के विरुद्ध सरकार द्वारा दी गई 15 प्रतिशत की वृद्धि पर असंवैधानिक तरीके से रोक लगाते हुए उसे वसूल करने का जो निर्देश दिया गया है, इससे सभी एनएचएम कर्मी मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर राज्यस्तरीय संगठन के मार्गदर्शन में वे लोग आंदोलन करने को तैयार हैं। मानदेय में कटौती के आदेश को वापस नहीं लिया गया तो झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर किया जाएगा।मौके पर डा.भरत भूषण, डा. गौरव विक्रम, प्रदीप पाठक, प्रेममणि सुधांशु, संगीता कुमारी, शोभा कुमारी, संतोष कश्यप आदि उपस्थित थे।

10 सीटर का बनेगा नया कम्युनिटी टॉयलेट : कार्यपालक पदाधिकारी

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर पंचायत के शहरी क्षेत्रों के विभिन्न मॉड्यूलर टॉयलेट की खराब स्थिति को देखते हुए झारखंड वार्ता की टीम ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी से बात की। इस पर उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में कुल 9 मॉड्यूलर यूरिनल टॉयलेट बनाए गए हैं। नगर पंचायत में कुल 40 से 50 सफाई कर्मी है। जो प्रत्येक दिन 15 से 20 संख्या में प्रत्येक वार्ड में जाकर साफ सफाई करते हैं। अगर शौचालय की साफ सफाई नहीं हो रही है तो सफाई कर्मियों को सफाई करने का निर्देश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि साफ सफाई को लेकर नगर पंचायत प्रत्येक माह 2 से ढाई लाख रुपए खर्च करती है। उन्होंने बताया कि शहर में बंद पड़े शौचालय को जल्द खुलवाया जाएगा। वही कई स्थानों पर जर्जर शौचालय को मेंटेनेंस करने के लिए काफी खर्च आ रही है। अधिक खर्च आने के कारण नगर पंचायत द्वारा 10 सीटर का कम्युनिटी टॉयलेट बनाया जाएगा। जिसका टेंडर हो गया है। छठ पूजा के बाद कार्य प्रारंभ होगा।

एनआरएचएम कर्मियों ने स्थायीकरण की मांग को ले दिया धरना

पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता): अनुबंध पर स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एनआरएचएम कर्मियों ने बुधवार को स्थायीकरण की मांग को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना में जिले भर से सैंकड़ों एएनएम एवं जीएनएम शामिल हुई। झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले धरना में बैठी कर्मियों ने मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। संघ की जिला सचिव इंदु ठाकुर ने कहा कि यह आज की लड़ाई नहीं है। अपनी मांगों को लेकर वर्षों से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते आ रहे हैं। इस साल 25 फरवरी को सरकार और संघ के बीच स्थायीकरण पर सहमति बनी। लेकिन छह महीने बीत गए, सरकार ने अब तक अपने वादों को पूरा नहीं किया। जिला सचिव ने कहा कि 42 दिनों की हड़ताल के बाद सरकार से वार्ता के दौरान 50 फीसदी बाहरी और 50 फीसदी पूर्व से कार्यरत कर्मियों की बहाली पर सहमति बनी। इसके बाद सरकार ने आज तक नियुक्तियां नहीं निकाली। आज फिर से धरना प्रदर्शन के जरिए अपनी मांगों को उठाया और सिविल सर्जन को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर संघ की अध्यक्ष मर्शिला टुडू ने कहा कि सरकार से सहमति के बाद भी नियुक्तियां नहीं निकाली जा रही है। अगर सरकार की यही रवैया रही तो आगे फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए विचार किया जाएगा। इसके लिए कार्य प्रभावित होने की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

संक्षिप्त खबरें

धनतेरस 10 को, हस्त नक्षत्र का बन रहा योग

रांची : राजधानी रांची में इस बार धनतेरस 10 नवम्बर (शुक्रवार)को मनाया जाएगा। इस दिन त्रयोदशी तिथि दिन में 11.47 बजे प्रारंभ होगी और 11 नवंबर को दिन में 1.13 बजे समाप्त होगी। धनतेरस की पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है, इसलिए यह पूजा 10 नवम्बर को ही मनाया जाएगा। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने बुधवार को बताया कि इस बार धनतेरस में शुभ संयोग बन रहे हैं। हस्त नक्षत्र योग होने से व्यापारियों को लाभ मिलेगा। इस नक्षत्र में की गई खरीदारी स्थाई होगी। उन्होंने बताया कि धन त्रयोदशी के दिन सोना, चांदी, वाहन, जमीन, घर, इलेक्ट्रिक सामान आदि खरीदना सुख और समृद्धि का कारक है। इस दिन घर के दरवाजे पर स्वास्तिक का चिह्न अंकित करने से घर में सौभाग्य और खुशहाली आती है। इस दिन यम दीप दान करने का विधान है, इससे अकाल मृत्यु भय दूर होता है। संध्या काल में पुराने दीये में तेल डालकर घर के बाहर जलाया जाता है।

राजद का मिलन समारोह नौ को, कई नेता पार्टी में होंगे शामिल

रांची : राजद के रांची स्थित पार्टी कार्यालय में नौ नवम्बर को मिलन समारोह का आयोजन होगा। राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बुधवार को कहा कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में गुरुवार के मिलन समारोह में भाजपा और अन्य दलों के सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के नीति एवं सिद्धांत से प्रभावित होकर कई नेता और कार्यकर्ता पार्टी के दामन थामेंगे। इस मिलन समारोह में राजद के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

अपनी जमीन बचाने के लिए थाना का चक्कर लगा रहे हैं मो. इसराइल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में जमीन दलालों एवं भूमाफियाओं का कितना बोलबाला है यह ईडी को भी पता है। तभी तो ईडी ऐसे जमीन दलालों पर भी शिकंजा कसने का काम कर रही है।पुलिस महानिदेशक अजय सिंह ने भी स्पष्ट रूप से सभी थाना प्रभारी को एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दे दिया है की जिस थाना क्षेत्र में जमीन संबंधी मामले पर विवाद होगी , गोलियां चलेगी या किसी की हत्या होगी तो उस थाना के थानेदार सस्पेंड कर दिया जाएगा इस तरह की घटनाएं हुई भी,पुलिसकर्मी सस्पेंड भी हुए हैं। जमीन संबंधित ऐसा ही एक मामला मोहम्मद इसराइल हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले के साथ आया है, इसराइल ने डीजीपी अजय सिंह को लिखित आवेदन देकर बताया कि कुछ दबंगों ने मेरी खरीदी गई जमीन पर जबरन अवैध कब्जा कर लिया है। इसके बाद से अपनी जमीन बचाने के लिए थाना से लेकर डीजीपी तक गुहार लगा चुका हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। मो इसराइल ने बताया कि कांके थाना क्षेत्र के हुसीर मौजा में मेरी एक जमीन है । जिसका खाता नंबर 27 , प्लॉट नंबर 1548 जमीन कुल रकबा 25 डिसमिल है , उक्त जमीन अपनी पत्नी खुशबू परवीन के नाम से खतियानी रैयत के वैध उत्तराधिकारी गण वंशज से सन् 2020 में खरीदा है। उक्त जमीन से संबंधित लगभग सारे दस्तावेज हमारे पास मौजूद हैं। और उक्त जमीन पर चारदीवारी कर गेट भी लगाया गया है । लेकिन जमीन दलालों एवं भूमाफियाओं ने अपने दबंगई और गुंडागर्दी करते हुए अंचल अधिकारी एवं थाना के सांठगांठ से उक्त जमीन पर करीब 15 से 20 लोगों ने बीते 20 अगस्त 2023 को अवैध रूप से कब्जा कर लिया है । जब तक मुझे इसकी

जानकारी हुई और मैं उक्त जमीन पर पहुंचा तब तक वे लोग बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए 15 से 20 लोग एकत्रित हो गए। मैं डर गया और इस बीच मेरे बोलने और मना करने पर भी मेरे साथ मारपीट की गई है,और जान मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में स्थानीय थाना कांके को सूचित किया, लिखित आवेदन ने दिये बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई । इतना ही नहीं थाना द्वारा पूछे गए कुछ नामों को भी मैंने थाना को लिखित दिया है। जिसमें नरेश कुमार, महेश कुमार , अनिल, सीमा, संगीता , नसीमा खातून, मुन्नी खातून, जहांगीर अंसारी, सीमा तिर्की और कुछ अज्ञात लोग भी इसमें शामिल हैं। थाना से कोई कार्रवाई नहीं हुई । इसके बाद मैंने वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, सहित पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक तक को लिखित आवेदन देकर गुहार लगा चुका हूं कि मेरी 25 डिसमिल जमीन को जमीन माफियाओं एवं भू माफिया से मुक्त कराई जाए । ऐसे सामाजिक तत्वों पर जमीन दलालों भूमाफियाओं पर पुलिस अपने स्तर से कानूनी कार्रवाई करें। ताकि किसी भी अपराधियों, भूमाफियाओं , जमीन दलालों के द्वारा किसी गरीब व्यवस्था की जमीन पर अवैध कब्जा न कर सके।

थाना प्रभारी ने कहा : इस पूरे मामले में कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि कांके आंचल के अंचलाधिकारी से मिलकर ही जमीन की नापी एवं सीमांकन कराने से ही पता चलेगा और जो जमीन की दस्तावेज है, दोनों पक्षों के पास , उसे अंचल अधिकार ही बता पाएंगे कि जमीन किसकी है , थाना का मुख्य उद्देश्य यही होता है की जमीन से संबंधित मामले पर कोई घटना ना घटे। इसे रोकना मेरा काम है , बाकी जमीन से संबंधित सारे काम अंचल अधिकारी को करना है।

छत्तीसगढ़ चुनावी दौरे में पीएम से मिले रांची सांसद संजय सेठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे प्रवास के क्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सूरजपुर जिले में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भाजपा संगठन की तरफ से इस जिले का प्रभार रांची के सांसद श्री संजय सेठ को दिया गया है। इस जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रवास के क्रम में सांसद संजय सेठ ने भी उनसे मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्री सेठ से विधानसभा चुनाव की स्थिति से संबंधित जायजा लिया। विशेष रूप से सूरजपुर जिला और इसके अधीन पढ़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित जानकारी सांसद ने पीएम को दी। उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति है। कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता में भी जबरदस्त उत्साह है। तीनों सीटों पर कमल फूल खिलेगा, इस बात का आशीर्वाद यहां की जनता ने दे दिया

है। सांसद ने प्रधानमंत्री के समक्ष स्थानीय कार्यकर्ताओं के मेहनत और उत्साह की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने सांसद श्री सेठ को कार्यकर्ताओं के बीच रहने, उन्हें उत्साहित करने और ऊर्जनवित करने का निर्देश दिया। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने जनजातीय गौरव दिवस, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को झारखंड आगमन को लेकर उन्हें जोहार कहा। सांसद ने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि झारखंड की जनता उनका बेसब्री से इंतजार कर रही है। भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर प्रधानमंत्री का आगमन संपूर्ण झारखंड के लिए गौरव की बात होगी।

स्वामी सदानंद जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर शिष्यों को दी दिपावली की बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज आज दिनांक 08/11/2023 बुधवार को प्रातः 4ः30 बजे बेगूसराय से सड़क मार्ग से चलकर संस्था के सत्संग भवन शिवगंज हरमु रोड़ स्थित विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पहुँचें।गुरु जी महाराज के सत्संग भवन मे आगमन होने के साथ ही वहाँ का वातावरण सतगुरु महाराज की जय श्री प्राणनाथ प्यारे की जय जयकारो से गुंज उठा।सर्वप्रथम गुरूजी महाराज ने 108 दिपक जलाकर सभी सुन्दरसाथ भाईयों एवम बहनों को धनतेरस,रूप चौदस, दिपावली, गोवर्धन पुजा,भाई दुज एव छठ्ठ महापर्व की बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाऐं दी। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,विजय अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, विशाल जालान, नन्द किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल,अमित पोद्दार, सज्जन पाडिया, चिरंजी लाल खंडेलवाल, पूरणमल सर्राफ ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, सुरेश चौधरी,दिलीपअग्रवाल, आलोक सिंह, धीरज गुप्ता, रमेन्द्र पाण्डेय एवं महिला मंडल की विद्या देवी अग्रवाल विमला जालान, शोभा जालान, आशा मुंजाल, संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार, सरोज पोद्दार, शारदा पोद्दार, अमिता जालान, चंदा देवी अग्रवाल एवं गुरु जी के शिष्य और संस्था के भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती को भाजपा अपना कार्यक्रम ना बनाए : सुप्रियो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। 15 नवंबर न सिर्फ स्थापना दिवस है बल्कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है । ऐसे मौके पर झारखंड में हर्षोल्लास के साथ धरती आबा का जन्म उत्सव मनाया जाता है ।ऐसे समय में राज्य सरकार द्वारा भी बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । लेकिन वहीं भाजपा अपनी वोट वाली राजनीति से बाज नहीं आ रही है । वह मध्य प्रदेश में होने वाले चुनाव और खास कर सबसे अधिक सीटों जिस पर आदिवासियों का दबदबा है , वैसे सीटों पर सेंधमारी करने के लिए धरती आबा की जन्मस्थली उलियातू को चुना है। यहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई घोषणाएं करके चुनाव को प्रभावित करेंगे। उक्त

बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों से कही । उन्होंने कहा कि पहले भी भाजपा के कद्दावर सांसद राजनाथ सिंह , अमित शाह सभी धरती आबा के गांव उलियातू में आए और विकास की बातें की और यहां के आदिवासियों को सपना दिखा कर चले गए। लेकिन स्थिति जब की तस है , आप खुद वहां पर जाकर देख सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां जाते हैं वहां बताते हैं कि मेरे अपने लोग हैं और वे 15 नवंबर को रांची आ रहे हैं दिवाली का पर्व भी है और ऐसे में एच ई सी के मजदूरों के लिए जो दिवाली में उन्हें और उनके परिवारों कोआर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है, ऐसे लोगों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या करेंगे यह भी देखने वाली बात होगी।

कोकर में बन रहा है केदारनाथ मंदिर का प्रारूप भव्य एवं आकर्षण का केंद्र होगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : श्री श्री काली पूजा समिति बजरंग क्लब इस वर्ष कोकर में केदारनाथ मंदिर का प्रारूप बना रही है। पूरे पूजा में लगभग तीन से चार लाख रुपए के खर्च होंगे। पंडाल की चौड़ाई 30 फीट और ऊंचाई 40 फिट है।

साथ ही परिसर में विद्युत सज्जा, रंगीन फव्वारे और आकर्षक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। साथ ही श्रद्धालुओं को पूजा पंडाल के अंदर मां काली की भव्य मूर्ति के दर्शन होंगे। यह जानकारी बजरंग क्लब के रोहित सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर को मध्य रात्रि में पूजा, 13 को प्रसाद वितरण संध्या 4ः00 बजे, 14 को माता का जागरण संध्या 7ः00 बजे,

15 को भंडारा संध्या 6ः00 बजे और 16 को विसर्जन किया जायेगा। सहायता के लिए कमेटी के तमाम कार्यकर्ता जुटे हुए है। पिछले 11 वर्ष से यहां पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

महिला सहित पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। लोअर बाजार थाना अंतर्गत पत्थर कुड़वा स्थित इस्लामनगर के रहने वाले पांच महिला सहित पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बताया जा रहा है सभी 2018 में दर्ज मामलों में अभियुक्त और फरार चल रहे थे । आपसी मारपीट से संबंधित मामले में इन सबकी गिरफ्तारी हुई है। मुख्य रूप से मों शारूरत, फारूख , खातिजा खातुन,मीना खातून उर्फ तरन्नुम,

निलु खातुन उर्फ निलोफर परविन इस्लाम नगर पथलकुदवा थाना लोअर बजार जिला राँची शामिल हैं।

बताया जा रहा है सभी 2018 में दर्ज मामलों में अभियुक्त और फरार चल रहे थे । आपसी मारपीट से संबंधित मामले में इन सबकी गिरफ्तारी हुई है।

भाजपा गरीबों के लिए नहीं, उद्योगपतियों के लिए करती है काम : आभा सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों के लिए नहीं बल्कि उद्योगपतियों के लिए काम करती है।

भाजपा की सरकार गरीबों को नहीं देख रही है, केवल बड़े-बड़े उद्योगपतियों को देख रही। उन्होंने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 4.5 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की, जिसमें वह गरीबों से मिले किसानों से मिले, महिलाओं से मिले, सभी को गले लगाकर चले। उन्होंने कहा कि आज वे हमसे पूछते हैं कि कांग्रेस ने देश के लिए क्या किया। कांग्रेस ने देश को एक रखने के लिए अपना खून पसीना दिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के लिए जान दी और राजीव गांधी ने आतंकवादियों से लड़ते हुए बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित केन्द्र सरकार की उपलब्धि भ्रष्टाचार में नंबर वन, किसानों की आत्महत्या में नंबर वन, कुपोषण में नंबर वन, आदिवासियों पर अत्याचार में नंबर वन और बेरोजगारी में नंबर वन है। इतना सब करके देश को बीमारू राज्य बना दिया है।

उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक कुशल प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश को विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिर्फ और सिर्फ अपनी पार्टी भाजपा को फायदा पहुंचाया है, न कि देश को,

जो देश की जनता के साथ धोखा है।

जरूरतमंदो के बीच किया गया खाद्य सामग्री का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : साई सेवाश्रम ट्रस्ट द्वारा दीपावली के अवसर पर राजधानी के कई क्षेत्रों में दिव्यांग, कुष्ठ रोगी और जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। खाद्य सामग्री में चावल, दाल, चीनी, मिक्स मसाला, हल्दी पाउडर, चना, सोयाबीन बरी, साबुन, सर्प, चूड़ा, चायपति, माचीस, मोमबत्ती, आलू, प्याज, सरसो तेल, नमक, बिस्कुट, मिक्चर समेत कई घरेलू उपयोग में आने वाली समाग्री का वितरण कार्य किया गया। यह खाद्य सामग्री प्राप्त करने वालों में नामकुम बाल्मीकि आवास, केतारी बागान, कड़रू, चुटिया आसपास के लोग शामिल है। इस अवसर पर 25 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरण किया गया। साई सेवाश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित लाल ने कहा कि साई सेवाश्रम ट्रस्ट नियमित रूप से समाज के अंतिम पायदान पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य करता आ रहा है। यह कार्य निरंतर जारी है। खाद्य सामग्री वितरण के सहयोग में समाजसेवी रमेश शर्मा, अनुराग बैनर्जी, शिवजीत कुमार, आरव राउत आदि का अहम योगदान रहा है।

साई सेवाश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित लाल ने कहा कि साई सेवाश्रम ट्रस्ट नियमित रूप से समाज के अंतिम पायदान पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य करता आ रहा है।

रांची के मोरहाबादी मैदान में नहीं सजेगा पटाखा बाजार

रांची : झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने इस बार मोरहाबादी मैदान में पटाखा बाजार नहीं लगने देने का निर्णय लिया है। पटाखा बाजार के लिए पांच कलस्टर बनाए गए हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन ने सभी पटाखा दुकानदारों को निर्देश जारी किया है की तय समय पर आकर दुकान का लाइसेंस लें। जिला स्कूल, जयपाल सिंह स्टेडियम, हरमू मैदान, डोरंडा मैदान और चुटिया मैदान में पटाखा दुकान लगाए जाएंगे।

36वे राष्ट्रीय खेल गुजरात में झारखंड को मिले थे 13 पदक



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। खेल कूद एवम युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के सहयोग से एवम झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वधान में झारखंड दल ने भाग लिया।भारतीय ओलंपिक संघ,नई दिल्ली एवम गोवा सरकार द्वारा 25 अक्टूबर से 09 नवम्बर तक गोवा के विभिन्न शहरों में आयोजित 37वे राष्ट्रीय खेल,गोवा में 08 नवम्बर को झारखंड के खिलाड़ियों ने लॉन बाल में स्वर्णिम प्रदर्शन किया वहीं, हॉकी महिला खिलाड़ियों ने फिर एक बार दमदार प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित किया।

पुरुष लॉन बाल सिंगल स्वर्ण पदक सुनील बहादुर, पुरुष लॉन बाल फोर्स स्वण प्रिंस कुमार महतो, मो वसीम अकरम, कृष्णा खलको, दिनेश कुमार की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता, महिला पेयर्स कांस्य लबली चौबे एवम रूपा रानी तिर्की की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।

महिला ट्रिपल कांस्य पदक, छोटी कुमारी ,फरजाना खान, अनु सेठ की तिकड़ी ने कांस्य पदक जीता, महिला हॉकी कांस्य पदक झारखंड ने पंजाब को 1-0 से पराजित कर कांस्य पदक जीता जिसमें सोनल मिंज, रेशमी होरो, पुनीता मिंज, रीमा बखला, रेशमा सोरेंग, दीप्ति कुल्लू, मरीना, एडलिन बागे, सुबाशी हेंब्रम, निराली कुजूर, स्मिता मिंज, अल्का डुंग डुंग, अनिमा मिंज, अलबेला टोप्पो, रजनी केरकेट्टा, निशा मिंज, प्रमोदनी लकड़ा का अहम योगदान रहा वहीं कांस्य मुकाबले मैच में आठवें मिनट में किए गए प्रमोद्नी लकड़ा द्वारा किए गए एक गोल का अहम योगदान रहा।झारखंड दल के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, माननीय खेल मंत्री हफीजुल हसन, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव,झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आर.के.आनंद, जे.ओ.ए.कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, , भारतीय हॉकी संघ के भोला नाथ सिंह,अनिल जायसवाल, चंचल भट्टाचार्या, सुरेश कुमार, चीफ द मिशन शिवेंन्द्र दुबे,डिप्टी चीफ द मिशन हरभजन सिंह,बिपीन सिंह,कांटिजेंट असिस्टेंट अरविंद कुमार,योगेश प्र.यादव, झारखंड बॉलिंग संघ के आशीष झा,रितेश झा,टीम मैनेजर अरविन्द कुमार,सरस्वती,देवेंद्र सिंह,रोहित , झारखंड हॉकी संघ के विजय सिंह,रजनीश सिंह, टीम कोच सुमराय टेटे,टीम मैनेजर हिमांशु ,डॉ प्रभात शंकर समेत विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारीयों एवम खेल विभाग के अधिकारियों ने बधाई दी।

पांच सालों से जेएमएम का खाली है रांची महानगर व महिला मोर्चा का पद

प्रभात मत्र सवाददाता

रांची। झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और आजसू मूड बना कर काम करना शुरू कर दिया है। वहीं कांग्रेस, राजद, वामदल भी कार्यकर्ताओं के साथ मंथन कर रही है। लेकिन सरकार में झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस ,राजद के समर्थन के साथ काबिज तो है। मगर अपने कार्यकर्ताओं के साथ कितना मजबूत है , इसपर झारखंड मुक्ति मोर्चा को सोचने की जरूरत है। जेएमएम महागठबंधन सरकार में कुछ महत्वपूर्ण विभागों में अपने कार्यकर्ताओं को जगह तो दे पाई है। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा खुद अपनी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अपने ही पार्टी में कितना काम कर रही है यह इस बात से स्पष्ट होता है , कि पिछले करीब 5 सालों से झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के कई पदों में कार्यकर्ताओं को मौका नहीं दिया है। जिस कारण से रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुस्ताक आलम और राज्यसभा सांसद व पूर्व केन्द्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ महुआ माजी अपने स्तर से ही सभी विभागों के कार्यकर्ताओं को लेकर काम करते या भाजपा सरकार के विरोध करते हुए सड़कों पर देखा जा सकता है।

महत्वपूर्ण पदों पर नहीं है पदाधिकारी

खासकर झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर में आज से करीब पांच साल पहले देखेंगे तो इस पद पर अध्यक्ष पद पर पवन जेडिया , रांची महानगर महिला मोर्चा के पद पर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ महुआ माजी, रांची जिला महिला अध्यक्ष चिंतामणि सांगा , रांची महानगर प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक विभाग, झारखंड मुक्ति मोर्चा ओबीसी विभाग, झारखंड मुक्ति मोर्चा बुद्धिजीवी विभाग, झारखंड मुक्ति मोर्चा अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा विभाग, झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला विभाग में पार्टी कार्यकर्ताओं को ही पदाधिकारी बनाते थे । और इसी कार्यकर्तागण की बदौलत और उनके काम करने की तरीके के दम पर ही 2019 में झारखंड मुक्ति मोर्चा भाजपा जैसी बड़ी पार्टी को झारखंड से उखाड़ फेंकने में अपनी अहम योगदान दिया था । जैसे ही झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार 29 दिसंबर 2019 को कांग्रेस ,राजद के समर्थन में शपथ लिया, इसके बाद कार्यकर्ताओं में एक जोश था कि उन्हें बड़े मौके दिए जाएंगे, बड़ी जिम्मेदारी दिए जाएंगे । लेकिन धीरे-धीरे खत्म होता चला गया। सरकार बनने के बाद 2020-21 कोविड संक्रमण काल रहा 22 में थोड़ा सुधार हुआ, सरकार काम करना शुरू किया । लेकिन अभी तक रांची ग्रामीण क्षेत्र में सिर्फ पदाधिकारी नियुक्त किया गया। बाकी पदों में पदाधिकारी नहीं होने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। यदि ऐसी स्थिति रही तो झारखंड मुक्ति मोर्चा को काम करने में भविष्य में दिक्कतें होंगी , क्योंकि अब चुनाव नजदीक है , ऐसे में झारखंड मुक्ति मोर्चा को जल्द ही इस पर निर्णय लेने की जरूरत है।

क्या कहा पदाधिकारी: इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि गंभीर विषय आपने उठाया है। इस पर हम लोग मंथन करेंगे और बहुत जल्द जिन जिन पदों में हमारे पार्टी कार्यकर्ता नहीं है, उनको ज़िम्मेदारी दी जाएगी, ताकि वे बेहतर तरीके से जमीनी स्तर पर काम कर सके। हालांकि कार्यकर्तागण अभी भी काम कर रहे हैं, जनता से जुड़े हुए हैं.लेकिन इसमें और तेजी लाने की जरूरत है।

दो संदेही आतंकियों को एटीएस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड एटीएस ने आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़े दो संदेही आतंकियों को अरेस्ट किया है।

गिरफ्तार संदेही आतंकियों के नाम मो. आरिज हसनैन और मोहम्मद नसीम बताये गये। हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाले मोहम्मद नसीम को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया। वहीं, गोड्डा के रहमत नगर के रहने वाले मो. आरिज हसनैन को गोड्डा से दबोचा गया।

एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड के हजारीबाग और गोड्डा में आइएस आइएस मॉड्यूल को ऑपरेट किया जा रहा है। मिले इनपुट पर झारखंड एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा में छापेमारी की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

एटीएस दोनों से पूछताछ कर रही है।

हम सब एक परिवार के सदस्य है, आपसी सहयोग की भावना ही विकास की नींव है : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड़ कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को बीडीओ प्रताप मिंज की अध्यक्ष में प्रखंड़ कर्मियो की पहली बैठक किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यो की सफलता लगन, मेहनत और जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। हम अपने संपूर्ण दायित्व का ससमय निर्वाह करके ही आम जनों की भलाई और विकास की नई कहानी लिख सकते हैं। जनता की भलाई और क्षेत्र का विकास ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हम सभी इस भावना के साथ कि हम परिवार के सभी सदस्य विकास की राहों में आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने बैठक में सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम सरकार आपके द्वारा के संबंध में जानकारी देते हुए विभिन्न योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने अबुवा आवास योजना कि ग्राम सभा के माध्यम से सरकार के गाइडलाइन के अनुसार स्वयं सहायता समूह से जुड़े परिवार के योग्य महिलाओं का चयन किया जाना है। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, जेई अभय आशीष कोया, दुर्गा टाना भगत, सुरेश लिंडा,अनवर अंसारी, राजेश कुमार नायक, रामनाथ लोहार, पशुपालन पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन, असादुल्लाह, अनवर अंसारी, राजेश कुमार नायक, रामनाथ लोहार, सनीका नाग, शफीक आलम शाहिद,पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व जन सेवक सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

टाटीसिल्वे मंडल की आवश्यक बैठक संपन्न

नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खूँटी आगमन के मद्देनजर भा ज पा टाटीसिल्वे मंडल की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के आवास पर आयोजित कि गई। माननीय प्रधान मंत्री जी के खूँटी आगमन कि सफलता हेतू विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

इस बैठक मे मुख्य रूप से मंडल प्रभारी मनोज कुमार चौधरी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा, रुद्रेश्वर राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व महामंत्री सरजग प्रसाद,एस सी मोर्चा अध्यक्ष रंथु नायक, महिराम महतो, वीरेंद्र ओझा, गिरिधर मिश्रा, एस सी मोर्चा अध्यक्ष राम चरण पाहन इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

विधायक ने 400 फिट पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखण्ड के छोटा मुरी टुंगरी पार्क के पिछे डीएमएफटी मद से बुधवार को सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने 400 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। ग्रामीणों को यह सड़क बनाने की मांग काफी दिनों से थी। इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को आने जाने मे काफी सहुलियत मिलेगी। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेणु बाला, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, मुखिया कन्हैया लोहरा,चांद हुसैन, जयपाल सिंह, साधु महतो, चंद्र महतो, पहलु महतो,हैदर, शिशुपाल महतो,शिवनाथ महतो,लक्ष्मण महतो,सबिता पोद्दार,समेत काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल छात्रों का मंथन रिडक्स के सातवें संस्करण में शानदार प्रदर्शन

नामकुम : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने मंथन रिडक्स के सातवें संस्करणः ऑनलाइन साहित्यिक संवाद-2023 के विभिन्न आयोजनों में बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में 7 राज्यों के 22 स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। कक्षा 8 की प्रत्युषा प्रेष्टि लकड़ा को व्हर्ल-ए योगा और डांस डायलॉग प्रतियोगिता के लिए सबसे होनहार कलाकार का पुरस्कार दिया गया। कक्षा 11 के अतिशय सिंह और कक्षा 10 की प्रज्ञाश्री होता ने अंग्रेजी रचनात्मक लेखन श्रेणी (ओवरऑल डेलिगेशन) में दूसरा स्थान हासिल किया।

क्रिकेट खेल के क्षेत्र में एनके प्रबंधन सराहनीय कार्य कर रही

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल में क्रिकेट खेल के क्षेत्र में एनके प्रबंधन सराहनीय कार्य कर रही है.अपनी टीम के प्रति समर्थन और जोश यहां के दर्शकों ने जो दिखाया है वह खेल के रोमांच को और बढ़ाता है यही वजह है कि सीसीएल का हर क्रिकेट खिलाड़ी एनके एरिया में मैच खेलने के लिए उत्साहित रहते हैं.उक्त बातें सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा ने कही.वे डकरा स्टेडियम में बुधवार को सीसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे.उन्होनें प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीम के खिलाड़ियों के खेल भावना की प्रशंसा की और शानदार आयोजन के लिए एनके प्रबंधन की सराहना की.इसके पहले डकरा पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया.समारोह की अध्यक्षता महाप्रबंधक संजय कुमार, संचालन अशोक कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुमार ने किया.इस अवसर पर आदिल हुसैन, अनील कुमार सिंह, लोकनाथ राणा सहित सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं एनके एरिया के सभी अधिकारी मौजूद थे.

अड़की में हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता): शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल महोत्सव 2023 के शुभारंभ होते ही बुधवार 8 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा के ननिहाल दक्षिणी अड़की के चलकद स्थित हॉकी मैदान में मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक और स्व. रमेश सिंह मुंडा के सुपुत्र विकास कुमार मुंडा जी के अड़की प्रखंड प्रतिनिधि मनोज मंडल जी ने किया। ज्ञात हो कि शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल महोत्सव उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित की जाती है जिसमें खेल के विभिन्न स्पर्धाओं में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, कैरम, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज आदि में तमाड़ विधानसभा के तीन प्रखंड बुंडू तमाड़ अड़की के तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा का जौहर दिखाने के लिए एक बड़ा मंच दिया गया है।

बिरसा दीप फाउंडेशन ने उलिहातु स्थित विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच बैग वितरण किया

अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता): खुंटी जिले के अड़की प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय में बुधवार को स्वयं सेवी संस्था बिरसा दीप फाउंडेशन के बैनर तले विद्यालय के छात्र छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बिरसा दीप फाउंडेशन के अध्यक्ष मिथुन कुमार वर्मा, सचिव अमित कुमार, उपाध्यक्ष राहुल चौहान और कोषाध्यक्ष अशोक रजवार ने बारी बारी से छात्र छात्र-छात्राओं का हाल चाल जाना अपना परिचय दिया छात्र छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त किया उनकों शैक्षणिक जीवन में लक्ष्यों के निर्धारण के प्रति जागरूक किया,जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया, और बारी बारी से सभी छात्रों के बीच उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए बिरसा दीप फाउंडेशन के सदस्यों और विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्कूल बैग दिया गया। ज्ञात हो कि विगत छह वर्षों से स्वयं सेवी संस्था बिरसा दीप फाउंडेशन शिक्षा, समाजिक कार्य, कृषि, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में विकास के लिए कार्य कर रही है।

इनमोसा ने शोकसभा आयोजित कर माइनिंग सरदार को दी श्रद्धांजलि

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे बुधवार को शोकसभा का आयोजन किया गया।शोकसभा मे पिपरवार यूनिट के माइनिंग सरदार स्व राम विजय सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया गया, साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्व राम विजय सिंह एक कर्तव्यनिष्ट सुपर वाइज़र थे।उनके आकस्मिक निधन से पूरा इनमोसा परिवार मर्महात है।इस दुख की घड़ी मे संगठन पीडित परिवार के साथ मजबूती से साथ खडी है।शोकसभा मे मुख रुप से अध्यक्ष एसडी राम,सचिव अनिल कुंवर,इकबाल हुसेन, एसके सिंह,रुपलाल महतो, सुरेश महतो,ईश्वर पाहन, मनोज कुमार सिंह,केपी यादव,जोनसन तिर्की,प्रकास तिर्की,मनीष बोदरा,जोधन प्रसाद,सिधनाथ सिंह,व्याकुल सेठ,भुनेश्वर ऊरांव,दीपक ऊरांव,रजी अहमद,रवि कुमार रविदास सहित काफी संखया मे लोग मौजुद थे।

विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर तरवा से हेंदेगीर होते हुए पताल तक पथ निर्माण की मिली स्वीकृति

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के तरवा से हेंदेगीर होते हुए पताल तक की लगभग 19 किलोमीटर पथ का निर्माण यथाशीघ्र शुरू होगा।इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।उक्त सड़क निर्माण के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल एवं अनुशंसा पर लगभग 18 करोड़ 71 लाख की लागत से सड़क का निर्माण कराया जाएगा।इस संबंध मे विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और बहुत जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा।विगत दिनों ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र भेजकर विधायक अंबा प्रसाद ने सड़क की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए बताया था कि उक्त सड़क काफी जर्जर है एवं ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है।जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे दुर्घटना होती है और लोग घायल हो जाते हैं।इसलिए प्राथमिकता के आधार पर सड़क का निर्माण कराया जाए।इधर सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान होने पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता समेत कई लोगों ने आभार व्यक्त किया।आभार व्यक्त करने वालों में मोहन करमाली, रंजीत तूरी,सिकंदर साव, भोला साव,राजेश साव, सुभास साव,बसंत गुप्ता, उमेश यादव,संतोष यादव, गुडु गंझु,विकास कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

दीपावली और छठ पूजा को लेकर पिपरवार पुलिस सर्तक

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में दीपावली और छठ पूजा को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।पूजा को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा शरारती तत्व एवं मनचलों पर पैनी नजर रखी जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में पिपरवार पुलिस की टीम पुरे थाना क्षेत्र मे गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।उन्होने थाना क्षेत्र के सभी लोगो से दीपावली और छठ पूजा पर क्षेत्र में पूर्व की भाँति शांति व्यस्था बनाये रखने तथा छठ पूजा को लेकर साफ़ सफ़ाई रखने की अपील की।उन्होंने कहा कि दीपावली,काली पूजा और छठ पूजा को लेकर पिपरवार पुलिस के द्वारा शरारती तत्वों पर कड़ी नज़र रख रही है।किसी भी प्रकार के आपसी सौहार्द बिगड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पूजा मनाने और किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

जुआड़ियो पर गिरेगी पुलिस की गाज : दीपावली के मौके पर कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों सहित आवासीय कॉलोनी में जुआड़ियो का अड्डा लगता है,ऐसे में कई आपराधिक घटना भी होती है जिसको लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र में जुआ खेलने और खेलाने वालों पर पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के द्वारा लगातार इसके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।जुवा खेलने और खिलवाने वालों पर पुलिस की पैनी नज़र है और पकड़े जाने एंव सूचना मिलने पर उक्त लोगो पर सख्त क़ानूनी करवाई की जायगी।उन्होंने क्षेत्र के लोगो से जुआ से संबंधित गुप्त सूचना पुलिस को देने की अपील की है,साथ ही सूचना देने वालो का नाम गोपनीय रखने की बात कही है।

भाजपा नेता कमलेश राम ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग

ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा नेता व कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश राम ने श्राद्धकर्म के लिए एक गरीब परिवार का आर्थिक सहयोग किया। जानकारी के अनुसार बुढ़मू प्रखंड के सारले पंचायत अंतर्गत धवैया निवासी जगमोहन महतो के पुत्र उमेश कुमार की मृत्यु बीते कुछ दिन पूर्व एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। वे अत्यंत गरीब परिवार से थे।इसके कारण उनका परिवार श्राद्धकर्म करने में असमर्थ था। इसकी जानकारी स्थानीय कार्यकर्ताओं के माध्यम से कमलेश राम को दी गई।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष सं०- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email: {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT

(3G Award के तहत् घोषित)

Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)

(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– पिपरा कला, थानाः– सतबरवा, थाना नं0:– 126

पत्रांक 755 (H)/भू0अ0, दिनांक 02.11.2023, (पार्ट–2)

क्र0 स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
31	पिपराकला	126	1823	रैयती	टाड़–2	0.1312	31	महावीर यादव पिता रूपन यादव जाति यादव निवासी निज ग्राम	परमेश्वर राजमुणि महतो पिता स्व0 महावीर महतो
		126	1824	रैयती	टाड़–2	0.0168		तदैव	परमेश्वर राजमुणि महतो पिता स्व0 महावीर महतो
		126	1826	रैयती	टाड़–2	0.0300		तदैव	राजमुणि यादव पिता स्व0 महावीर यादवखतियानी रकबा–0.0300 ए0
32		127	1028	रैयती	धान–2	0.0793	32	मानिकचंद माझी पिता भरतचंद मांझी जाति दुसाध निवासी निज ग्राम	सुखदेव मांझी पिता मानिक चन्द्र मांझी
33		162	1822	रैयती	टांड़–2	0.1600	33	युगेश्वर यादव पिता संतोषी यादव	युगेश्वर यादव पिता स्व0 संतोषी यादव
34		178	944	रैयती	धान–2	0.0101	34	श्रीराम महतो पिता गोखुल महतो	
35		143	1017	रैयती	धान–2	0.0180	35	राजकुमार वो सुग्रीम महतो वो चन्द्रेश महतो पिता दशइ महतो वो पुनादेवी वो जयमतिदेवी वो सुमन्तीदेवी वो कालोदेवी वो चन्द्रवतीदेवी पिता दसइ महतो वो नान्हु महतो पिता छकू महतो वो रामवृक्ष महतो वो सुर्यनाथ महतो उर्फ देवइ महतो वो जयश्री महतो वो वनारसी महतो वो मदनमोहन महतो पिता कौलेश्वर महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	चन्द्रेश मेहता पिता स्व0 इकाई महतो एवं अन्य
		143	628	रैयती	धान–2	0.0840		तदैव	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो एवं अन्य
		143	629	रैयती	धान–2	0.0324		तदैव	चन्द्रेश बोस पिता स्व0 नन्दु महतो एवं अन्य
36		147	981	रैयती	धान–2	0.0067	36	रामदेव यादव वो बंधन यादव पिता भीखर यादव	वंशी यादव पिता स्व0 रामदेव महतो
37		148	604	रैयती	धान–2	0.3523	37	1.रामनंदन महतो वो जगदेव महतो पिता देवधारी महतो अंश समान जाति कुम्हार निवासी सतबरवा 2.विरेन्द्रनाथ मेहता पिता– धनुष्धारी मेहता विरेन्द्र महतो वगै0 पिता धनुषधारी महतो	विरेन्द्रनाथ मेहता सुरेन्द्र मेहता पिता धनुषधारी महतो एवं अन्य
38		155	764	रैयती	धान–2	0.1546	38	रामवृक्ष साहु वो अमरजीत साहु पिता रामदेव साहु अंश समान वो छत्रधारी साहु वो निहारा साहु वो प्रयाग वो बीरबल पिता रघुनंदन साहु 1 अंश समान वो जगधर साहु पिता महगु साहु 1 अंश जाति तेली निवासी कसियाडीह	1. कृष्णा प्रसाद साहु पिता स्व0 अमरजीत साहु वगैरह रकबा–0.1375 ए0 2. बलराम महतो सेखर कुमार पिता स्व0 तपसी महतो रकबा 0.0171 ए0
39		156	627	रैयती	धान–2	0.0635	39	रामवृक्ष महतो पिता कौलेशर महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	अशोक जयप्रकाश सुदामा कमलेश पिता स्व0 अमारिक मेहता एवं अन्य
		156	646	रैयती	धान–2	0.0098		तदैव	अशोक जयप्रकाश सुदामा कमलेश पिता स्व0 अमारिक मेहता एवं अन्य
40		159	638	रैयती	धान–2	0.1618	40	रामवृक्ष महतो वो देवइ उर्फ सूर्यनाथ महतो वो जयश्री महतो वो वनारसी महतो वो मदनमोहन महतो पिता कौलेशर महतो अश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम एवं अन्य	अशोक जयप्रकाश सुदामा कमलेश पिता स्व0 अमारिक मेहता एवं अन्य
41		159	641	रैयती	धान–2	0.1843	41	रामवृक्ष महतो वो देवइ उर्फ सूर्यनाथ महतो वो जयश्री महतो वो वनारसी महतो वो मदनमोहन महतो पिता कौलेशर महतो अश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	संत कुमार मेहता पिता स्व देवई महतो एवं अन्य
		159	644	रैयती	धान–2	0.3844		तदैव	रामलखन महतो वगैरह पिता स्व0 मदन मोहन महतो एवं अन्य
		159	1841	रैयती	टाड़–2	0.4700		तदैव	रामलखन राधिका महतो पिता स्व0 मदन मोहन महतो एवं अन्य खतियानी रकबा–0.4700 ए0
		160	952	रैयती	धान–2	0.0981		तदैव	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो एवं अन्य
		160	938	रैयती	धान–2	0.1203		तदैव	विजय महतो वगैरह पिता स्व0 जैश्री महतो एवं अन्य
		160	1808	रैयती	टाड़–2	0.5821		तदैव	संत कुमार मेहता पिता स्व देवई महतो एवं अन्य
42		160	815	रैयती	धान–2	0.1621	42	1. रामवृक्ष महतो वो देवइ उर्फ सूर्यनाथ महतो वो जयश्री महतो वो वनारसी महतो वो मदनमोहन महतो पिता कौलेशर महतो अश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम 2. केदार महतो पिता गुलाबी महतो	1. केदार यादव पिता स्व0 गुलाबी यादव रकबा–0.0221 ए0 2. सर्वनाथ मेहता पिता स्व0 जैश्री मेहता रकबा–0.1400 ए0
43		181	1859	रैयती	टाड़–2	0.0250	43	रामजवित महतो पिता जगेश्वर	मकान
44		162	1822	रैयती	टाड़–2	0.0600	44	1 रूपधारी महतो वो अरविन्द महतो पिता महादेव महतो 2 गुप्तेश्वर प्रसाद पिता स्व. संतोषी यादव	1. युगेश्वर यादव पिता स्व0 संतोषी यादव रकबा– 0.1600 ए0 2. रूपधारी महतो वगै0 रकबा– 0.060 ए0
45		162	1825	रैयती	टाड़–2	0.0348	45	रूपधारी महतो वो अरविन्द महतो पिता महादेव महतो अंश सामान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	रूपधारी महतो पिता स्व0 महादेव महतो एवं अन्य
		162	1843	रैयती	टाड़–2	0.1119		तदैव	रूपधारी महतो पिता स्व0 महादेव महतो एवं अन्य
46		168	931	रैयती	धान–2	0.0113	46	लोधर उरॉव वो धनी उरॉव वो बचु उरॉव पिता एता उरॉव 1 अंश समान वो तुलसी उरॉव वो जमुना उरॉव पिता जीतन उरॉव 1 अंश समान जाति उरॉव निवासी निज ग्राम	लोधर उरॉव वो धनी उरॉव वो बचु उरॉव पिता एता उरॉव 1 अंश समान वो तुलसी उरॉव वो जमुना उरॉव पिता जीतन उरॉव 1 अंश समान जाति उरॉव निवासी निज ग्राम एवं अन्य
		168	930	रैयती	धान–2	0.0017		तदैव	तदैव
47		169	762	रैयती	धान–2	0.0600	47	लोधर उरॉव वो धनी उरॉव वो बचु उरॉव पिता एता उरॉव 3 अंश समान वो जगत वो झरी पिता हलकन 2 अंश समान वो लच्छावा वो लक्ष्मीपिया पिता नेकू उरॉव 1 अंश समान वो तुलसी उरॉव वो जमुना उरॉव पिता जीतन उरॉव 6 अंश समान वो बालसुन्दर वो रामवृक्ष पिता चमरू 3 अंश समान वो विनधेशर वो महेशर पिता माना 3 अंश समान वो लालजी वो रामजी वो गजन पिता लोटन 3 अंश समान वो भीकवादेवी पिता देवा उरॉव 3 अंश वो बखोरी उरॉव पिता माहवीर उरॉव 6 अंश वो हलखोरी उरॉव पिता हरवंश उरॉव 6 अंश जाति उरॉव निवासी निज ग्राम टोला परसही	जगतर उरांव वगैरह पिता स्व0 बच्चु उरांव तीरू उरांव पिता स्व0 रामवृक्ष उरांव खतियानी रकबा– 0.0600 ए0 एवं अन्य
		169	965	रैयती	धान–2	0.2900		तदैव	निर्मल उरांव पिता स्व0 तुलसी उग्रव मजुना उरांव वगैरह जबातर उरांव वगैरह सुबेदार उराव पिता स्व0 विनेश्वर उरांव विमल उरांव प्रभु उराव पिता स्व0 मेमा उरांव कुलेश्वर उरांव पिता स्व0 सुरज उरांव बाबुलाल उरांव पिता स्व0 रामजी उरांव खतियानी रकबा– 0.2900 ए0
		169	756	रैयती	धान–2	0.0835		तदैव	जगतर उरांव वगैरह पिता स्व0 बच्चु उरांव एवं अन्य
		169	757	रैयती	धान–2	0.0850		तदैव	तीरू उरांव पिता रामवृत उरांव बाबुलाल उराव वगैरह पिता स्व0 रामजी उरावं एवं अन्य
		169	758	रैयती	धान–2	0.0598		तदैव	जगतर उरांव वगैरह पिता स्व0 बच्चु उरांव एवं अन्य
48		63	1010	रैयती	धान–2	0.0501	48	शंभु कुमार मेहता शंकर कुमार मेहता पिता बेलास महतो	
49		180	646/2 343	रैयती	धान–2	0.1087	49	सखीचंद साहु पिता गयादत्त साहु 1 अंश वो मोती लाल साहु पिता नवल किशोर साहु 2 अंश	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो (विवादित)
50		75	976	रैयती	धान–2	0.6464	50	1 शंभु कुमार मेहता शंकर कुमार मेहता पिता बेलास महतो 2 प्रभु महतो सुरेश,अजय,संजय महतो पिता स्व0 कैलाश महतो	
51		177	766	रैयती	धान–2	0.1663	51	शिवलोचन महतो पिता सुकन महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	जगदीस महतो मुनेश्वर महतो पिता स्व0 सिलोच महतो
		177	767	रैयती	धान–2	0.1682		तदैव	जगदीश महतो मुनेश्वर महतो पिता स्व0 सिलोच महतो
		177	770	रैयती	धान–2	0.0536		तदैव	जगदीश महतो मुनेश्वर महतो पिता स्व0 सिलोच माहतो
52		184	1838	रैयती	टाड़–2	0.1201	52	सीताराम महतो पिता लालजी मेहतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम	सीताराम महतो पिता स्व0 लालजी महतो रामेश चंर्द महतो पिता स्व0 नागेश्वर महतो मकान राकेश चन्द्र मेहता
		184	1845	रैयती	टाड़–2	0.0568		तदैव	सीताराम महतो पिता स्व0 लालजी महतो सुरती देवी पिता सीताराम महतो
53		111	1850	रैयती	टाड़–2	0.1307	53	सुचीन्ता देवी पति बिरेन्द्र महतो	विरेन्द्र मेहता पिता स्व0 डोमन महतो
54		102	610	रैयती	धान–2	0.0548	54	सुरेश्वर प्रसाद कुशवाहा पिता स्व0 जुगेश्वर महतो	
55		181	816	रैयती	टाड़–2	0.2204	55	सुरजदेव यादव वगै0 पिता गणेश यादव	राकिशोर सुर्यदेव यादव पिता गणेश यादव
56		28	1800	रैयती	टाड़–2	0.0195	56	सुर्यदेव यादव राजकिशोर यादव पिता गणेश यादव	म्कान राजकिशोर यादव
57		183	768	रैयती	धान–2	0.0474	57	संतोखी महतो पिता मुखन महतो 1 अंश वो वीपत महतो पिता जीतन महतो 1 अंश	दशरथ यादव दलु यादव पिता स्व0 विपत महतो एवं अन्य
58		183	1787	रैयती	टाड़–2	0.1262	58	संतोखी महतो पिता मुखन महतो 1 अंश वो वीपत महतो पिता जीतन महतो 1 अंश 2 दलु यादव पिता स्व0 विपत महतो	युगेश्वर रामनाथ सोहन यादव पिता स्व0 सेतोखी यादव एवं अन्य
		183	1820	रैयती	टाड़–2	0.0719		तदैव	सोहन यादव पिता स्व0 सेतोखी यादव एवं अन्य
		183	1818	रैयती	टाड़–2	0.0049		तदैव	दशरथ यादव दलु यादव पिता स्व0 विपत महतो एवं अन्य
59		146	759	रैयती	धान–2	0.1497	59	राधा साह पिता हरीचरण साह 1 अंश वो गोपाल साह पिता भुनेश्वर साह 1 अंश जाति तेली निवासी सतबरवा सस्कृत महतो वगै0 पिता रामचन्द्र मेहता	रविन्द्रं कुमार मेहता पिता स्व0 संस्कृत मेहता विजय महतो वगैरह पिता स्व0 जैयश्री महतो
60		146	951	रैयती	धान–2	0.2500	60	राधा साह पिता हरीचरण साह 1 अंश वो गोपाल साह पिता भुनेश्वर साह 1 अंश जाति तेली निवासी सतबरवा	मृत्युजंय कुमार मेहता विजय कुमार मेहता पिता स्व0 बनारसी महतो खतियानी रकबा– 0.2500 ए0
61		195	964	रैयती	धान–2	0.1885	61	हरिचरण सिंह वो मन्दु सिंह पिता किनु 4 अंश समान वो परमेश्वर सिंह वो रमेश्वर सिंह वा सोहराइ सिंह पिता टीपु सिंह 2 अंश समान वो रोइनीदेवी वो मोघवादेवी पिता भैरो सिंह 6 अंश समान वो मुसमात जसमतीया पति हरदयाल सिंह 3 अंश वो बीगु सिंह पिता रामधन सिंह 3 अंश जाति खरवार निवासी निज ग्राम	उमेश सिंह पिता स्व0 राजेश्वर सिंह एवं अन्य
		195	626	रैयती	धान–2	0.0056		तदैव	अशोक जयप्रकाश सुदामा कमलेश पिता स्व0 अमारिक महता (विवादित)
					कुल	6.7746			

PR 310942
Palamu (23-24)_D

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

जीप और सिट्रोएन ने जमशेदपुर में अपने नए पार्टनर 'भलोटिया ग्रुप' के साथ मल्टी-ब्रांड डीलरशिप खोली

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जीप और सिट्रोएन ने भारत के पूर्वी हिस्से में अपनी पहुँच बढ़ाते हुए जमशेदपुर में भलोटिया जमशेदपुर डीलरशिप का उद्घाटन किया है। इस मल्टी-ब्रांड डीलरशिप में जीप और सिट्रोएन कारों का मजबूत पोर्टफोलियो एक ही छत के नीचे मिलेगा। यहाँ पर आईसीई (पेट्रोल व डीज़ल) और ईवी (इलेक्ट्रिक) रेंज के वाहनों का विस्तृत पोर्टफोलियो उपलब्ध होगा, जो विभिन्न सेगमेंट्स में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। जमशेदपुर में महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित यह 3एस सुविधा 6000 वर्ग फुट में फैली हुई है। यहाँ पर सिट्रोएन पोर्टफोलियो में सी3 एयरक्रॉस एसयूवी, ई-सी3, सी5 एयरक्रॉस एसयूवी, और सी3 के साथ ओ4 जीप नेमप्लेट में ग्रैंड चेरोकी, रैंगलर, मेरिडियन और कंपास की पूरी श्रृंखला मिलेगी। यहाँ पर 20,000 वर्ग फुट में फैली एक समर्पित वर्कशॉप है, जहाँ अत्यधिक प्रशिक्षित सर्विस प्रोफेशनल्स ग्राहकों को विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक डायग्नोस्टिक एवं रिपेयर टूल्स की मदद से स्पेयर पार्ट्स और शानदार सर्विस प्रदान करते हैं। नए डीलर पार्टनर का स्वागत करते हुए, जीप इंडिया ऑपरेशंस के हेड, और स्टेलेंटिस इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आदित्य जयराज ने कहा, आर्थिक विकास की दृष्टि से झारखंड मुख्य राज्यों में आता है, इसलिए यह हमारे लिए एक आकर्षक बाजार है।

गम्हरिया के नए थाना प्रभारी का हुआ स्वागत

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को गम्हरिया के नए थाना प्रभारी के रूप में 2012 बैच के तेज तर्रार इंस्पेक्टर आलोक दुबे ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सुषमा कुमारी का स्थान लिया है। इससे पूर्व वे सरायकेला के सर्किल इंस्पेक्टर और आदित्यपुर के थाना प्रभारी रह चुके हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद थाना में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने गुलदस्ता प्रदान कर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा नेता मनोरंजन सिंह, पूर्व पार्षद सोनू सिंह, आज़ाद कुमार आदि शामिल थे। इस मौके पर श्री दुबे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपराधियों पर अंकुश लगाना है ताकि क्षेत्र के लोग अमन चैन से रह सकें। उन्होंने कहा कि आपसी सामंजस्य से सभी को साथ लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल रखने पर उनका ध्यान केंद्रित रहेगा।

एक्सआईटीई कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया में एएएसजी आई हॉस्पिटल के सौजन्य से छात्र कल्याण और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत बुधवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्रों और कर्मचारियों के लिए आयोजित इस शिविर में एक सौ से अधिक लोगों की नेत्र जांच की गई। इस मौके पर उपस्थित संस्थान के उप प्राचार्य फादर मुक्ति ने अपने सम्बोधन में मानव शरीर मे नेत्र के महत्व के बावत बताया। इस मौके पर विलियम डुंगडुंग, अलबन केरकेट्टा, सरजू सिंह समेत संस्थान के कई कर्मचारी मौजूद थे। शिविर के सफल आयोजन में कॉलेज के ब्रांडिंग व संचार प्रमुख आशीष सिंह का अहम योगदान रहा।

कई दिनों बाद पुनः चली टाटा-बड़काखाना ट्रेन लोगों में खुशी

तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): चांडिल मुरी रेल खंड में अहम भूमिका निभाने वाली टाटा बड़काखाना ट्रेन पिछले एक सप्ताह से बंद रहने के कारण चांडिल से मुरी भाया तिरूलडीह के लोगो को टाटा जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। एक प्रकार से इन ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का संपर्क शहर से टूट ही गया था। वही बुधवार से पुनः इस ट्रेन के चलने से सुइसा, तिरूलडीह, लेटेमदा, हेसलोंग, झिमड़ी,आदि स्टेशनों में पैसेंजर के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। वही सिंहभूम कॉलेज चांडिल जाने वाले स्टूडेंट्स भी खुशी से झूम उठे क्यों कि इस ट्रेन के बंद रहने से पिछले एक सप्ताह से उनका कॉलेज जाना भी बंद हो गया था। टाटा बड़काखाना ट्रेन चलने से स्थानीय सब्जी बाजारों में फिर से रौनक लौट आयी है ।

राजकुमार सिंह ने सबर परिवारों में बांटे दीपावली के उपहार

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): दीपावली के मौके पर बुधवार को भाजपा नेता सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बोड़ाम प्रखंड के पाकोटोड़ा स्थित सबर टोला पहुंचकर आदिम जनजाति परिवार के बीच मिठाई, दीया, बत्ती, तेल और पटाखों का वितरण किया। मौके पर मौजूद पारा लीगल वोलेंटियर निताई चंद्र गोराई व नंदा रजक ने बताया कि दलमा की तलहटी पर बसे इस गांव के लोगों के समक्ष काफी समस्याएं हैं। वर्षों पूर्व बने बिरसा आवास पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में है जिसके कारण बरसात एवं जाड़े के मौसम में काफी कष्टों का सामना करना पड़ता है। रोजगार का कोई साधन नहीं होने से किसी भी त्योहार को सही ढंग से नहीं मना पाते सबर समुदाय के लोग। ऐसे में दीपावली व टुसू पर्व में अगर कहीं से मदद मिले तो उनके लिए इससे और बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है। इस संबंध में भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का नारा दिया था और उनके आदर्शों पर चलकर ही आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े सबर समुदाय के लोगों के बीच खुशियां बांटने का काम किया। पीएम नरेंद्र मोदी की सोच है कि लोकल को बढ़ावा मिले इसलिए गांव के कुम्हार भाइयों से दीए खरीदकर बांटा गया।

उपायुक्त के अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति (प्राथमिक शिक्षा) की बैठक आहूत की गई। जिला शिक्षा अधीक्षक चालर्स हेमब्रम द्वारा समिति सदस्यों को बताया कि शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से 201 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमे जिला अंतर्गत 159 तथा अंतर जिला हेतू 43 आवेदन है।जिनमे 102 आवेदन पुरुष एवं 99

आवेदन महिला शिक्षकों से के प्राप्त हुआ है। बिंदुवार चर्चा कर मेडिकल जाँच एवं शिक्षकों द्वारा अपलोड किए गए साक्ष्य के जांचोपरांत 21 आवेदन जिसमें पुरुष-09 एवं महिला- 12 आवेदन रिजेक्ट किया गया है। उपायुक्त एवं अन्य समिति सदस्यों द्वारा बिंदुवार चर्चा कर सर्व सहमति से शेष 180 आवेदन (महिला- 93 पुरुष- 87) पर विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में स्थानांतरण हेतू विभाग को अनुशंसित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

योग गुरु अंशु को मंदाकिनी ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : देश दुनिया मे योग का प्रचार-प्रसार और इसके माध्यम से लोगों को निरोग रखनेवाले अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु सह वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगा के इंडिया चैप्टर अध्यक्ष अंशु सरकार को फ़िल्म अभिनेत्री मंदाकिनी ने सम्मानित किया. ज्ञात हो कि मंदाकिनी कल एक्सएलआरआई में आयोजित चतुर्थ झारखंड नेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में बतौर अतिथि शामिल होने आई थीं. मंच पर श्री सरकार को सम्मानित करने के उपरांत मंदाकिनी ने अंशु द्वारा योग के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा अंशु के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. श्री सरकार ने भी मौके पर उनका तथा आयोजकों की ओर से मंदाकिनी के हाथों सम्मानित किए जाने पर आयोजक राजू मित्रा, संजय सत्पथी, पुरोबी घोष सहित अन्य का आभार जताया.

खुंटपानी में झारखंड स्पोर्टिंग क्लब का पांच दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : बुधवार को झारखंड स्पोर्टिंग क्लब खुंटपानी के तत्वाधान में नया फुटबॉल मैदान परिसर में पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा, समाजसेवी सिकंदर जामुदा, विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाडिया, पंचायत समिति सदस्य मंगल सिंह पुरती, झामुमो नेता ज्योति बोदरा आदि ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच म्यूजिक एक्सप्रेस एवं जोटो बाबा

फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। जिसमें 0-1 गोल से म्यूजिक एक्सप्रेस फुटबॉल क्लब विजेता बनकर क्वार्टर फाइनल में अपना जगह बना लिया। इस मौके पर आयोजन समिति के फंटुस हेंब्रम, जोंकों कांडेयांग, सातरी कांडेयांग, मुकेश मुगल, विश्वनाथ कांडेयांग, गोमिया कांडेयांग, रेंटो हेंब्रम, रामसिंह कांडेयांग, कॉमेंटेटर लेविया हाईबुरू, अजय देवगम समेत काफी संख्या में खिलाड़ी व ग्रामीण मौजूद थे।

सभी पत्रकार संगठनों को एक मंच पर लाने की कवायद शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

जगन्नाथपुर : झारखण्ड में पत्रकार हित की मांगों पर ठोस कदम उठाने के लिये जेजेडब्लूए, सरायकेला प्रेस क्लबऔर एआईएसएमजेडब्लूए ने मिलकर एक पहल शुरू कर दी है. कल देर रात इस विषय को लेकर एक बैठक जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां में संम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से एसोसिएट जर्नलिस्ट एसोसिएशन का गठन पर चर्चा हुई. पत्रकार एकजुटता के अभियान का प्रारम्भ विश्व प्रेस दिवस 16 नवंबर 2023 से होगा और फिर दिसम्बर 2023 में राज्य स्तरीय पत्रकार

समागम का एक विराट कार्यक्रम एसोसिएट जर्नलिस्ट एसोसिएशन (अजा) के बैनर तले होगा. इस गठन को लेकर बैठक में शामिल हुये एआईएसएमजेडब्लूए के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया, सरायकेला प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, जेजेडब्लूए के संस्थापक मधुरेश वाजपेयी, प्रदेश महासचिव सुनील पांडे, प्रदेश प्रवक्ता राकेश मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी।

घाघीडीह जेल प्रशासन में कवि सम्मेलन का आयोजन आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : खुशियों पर हक उन बंदियों का भी होना चाहिए जो सालों महीनों से कारावास में जीवन जीने पर विवश हैं। इसी उद्देश्य से केंद्रीय कारागार घाघीडीह जेल अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कवि सम्मेलन का आयोजन 9 नवंबर गुरुवार को किया है। कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा। इस कविसम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि हास्य रस के संचालक की भुमिका में कुमार संजय के नेतृत्व में कारागृह में काव्य की धारा बहेगी। साथ ही सुप्रसिद्ध कवि रायपुर से अजय अटापट्टू की उपस्थिति सुनिश्चित हुई हैं। कविगणों में संतोष चौबे, अंकिता सिन्हा, सुनिता बेदी, सोनी सुगंधा एवं पूनम स्नेहिल शिरकत करेंगे।

चीतरी गांव में दर्जनों ग्रामीण डायरिया से पीड़ित, चिकित्सकों का टीम पहुंचा गांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चीतरी गांव में दर्जनों ग्रामीण डायरिया से पीड़ित हैं। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ के चिकित्सकों का टीम चीतरी गांव पहुंचे व डायरिया पीड़ितों का घर घर जाकर दवा का वितरण किया। उप मुखिया संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक महिला लक्खी प्रिया जमशेदपुर के मर्सी नर्सिंग होम के आईसीयू में भर्ती हैं व शंकरी सिंह भी मर्सी नर्सिंग होम में इलाजरत है। उन्होंने कहा कि शिशु पाल सिंह का इलाज गम्हारीया के गंगोत्री नर्सिंग होम में चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज किशोर सिंह,नीरू बाला सिंह एवं झरना सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ में भर्ती कराया गया है। गांव में ही 5 डायरिया पीड़ितों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 108 एंबुलेंस ईचागढ़ में नाकाम है। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डा अनुपम घोषाल ने बताया कि चीतरी गांव में पुरे टीम के साथ चिकित्सा शिविर लगाया गया एवं ओआरएस व दवा दिया गया। उन्होंने लोगों को ताजा व गर्म भोजन करने एवं पानी को उबालकर पीने का अपील किया। मौके पर चिकित्सा कर्मी रोशन झां,उप मुखिया संतोष कुमार सिंह,एन एम आदि उपस्थित थे।

वन विभाग ने लगाया शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक स्थित सितु पंचायत सचिवालय में बुधवार को वन विभाग की ओर से हाथी द्वारा फसलों आदि का क्षतिपूर्ति का आवेदन जमा करने के लिए शिविर लगाया गया। आवेदन जमा करने का शिविर में कुल 20 किसानों ने हाथीयों द्वारा फसल क्षति किए जाने का आवेदन दिया। चांडिल वन क्षेत्र की ओर से क्षेत्र में पहली बार ऐसा शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सविता महतो के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा प्रति बुधवार एवं शनिवार को शिविर लगाकर क्षति फसलों, घरों आदि का मुआवजा हेतु आवेदन जमा करने के शिविर लगाया जा रहा है। हालांकि पहली बार शिविर लगने से मात्र 20 आवेदन ही दिया गया। वहीं पूर्व मुखिया पंचानन पातर ने बताया कि हाथी द्वारा फसल क्षति व घरों को क्षतिग्रस्त किए जाने से ग्रामीणों को वन विभाग के कार्यालय में आवेदन करना पड़ता है एवं वन विभाग से जमीन का सत्यापन हेतु अंचल कार्यालय भेजा जाता है, जिससे सरकारी प्रक्रिया से गुजरने में और मुआवजा मिलने में काफी समय लग जाता था। मौके पर पंसस अरूण महतो, मुखिया लक्ष्मी देवी, हल्का कर्मचारी मंगल चन्द्र हेम्ब्रम,वन रक्षी कैलाश महतो आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड चेस अकादमी में ग्रांड मास्टर एम एस तेज कुमार का हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : चेस खेल के क्षेत्र मे कर्नाटक राज्य में पहले और भारत देश के 50 वें ग्रांड मास्टर एम. एस तेज कुमार मंगलवार कों जमशेदपुर पहुंचे जहाँ सोनारी स्थित झारखण्ड चेस अकादमी के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया, वैसे पूर्व से ही वें इस अकादमी से जुड़े हुए हैं और खिलाडियों कों टिप्स देने हेतु वें जमशेदपुर पहुंचे. वर्ष 2019 मे इस अकादमी की स्थापना हुई थी और सैकड़ों छोटे उम्र के बच्चे यहाँ चेस खेल की ट्रेनिंग लेते हैं, इस अकादमी से कई नेशनल खिलाड़ी भी निकल चुके हैं जिनमे अधीराज मित्रा, नायरा आदित्या, रूद्र नील रॉय, दिव्यांश अग्रवाल, अक्षत चौधरी, मयन झा, आर्य श्री, ज़ाहिर अहमद, दिशिता डे, समृद्धि मजूमदार, अद्विक कुमार जैसे नाम शामिल है, ग्रांड मास्टर के अकादमी मे पहुंचते ही तमाम खिलाडियों मे खासा जोश दिखाई दिया। मौके पर ग्रांड मास्टर

एम.एस तेज कुमार ने इस दौरान अकादमी के प्रयासों और छोटे छोटे खिलाडियों के उत्साह वर्धन करते हुए कहा की वें तीसरी बार जमशेदपुर पहुंचे हैं, और पहले की अपेक्षा बच्चों मे खेल की रूचि काफ़ी बढ़ी है। इस मौके पर अकादमी के चीफ कोच दुष्यंत दास, अभिषेक दास, सहायक कोच अल्का दास समेत अकादमी के कई लोग मौजूद रहे.

खाद्य पदार्थों में संभावित मिलावट पर रोक के लिए जारी है विभागीय अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : त्योहारों के मौके पर अधिकतर खाद्य पदार्थों में संभावित मिलावट पर रोक हेतु विभागीय अभियान जारी है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी आदिती सिंह द्वारा कंदरा एवं गम्हरिया क्षेत्र में अस्थायी रूप से चलाये जा रहे विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जहां बूँदी लड्डू, मोतीचूर लड्डू , छेना मिठाई बनाकर विभिन्न खुदरा एवं छोटे मिठाई दुकानों में आपूर्ति की जाती है उनमें औचक निरीक्षण किया गया। किसी निर्माता के पास खाद्य अनुज्ञप्ति/ रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। प्रतिष्ठान संचालक कापड़ी वार्ड 1 कांडरा , हराधान पात्रा वार्ड 1, कृपा सिंधु ओझा वार्ड 1 कांडरा है। यहां बने लड्डू का लीगल नमूना ज़ब्त किया गया है। बिना लाइसेन्स के संचालन करने के लिए 2000 जुर्माना लिया गया। महंथी स्वीट्स एवं श्याम मिष्ठान भंडार से भी लीगल नमूना संग्रहित किया गया।लोक स्वास्थ्य हित को देखकर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। होटलों और

मिठाई दुकान संचालकों से अपील किया गया कि वे खाद्य पदार्थों में आकर्षण लाने हेतु स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रंगों का प्रयोग नहीं करेंगे। मिष्ठान्नो के डिस्प्ले ट्रे मे बेस्ट बिफोर/ अंतिम उपयोग की तिथी अंकित करके ही मिठाई बिक्री करने की भी हिदायत दी गई। अन्यथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती व जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर खूंटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों में भाजपा के कार्यकर्ता जोर सोर से जुट गए है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने व कार्यक्रम में सम्मिलित होने को लेकर बुधवार को स्थानीय वनविश्रामागार में पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य मालती गिलुवा एवं भाजपा

अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विजय कुमार मेलगांडी के उपस्थित में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अगामी 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती व जनजातीय गौरव दिवस पर खूंटी में आयोजित होने वाले जनसभा में सम्मिलित होने को लेकर चक्रधरपुर प्रखंड और नगर कमेटी के साथ चर्चा की गई। भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश मुंडा, जिला मंत्री अशोक दास, पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्री पवन शंकर पांडे, चाईबासा नगर प्रभारी शेषनारायण लाल, जिला कार्य समिति सदस्य संजय पासवान, शिवलाल रवानी, नगर संयोजक राजू कसेरा, प्रवास योजना विधानसभा संयोजक दीपक प्रधान, अनुसूचित जनजाति मोर्चा रवि बकिरा, पिछड़ी मोर्चा नगर अध्यक्ष विनोद शर्मा, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष जितेंद्र महतो, नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार राय, रोहित गुप्ता, नगर महामंत्री गौतम रवानी

आदिवासी गौरव दिवस कार्यक्रम को भाजपाइयों ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीमडीह : सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकडू प्रखंड समीप में प्रखंड प्रभारी मनोज कुमार महतो के अध्यक्षता में भाजपा ने आगामी 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस को लेकर बैठक आयोजित किया, झारखंड दिवस के अवसर पर आदिवासी गौरव दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में शरीक होंगे। कार्यक्रम रांची के खूंटी जिला के उलिहतु भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल पर होगा। मौके पर प्रभारी मनोज कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष भरत चंद्र महतो, जिला आईटी सेल सह प्रभारी सुमन मुखर्जी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सच्चिदानंद महतो, मंडल उपाध्यक्ष नारायण महतो, मंडल महामंत्री बासु गोप, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सनातन प्रामाणिक, मंडल उपाध्यक्ष गणेश महतो, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न माछुआ, वरिष्ठ नेता अजित सिंह, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संपादकीय

जदरांगल में सीयू मुजरिम

अब मसला केंद्रीय विश्वविद्यालय को खंडित करने का नहीं रहा, बल्कि इसके जदरांगल परिसर को खुर्द-बुर्द करने का है और यह हो चुका है। जिन्हें विश्वास था कि जदरांगल परिसर की सियासत में केवल भाजपा दोषी रही, उन्हें आंखें खोलकर देख लेना चाहिए कि कांग्रेस सरकार भी इसे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को वरदान बनाने पर उतारू है। अंततः केवल शांता कुमार ने ही जुबान खोली है, जबकि कांगड़ा से तमाम कांग्रेसी विधायक तो मीठी गोलियां चाट रहे हैं। आश्चर्य यह कि कांगड़ा के कोटे में एकमात्र मंत्री चौधरी चंद्र कुमार भी मुंह में दही जमा के बैठे हैं, जबकि कभी उनकी व सुधीर शर्मा की बदौलत धर्मशाला परिसर का प्रस्ताव बचा था। संस्थान बर्बाद कैसे हो सकते हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण केंद्रीय विश्वविद्यालय के खंडित अध्याय है। इस नासूर में पहले धूमल और फिर जयराम सरकारें रहीं और अब सुक्खू सरकार के लिए भी यह प्राथमिक उद्देश्य नहीं, वरना कब के तीस करोड़ जमा करवाकर काम शुरू हो चुका होता। भले ही सारा विश्वविद्यालय देहरा में बसा दिया जाए, इससे ऐसे संस्थान के महत्त्व में कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन गंदी सियासत की परछाइयों में रह कर उच्च शिक्षा की कई मंजिलें ध्वस्त हो चुकी हैं। अगर ऐसा नहीं है तो तमाम वे नेता जो धर्मशाला परिसर से खेलते रहे, वे जीत का एहसास कर सकते हैं और जो हारे, वे पीठ पर राजनीतिक चाबुक का प्रहार देख सकते हैं। आश्चर्य यह कि जिस क्रिकेट की हवाएं अनुराग ठाकुर को धर्मशाला में रोशनी दिखाती हैं, वह सांसद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय विश्वविद्यालय को बटोरता रहा। कुछ इसी तरह का इतिहास कांगड़ा के सांसद किशन कपूर का भी रहा, जिन्होंने बतौर विधायक सर्वप्रथम धर्मशाला में सीयू के खिलाफ अपना रवैया रचा था। हिमाचल में एम्स, आईआईएम, मेडिकल कालेज और खास तौर पर हमीरपुर के मेडिकल कालेज की इमारतें बिना किसी हुज्जत के चोटियां गिनती रहीं, लेकिन परीक्षाएं धर्मशाला में सीयू की रहीं। धूमल सरकार ने पहले इसकी प्रस्तावित जगह की मिट्टी पलीद की, फिर जदरांगल की संभावना में उनके सिपहसालार रविंद्र रवि ने अपने बयानों से इस स्थान को अपमानित किया। हैरानी यह कि जदरांगल की जमीन को मुजरिम बनाते हुए कभी केंद्रीय वन मंत्रालय के डंडे बरसाए और कभी कोलकाता के भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग के जबड़ों में इसे फंसाया। किसी तरह स्वीकृतियां मिलीं, तो अब सुक्खू सरकार ने जमीन की पैमाइश घटाकर भी तीस करोड़ के भुगतान पर ताले लगा रखे हैं। एक ओर जदरांगल परिसर के प्रति सरकार की उपेक्षा से आहत पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहे शांता कुमार आहत हैं और दूसरी ओर देहरा परिसर के निर्माण में चारों घंटे काम की रफ्तार में हर फाइल क्लीयर है। इस सबके बीच केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जो इतिहास इकट्ठा किया है, उसमें हिमाचल की प्रतिष्ठा को ही दाग लग रहे हैं। नियुक्तियों से लेकर अध्ययन की परिपाटी तक यह संस्थान एक खास स्वीकृतियों का सृजन कर चुका है, जहां विचारों की पृष्ठभूमि में एकांगी सोच का दायरा बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय के सामने हिमाचल की अर्थव्यवस्था, ट्राइबल लाइफ तथा प्राकृतिक आपदाओं पर अध्ययन व शोध के बजाय प्राथमिक विषय यह है कि जम्मू-कश्मीर की हवाओं का रुख किधर है। अभी यह घोषणा हो चुकी है कि धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय यह पता लगाएगा कि धारा 370 हटने व जम्मू-कश्मीर के बंटने के बाद वहां क्या अंतर आ रहा है, इसके ऊपर धर्मशाला सीयू शोध करेगा। धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय की जम्मू-कश्मीर की चिंता विभिन्न संगोष्ठियों में भी झलकती है, जबकि जम्मू व कश्मीर में दो अलहदा-अलहदा केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं, तथा एक अन्य संस्थान की लद्दाख के लिए भी पैरवी होती रही है। बहरहाल ताले में बंद धर्मशाला परिसर के साथ होती रही अनवरत राजनीति में अब सुक्खू सरकार का नाम भी जुड़ रहा है। शिक्षा में ऐसे अभिप्राय का असर अंततः छात्र समुदाय को ही अनिश्चितता में धकेलता है।

> अंततः केवल शांता कुमार ने ही जुबान खोली है, जबकि कांगड़ा से तमाम कांग्रेसी विधायक तो मीठी गोलियां चाट रहे हैं। आश्चर्य यह कि कांगड़ा के कोटे में एकमात्र मंत्री चौधरी चंद्र कुमार भी मुंह में दही जमा के बैठे हैं, जबकि कभी उनकी व सुधीर शर्मा की बदौलत धर्मशाला परिसर का प्रस्ताव बचा था। संस्थान बर्बाद कैसे हो सकते हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण केंद्रीय विश्वविद्यालय के खंडित अध्याय है। इस नासूर में पहले धूमल और फिर जयराम सरकारें रहीं और अब सुक्खू सरकार के लिए भी यह प्राथमिक उद्देश्य नहीं, वरना कब के तीस करोड़ जमा करवाकर काम शुरू हो चुका होता। भले ही सारा विश्वविद्यालय देहरा में बसा दिया जाए, इससे ऐसे संस्थान के महत्त्व में कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन गंदी सियासत की परछाइयों में रह कर उच्च शिक्षा की कई मंजिलें ध्वस्त हो चुकी हैं। अगर ऐसा नहीं है तो तमाम वे नेता जो धर्मशाला परिसर से खेलते रहे, वे जीत का एहसास कर सकते हैं और जो हारे, वे पीठ पर राजनीतिक चाबुक का प्रहार देख सकते हैं। आश्चर्य यह कि जिस क्रिकेट की हवाएं अनुराग ठाकुर को धर्मशाला में रोशनी दिखाती हैं, वह सांसद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय विश्वविद्यालय को बटोरता रहा। कुछ इसी तरह का इतिहास कांगड़ा के सांसद किशन कपूर का भी रहा, जिन्होंने बतौर विधायक सर्वप्रथम धर्मशाला में सीयू के खिलाफ अपना रवैया रचा था।

कुछ अलग

फोन में सेंधमारी

बहुराष्ट्रीय कंपनी एप्पल ने विपक्ष के कुछ नेताओं को अलर्ट भेजा कि आपके आईफोन हैक किए जा सकते हैं। हमलावर आपके फोन के संवेदनशील डाटा, कैमरे और माइक्रोफोन आदि तक पहुंचने की कोशिश भी कर सकते हैं। एप्पल ने यह अलर्ट सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं भेजा, बल्कि ऐसे लोगों तक भी भेजा है, जो सार्वजनिक जीवन में नहीं हैं। कुछ पत्रकारों और स्कॉलर्स तक भी यह अलर्ट पहुंचा है। यह अलर्ट 150 देशों में भी भेजा गया है, जहां एप्पल के आईफोन इस्तेमाल किए जाते हैं। साफ मायने हैं कि यह चेतावनी वैश्विक है, लिहाजा विपक्षी नेताओं की चीखा-चिल्ली महज सियासत है। एप्पल ने अपने बयान में यह स्पष्टीकरण भी दिया है कि खुफिया संकेतों के आधार पर ऐसे अलर्ट आते हैं, जो अधूरे और गलत भी साबित हो सकते हैं। कंपनी ने सरकार द्वारा प्रायोजित हमलावरों की बात तो की है, लेकिन किसी 'विशेष सरकार' का खुलासा नहीं किया है। एप्पल ने हैकिंग के ऐसे खतरों से निपटने वाले सिस्टम से इंकार किया है। कंपनी यह भी नहीं बता सकती कि अलर्ट किन हालात में देना पड़ा, क्योंकि यह जानकारी देने से हैकर्स उससे बचने के रास्ते खोज सकते हैं। यानी स्पष्ट है कि फोन हैकर्स चीन, पाकिस्तान या किसी अन्य देश के भी हो सकते हैं! एप्पल ने एक ही समय, एक ही साथ, विपक्षी नेताओं और 150 देशों को यह चेतावनी-संदेश भेजा है, लिहाजा संदेहास्पद और सवालिया लगता है। यदि हैकिंग हुई है या की जा रही है, तो वह अलग-अलग स्थान पर, अलग-अलग समय में की जानी चाहिए। फिर भी मान सकते हैं कि मोदी सरकार ने विपक्ष के कुछ नेताओं और प्रवक्ताओं के फोन हैक कराए हैं, लेकिन 150 देशों और अराजनीतिक चेहरों के फोन हैक कराने में सरकार के सरोकार क्या हो सकते हैं? उनसे हासिल क्या होगा? भारत में 2 करोड़ से अधिक लोग आईफोन का इस्तेमाल करते हैं और दुनिया भर में करीब 146 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। क्या ये सभी मोदी सरकार के निशाने पर हैं अथवा सभी को अलर्ट भेजा गया था? एप्पल को इस संदर्भ में तमाम स्पष्टीकरण देने चाहिए। बहरहाल केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणानुसार जांच शुरू कर दी गई है। एप्पल भी जांच के दायरे में होगी। एप्पल से कथित 'राज्य-प्रायोजित हमलों' पर वास्तविक और सटीक जानकारी मांगी गई है। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सर्ट-इन) इसकी जांच कर तह तक जाने की कोशिश करेगी। मंत्री ने इसे भारत सरकार को बदनाम करने की साजिश और भटकाने वाली विपक्ष की राजनीति करार दिया है। 'फोन में सेंधमारी' कोई नया मुद्दा नहीं है। किसी की निजता और गोपनीयता पर हमला भी नहीं है। इजरायल से खरीदे गए जासूसी सॉफ्टवेयर की चर्चा एक बार फिर मुखर हो रही है। हालांकि सर्वोच्च अदालत की निगरानी में जो जांच कराई गई थी, उसमें कुछ भी ठोस सामने नहीं आया था। तब शीर्ष अदालत ने अपने-अपने फोन सरकार में जमा कराने का विकल्प भी दिया था, ताकि भीतरी जांच हो सके कि उसकी जासूसी कराई गई अथवा नहीं।

ज्ञान अथवा अनुभव की उतनी आवश्यकता नहीं होती जितनी कि प्रयास, प्रेरक स्थितियों अथवा हमारी आवश्यकता की होती है

कल्पना, प्रयास और सफलता

पीके खुराना

> ज्ञान स्वयं में शक्ति नहीं है। ज्ञान, शक्ति में तभी परिवर्तित होता है जब इसे प्रयोग में लाया जाए। यही नहीं, जब इसे रचनात्मक ढंग से काम में लाया जाए तो यह एक बड़ी शक्ति बन जाता है। ज्ञान के रचनात्मक प्रयोग में कल्पना शक्ति की आवश्यकता होती है। इसीलिए मनोवैज्ञानिक आरंभ से ही कल्पना शक्ति को मानव समाज का सर्वोत्तम उपहार मानते रहे हैं। रचनात्मक कल्पना शक्ति का विकास उसी तरह संभव है जैसे हम तैरना, पढ़ना या चित्र बनाना सीखते हैं। वस्तुतः लगभग हर कला को वैज्ञानिक विधि से सीखा जा सकता है। कला और विज्ञान के इस संगम ने ही मानव को अपरिमित ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

कहा जाता है कि ज्ञान शक्ति है, पर क्या आप जानते हैं कि यह एक अधूरा सच है। ज्ञान स्वयं में शक्ति नहीं है। ज्ञान, शक्ति में तभी परिवर्तित होता है जब इसे प्रयोग में लाया जाए। यही नहीं, जब इसे रचनात्मक ढंग से काम में लाया जाए तो यह एक बड़ी शक्ति बन जाता है। ज्ञान के रचनात्मक प्रयोग में कल्पना शक्ति की आवश्यकता होती है। इसीलिए मनोवैज्ञानिक आरंभ से ही कल्पना शक्ति को मानव समाज का सर्वोत्तम उपहार मानते रहे हैं। रचनात्मक कल्पना शक्ति का विकास उसी तरह संभव है जैसे हम तैरना, पढना या चित्र बनाना सीखते हैं। वस्तुतः लगभग हर कला को वैज्ञानिक विधि से सीखा जा सकता है। कला और विज्ञान के इस संगम ने ही मानव को अपरिमित ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हमारी कल्पना शक्ति उतनी ही पुरानी है जितनी हमारी स्मरण शक्ति। कल्पना शक्ति के विकास के लिए बुद्धिमत्ता, ज्ञान अथवा अनुभव की उतनी आवश्यकता नहीं होती जितनी कि प्रयास, प्रेरक स्थितियों अथवा हमारी आवश्यकता की होती है। जान पर आ बनी हो तो हमारी कल्पना शक्ति ज्यादा मुखर हो जाती है। एक मनोवैज्ञानिक ने इसे एक बार सिद्ध कर दिखाया। अमेरिका की एक विश्वप्रसिद्ध कंपनी के विशाल भवन की बारहवीं मंजिल पर स्थित एक कमरे में बैठे कर्मचारियों व अधिकारियों से उन्होंने एक प्रश्न किया, 'यदि अभी भूकंप आ जाए और यह विशाल भवन दो मिनट में गिरने वाला हो तो आप क्या करेंगे?' अधिकांश लोग कोई सार्थक हल सुझा पाने में असमर्थ रहे। इसके बाद वे साथ के कमरे में गए और लोगों से इधर-उधर की बातें करने लगे। इतने में उनका एक सहायक बदहवास हालत में वहां भागता आया और बोला कि भूकंप आ गया है, सारा भवन गिर रहा है। उनके सहायक का अभिनय इतना शानदार था कि कमरे में मौजूद लोगों को सहज ही उसकी बात पर विश्वास हो गया। दो मिनट के भीतर कमरे में मौजूद सभी लोग भवन से बाहर थे। कोई पाइप से लटका या खिडक़ी से कूदा, पर सभी भवन से बाहर आ गए! जीवन को खतरे में जानकर कल्पनाशक्ति मुखर हुई और जवान, बूढ़ा, औरत, मर्द, लड़कियां, स्वस्थ व शरीर से कमजोर, हर तरह का व्यक्ति, जान बचाने की जुगत में जुट गया और सफल भी हुआ। इस प्रयोग से कई बातें एक साथ सिद्ध हो गईं। पहली तो यह कि मुखर कल्पनाशक्ति कई तरह के चमत्कार कर पाने में समर्थ है। दूसरे, हर व्यक्ति कल्पनाशील हो सकता है।

तीसरे, कल्पनाशक्ति की मुखरता के लिए प्रयास की सघनता (इंटेसिटी ऑफ एफर्ट) तथा संचालक शक्ति (ड्राइविंग पावर) सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। कल्पनाशक्ति के प्रयोग में उम्र कोई बाधा नहीं है। बाद में अलग-अलग प्रयोगों से यह भी सिद्ध हो गया कि उम्र के साथ कल्पनाशक्ति का क्षरण नहीं होता, बल्कि कल्पनाशक्ति का प्रयोग करते रहने वाले व्यक्ति की कल्पना बढ़ती उम्र के साथ अधिक मुखर और परिपक्व हो जाती है। वस्तुतः बड़ी उम्र के लोगों में रचनात्मक कल्पनाशक्ति के अभाव के जो कारण पाए गए, वे परंपरागत विश्वास के एकदम विपरीत निकले। हमारी शिक्षा पद्धति में केवल स्मरणशक्ति के प्रयोग पर अनावश्यक बल, और जीवन के मशीनी अंदाज ने कल्पनाशक्ति के विकास पर कुठाराघात किया है। विभिन्न परीक्षाओं एवं प्रतियोगिताओं में कल्पनाशक्ति के बजाय ज्ञान और स्मरणशक्ति का महत्व बढ़ जाने के कारण कल्पनाशक्ति के विकास का कोई प्रयास आरंभ ही नहीं हुआ। जहां कल्पनाशक्ति घटी वहां प्रयास पहले समाप्त हुआ, कल्पनाशक्ति का क्षरण बाद में आरंभ हुआ। हमारा चेतन मस्तिष्क दो भागों में बंटा हुआ है। इसका पहला भाग तर्कशील है जो विश्लेषण और तुलना के बाद दो या अधिक विकल्पों में से सर्वश्रेष्ठ का चुनाव करता है, और दूसरा भाग रचनात्मक है जो मानसिक चित्र गढ़ता है, अनुमान लगाता है और नए विचारों का सृजन करता है। तर्कशील मस्तिष्क और रचनात्मक मस्तिष्क कई मामलों में एक-सा कार्य करते हैं। दोनों ही विश्लेषण और संश्लेषण (जोडऩा, मिलाना) का कार्य करते हैं। तर्कशील मस्तिष्क तथ्यों का क्रमवार विभाजन करता है, उन्हें परखता है, तुलना करता है, और तब उन्हें सिलसिलेवार करके किसी निष्कर्ष पर पहुंचता है। रचनात्मक मस्तिष्क भी यही सब करता है। फर्क सिर्फ इतना है कि उसका अंतिम कार्य निर्णय देना नहीं बल्कि किसी नए विचार को जन्म देने का है। वह फैसला नहीं करता, बल्कि कुछ नए विचार सुझाता है। तर्कशील मस्तिष्क और रचनात्मक मस्तिष्क में एक और बड़ा अंतर यह है कि तर्कशील मस्तिष्क सिर्फ उपलब्ध तथ्यों का विश्लेषण करता है जबकि रचनात्मक मस्तिष्क कल्पनाशक्ति के सहारे अज्ञात में प्रवेश करने का प्रयत्न करता है तथा दो और दो चार के गणितीय कार्य से भी आगे जाकर कुछ नया कर दिखाता है। यह समझना आवश्यक है कि कल्पनाशक्ति और तर्कशक्ति एक-दूसरे के पूरक भी हैं और शत्रु भी, अतः यदि इनमें सही संतुलन न रखा जाए तो दोनों का ही नुकसान होता है। तर्कशील मस्तिष्क का कार्य मुख्यतः ऋणात्मक है। 'अरे, इसमें तो यह दोष है', 'नहीं, नहीं, यह नहीं चलेगा', 'ऐसा भी कहीं होता है' आदि-आदि तर्कशील मस्तिष्क की उपज हैं, जबकि रचनात्मक मस्तिष्क को मुख्यतः धनात्मक या विधायी कार्य करने होते हैं, तभी वह नए विचारों का सृजन कर पाता है। रचनात्मक मस्तिष्क बुरी से बुरी स्थिति में भी आशा की किरणें खोजता है जबकि तर्कशील मस्तिष्क हर योजना में कमियां ढूंढता है। कल्पनाशक्ति की उड़ान से उपजे कई विचार तो प्रथम दृष्टि में ही असंभव लगते हैं, लेकिन बाद में उनमें से कइयों को वास्तविकता में बदलना संभव हो जाता है। यह देखना आवश्यक है कि हमारा तर्कशील मस्तिष्क हमारे रचनात्मक मस्तिष्क में उपजने वाले विचारों की भ्रूण हत्या न कर दे, क्योंकि लगभग हर नए विचार को तुरंत तर्कसंगत ढंग से गलत सिद्ध किया जा सकता है। कई बार तो ये तर्क इतने पुख्ता लगते हैं कि व्यक्ति अपनी योजना को सिरे से ही त्याग देता है, अतः यह आवश्यक है कि विचारों को तुरंत ठीक और गलत या संभव और असंभव की कसौटी पर परखना आरंभ कर देने से पहले उसे कुछ और परिपक्व हो लेने देना चाहिए। स्मरणशक्ति एक मशीनी अंदाज का काम है। एक विषय को बार-बार दोहराते रहने से वह हमें याद हो जाता है, या एक कार्य को बार-बार दोहराने से हमें उसका अभ्यास हो जाता है। उसमें सृजनात्मक कुछ भी नहीं है। कल्पनाशक्ति किसी विषय को दोहराते समय भी उसे दोहराने या याद करने के बेहतर और आसान तरीके खोज निकालती है। कल्पनाशक्ति का प्रयोग एक रचनात्मक क्रिया है और कल्पनाशक्ति एक रचनात्मक, सृजनात्मक शक्ति है। किसी भी समस्या से दो-चार होने पर अपने आसपास नजर दौड़ाइए।

रामगढ़ आस-पास की खबरें

11 को को होने वाले डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखुटा में लाखों लोग होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ मुर्गमकला के ह्ा - 33 के समीप मंडई स्थल में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच का जिला स्तरीय अंतिम बैठक समाजसेवी ओम प्रकाश महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । जबकि संचालन अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने किया।इस बैठक के माध्यम से आगामी 11 नवंबर 2023 दिन शनिवार को रामगढ़ जिला मैदान से रामगढ़ कॉलेज मैदान तक होने वाली डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखुटा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई, मंच के लोगों ने संयुक्त रूप से बताया की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 11 नवंबर 2023 को रामगढ़ के ऐतिहासिक धरती में झारखंड के भाषा, संस्कृति, सभ्यता को समृद्ध करने तथा विश्व पटल में पहचान दिलाने हेतु डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा आयोजन

किया गया है,जिसमें झारखण्ड के विभिन्न जिलों सहित पश्चिम बंगाल,उड़ीसा, असम एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लोग भी भारी संख्या में अपने पारंपरिक वेशभूषा,ढोल नगाड़े, गाजे-बाजे के साथ शामिल होंगे, बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गयी है, साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 5000 वालंटियर भी तैनात रहेंगे, जो रामगढ़ जिला प्रशासन को सहयोग करेंगे, इसके अलावे 2 दिन के अंदर प्रत्येक गांवों में दीवारों पर सोहराई कला की पेंटिंग किया जायेगा ,डहरे सोहराय कार्यक्रम 11 नवंबर 2023 दिन शनिवार को सुबह 10:00 बजे जिला मैदान रामगढ़ से प्रारंभ होकर गांधी चौक रामगढ़, सुभाष चौक रामगढ़, ब्लॉक चौक रामगढ़ होते हुए रामगढ़ कॉलेज मैदान पहुंचेगी वहां बरदखुटा कार्यक्रम कर कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। बैठक में अनिकेत ओहदार, संतोष महतो टिड्डुआर, संतोष बंसीरआर, जगेश्वर महतो नागवंशी, पनेश्वर कुमार, आनंद केटिआर, रवि महतो, बिहारी महतो, पवन महतो,आदि थे ।

भाकपा माले बैठक में सिरका लोकल सेल मुद्दो व बिरसा मुंडा जयंती पर देश बचाओ पदयात्रा का लिया गया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : अरगड्डा (बैगामोड़) बिरसा चौक के समीप बुधवार को भाकपा माले सिरका लोकल सेल मुद्दों को लेकर पुराने दंगल के सरदारों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन लालचंद बेदिया, जय नंदन गोप, मदन राम ने किया। इसमें झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के आगामी 15 नवंबर बिरसा जयंती दिवस पर नरेंद्र मोदी वापस जाव, भाजपा हटाओ देश बचाओ पदयात्रा गांव उलीहातू से निकालने की बात कहीं। अवसर पर भाकपा माले जिला सचिव भुवनेश्वर बेदिया ने कहां कि संघर्ष के रास्ते को लेकर सिरका लोकल सेल मजदूरों को लोडिंग के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ। इसमें टोंगी, सुईयाडीह, बुंडू, बसरिया, बसकुदरा, हैसालौंग, चुंबा, पड़रिया, कंजगी, बुमरी, ठाकुर गोड़ा, अरगड्डा, सिरका, जोबला, मनुवां, फुलसराय, हेसला, महुआ टोला, घुटूवा, रबोध, चैनपुर के 700 मजदूर सिरका दंगल कमें 7 हजार मजदूर थे। लोकल सील बंद चालू के बीच सीसीएल अधिकारी, कोल माफिया की मिली भगत से करोड़ों रुपए की लूट हुई हैं। सिरका सेल चलाने के लिए लगातार संघर्षरत हैं। सेल विरोधी से निपटने के लिए तैयार रहने, अरगड्डा खुली खदान खोलने ग्रामीणों की सहमति के बावजूद अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान में देरी होने, गरीब मजदूर किसानों के

आंदोलन तेज कर हक अधिकार दिलाने, आदिवासियों के वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 वापस लेने, यूसीसी रद्द करने, आदिवासियों की हाड़पी जमीन वापस करने, न्यायालय द्वारा दी गई भू वापसी आदेश जमीनों पर दखल दिलाने, मनरेगा मजदूरों को गारंटी 200 दिन काम 600 रुपये मजदूरी की मांग रखी गई। साथ ही गरीबों के राशन कटौती बंद करने, आवास स्वास्थ्य शिक्षा फ्री देने, मजदूरों को रोजगार देना आदि शामिल हैं। इसके अलावे प्रतिनिधि देवकीनंदन बेदिया, सोहराय किस्कू आदि ने भी अपनी बातें रखी। मौके पर शिवचंद राम, रामबृक्ष बेदिया, छोटेलाल दास, सुखराम मांझी, दशाराम मांझी, छोटन मुंडा, सुभाष बेदिया, गोविंद राम, प्यारेलाल बेदिया, तनु राम, महेश राम, कुलदीप बेदिया, गोपाल बेदिया, रूपन गोप समेत दर्जनों कार्यकर्ता व कामगार उपस्थित थे।

रामगढ में विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन द्वारा, नये पदभार ग्रहण किये रामगढ के नये एसडीओ को सम्मानित किये : प्रदीप शर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुधवार को विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में दस लोगो का एक प्रतिनिधिमंडल विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारीगण रामगढ में नये पदभार ग्रहण किये एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट को उनके कार्यालय में भेंट कर आचार्यो के द्वारा मंत्रोच्चारण के पश्चात पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट की स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना किया की गई, साथ ही संबैधानिक ढांचागत परम्परा के अनुरुप रामगढ जिला में ?अमन चैन के लिए सहानुभूति पूर्ण ढंग से सहयोग का आदान-प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन के प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीपकुमार शर्मा, विश्व ब्राह्मण संघ के संरक्षक नवीन पाठक, सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक , विश्व ब्राह्मण संघ के जिलाध्यक्ष महेश कुमार मिश्रा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा,आदि थे ।

12 को पारसनाथ गिरिडीह में विसाल सभा के लिए रवाना होंगे उरीमारी से संथाल समाज के लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी जरजरा में बुधवार को जुबला जाहेर थान के समीप संथाल समाज दिशोम मॉझी परगना कर्णपुरा परगना बड़कागांव की बैठक सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन बिरसा हेम्ब्रोम ने किया। बैठक में मरांग बुरू, पारसनाथ पहाड़ को जुग जाहेर थान जैन समाज के लोगों द्वारा जबरन अतिक्रमण करने का साजिश रची जा रही है ,जो बेबुनियाद है। हमारा संथाल जनजातियों द्वारा परम्परा गत पूजा अर्चना शादियों से आस्था के साथ चलते आ रहा है। वह आगे भी संथाल जनजातियों का ही धार्मिक स्थल कायम रहेगा।जैन समुदाय के लोगों द्वारा जबरन अतिक्रमण करने का विरोध को लेकर कर्णपुरा परगना से हजारों की संख्या में महिला व पुरुष 12 नवम्बर को मरांग बुरू पारसनाथ पहाड़ मधुबन फुटबॉल मैदन विशाल महासभा पीरटांड़ गिरिडीह में शामिल होंगे। वहीं इस मौके पर सूरज बेसरा,बिनोद हेम्ब्रोम, मोहन सोरेन, किशोर हॉसदा, सीताराम किस्कू, राजु मॉझी, संजय कुमार टुडू, सन्नी सोरेन, बिनोद बेसरा,सोमरा मॉझी, प्रदीप सोरेन,जगदीश मॉझी,बिमल टुडू, मनुलाल सोरेन,जगदीश मॉझी, राजेन्द्र हॉसदा, एतलाल बास्के, सुखदेव हॉसदा, अकला मॉझी, गोविन्द सोरेन, सहाबीर मॉझी, नरेश मॉझी, शिकारी मॉझी, लाखीराम मॉझी, आशाराम हेम्ब्रोम, धनीराम हेम्ब्रोम, चरकु मॉझी, बब्लू मुर्मू, संजुल सोरेन, महादेव मॉझी, दिनेश टुडू, आजाद हॉसदा, दशैय टुडू, राजेन्द्र सोरेन, उदन सोरेन, पप्पु लाल मॉझी, महेश मॉझी, सुकर मॉझी, लाल बहादुर मॉझी, राजेश टुडू, बिनोद सोरेन, जेठू मुर्मू, मिश्रीलाल मरांडी, बलदेव सोरेन आदि लोग मौजूद थे।

डीएवी उरीमारी के बच्चों के बीच शंखनाद प्रतियोगिता आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : डीएवी उरीमारी में बुधवार को बच्चों के बीच शंखनाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं इस प्रतियोगिता को दो चरणों में आयोजित की गई। जिसमें पहले ग्रुप में कक्षा छठी से सातवीं तथा दूसरे वर्ग में कक्षा आठवीं से नौवीं के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। वहीं प्रतिभागी बच्चों ने अपने-अपने घर से विविध प्रकार एवं आकर के शंख लाए एवं शंखनाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों द्वारा की गई शंख ध्वनि से पूरा विधालय परिसर भक्तिमय लग रहा था तो कभी पूजा घर की यादें आ रही थी तो कभी महाभारत काल के युद्ध क्षेत्र में की शंखनाद ध्वनि याद दिला रही थीं। वहीं दर्शक बच्चे मंत्र मुग्ध होकर शंख ध्वनि प्रतियोगिता का आनंद ले रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने वैदिक संस्कारों से सुसज्जित तथा वैज्ञानिक प्रगति की आधुनिकता से युक्त डीएवी की प्रगति के चरण का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि डएवी उरीमारी महात्मा हंसराज एवं महान आर्य पुरुषों के बताए मार्ग पर लगातार चल रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक असीम घटक एवं राहुल कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने सार्थक सहयोग किया।

समाजसेवी स्व.नवलकिशोर प्रसाद लाला की 28 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को गोला, कदमतर निवासी सह् समाजसेवी स्व. नवलकिशोर प्रसाद लाला की 28 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके तृतीय पुत्र प्रदीप चन्द्र लाला एवं पुत्रवधू पुष्पा लाला ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्व. लाला सन् 1978 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अरगड्डा कोलियरी से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के पश्चात वे अपने निवास स्थान कदमतर(गोला) में मृत्युपर्यन्त रहे। वे आजीवन सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर अपनी सहभागिता प्रस्तुत किया करते थे तथा युवाओं को इसके लिए प्रेरित भी करते थे। उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अलख कुमार सिन्हा, मुरारी मोहन गुप्ता, अक्षय अग्रवाल, कुँवर कुमार बक्शी, शैलेश चन्द्र लाला, उदय चन्द्र लाला, लाला चन्द्रमोहन, देवेन चन्द्र लाला, संजय लाला, संदीप लाला, प्रतीक गौरव, प्रतीक रौनक, सौरभ सिन्हा(लक्की), स्नेहा सिन्हा(रिक्की), रोहित सहित कई अन्य शामिल है।

सिटीजन फोरम स्कुल में मनाया गया भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का 74 वां स्थापना दिवस

गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का स्थापना दिवस सिटीजन फोरम पब्लिक स्कुल गिद्दी ए में मनाया गया.सबसे पहले स्काउट्स एंड गाइड्स का झंडोतोलन किया गया ततपश्चात बैनर को सलामी दी गई.फिर शपथ ग्रहण के बाद इतिहास की जानकारी देते हुए विश्व में शांति और सहयोग के महत्व को बताया गया.इसके बाद स्व.मदन मोहन मालवीय और बाइडन पॉवेल को याद किया गया.भारत एंड स्काउट्स हजारीबाग जिला के उपाध्यक्ष उदय शंकर भट्टाचार्य ने बताया कि यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो कि सर बेडन पॉवेल के द्वारा स्थापित किया गया था.यह सामाजिक संगठन करीब 216 देशों में सक्रीय है.उक्त संगठन मानवता, शिक्षा,राहत कार्य एवं अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना के रूप में कार्यरत है.यह संस्था के वर्तमान ग्लोबल एम्बेस्डर बेयर ग्रिल्स डिस्कवरी चैनल्स के(मैन वर्सेस वाइल्ड सीरीज)के पुरे विश्व में इसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

ग़ैरमजुरूआ जमीन पर माफियाओं ने ग़ैरमजुरूआ भूमि को भी नहीं छोड़ा

खाता नम्बर 127 पलौट नम्बर 148 रकबा लगभग 10 डिसमिल को दिया बेच

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड एवं अंचल के सिमरिया कला गांव में ग़ैरमजुरूआ भूमि पर कब्जा कर घर बनाने को लेकर सिमरिया कला के हीं भुक्तभोगी शिवा पासवान एवं ग्रामीणों ने अनुमण्डल कार्यालय को लिखित आवेदन देकर इसे रोकने एवं भूमाफियाओं पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। लिखित आवेदन में कहा है कि खाता नम्बर 127 पलौट 148 रकबा लगभग 10 डिसमिल सिमरिया कला के भुइँया टोली में ग़ैरमजुरूआ भूखण्ड है । जहां पास में हीं भुइँया समाज का आवादी है ।वहीं पास में ग़ैरमजुरूआ भूमि पर आंगनबाड़ी बनी हुई है। उक्त जमीन सरकारी कामकाज के लिए सदियों से भूखण्ड खाली पड़ा हुआ था। जिससे भूमाफियाओं ने उक्त ग़ैरमजुरूआ भूमि को ओने पौने में बेच अपना हाथ साफ कर लिया है। और अपना जेब भर लिया है। विवादित तो विवादित अब सरकारी ग़ैरमजुरूआ भूमि भी भूमाफियाओं से सुरक्षित नहीं है। ऐसे में

सामाजिक कार्य के लिए सरकारी भवनों को बनाना बड़ा मुश्किल होगा। आपको बता दें कि इसी तरह बकचौमा खाता 2 पलौट 76,77 में 52 एकड़ भूमि है जो ग़ैरमजुरूआ भूमि है उसमें भी भूमाफियाओं का नजर पड़ गयी और देखते हीं देखते उक्त जमीन पर लगातार निजी बिल्डिंग खड़ा हो रहा है। जहां आज तक अंचल अधिकारी से लेकर वरीय पदाधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं कि गयी। हैरत की बात तो तब हो गयी कि उक्त भूमि पर जमीन ना बेचने ना खरीदने से लेकर उक्त भूमि पर भवन निर्माण पर अंचल का प्रतिबंध बोर्ड लगा हुआ है। फिर भी भवनों का निर्माण लगातार जारी है और अंचलाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं कि जा रही है वैसे में क्या उक्त भूमि पर बनाये जा रहे भवन निर्माण पर रोक लगाई जा सकती है यह कल्पना से बाहर है। चुकी ग़ैरमजुरूआ भूमि के ख़रीद फरोख्त में अंचल कर्मी भी शामिल हैं।यही कारण है कि वैसे लोग बेधड़क ग़ैरमजुरूआ भूमि को बेच कर मालामाल हो रहे हैं और करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन बेच भूमाफिया सरकार को चुना लगा रहे हैं ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा आदिम जनजाति के लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड पंचायत के अंतर्गत जपुआ टोला में निवास कर रहे आदिम जनजाति के परिवारों के बीच गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा बुधवार को शिविर लगाया गया। एवं आदिम जनजाति के परिवारों का स्वास्थ्य जांच किया गया। यह कार्य डॉक्टर राजेश कुमार गुप्ता अंजली कुमारी भगत अनुप्रिया के द्वारा किया जा रहा था।उनके साथ एएनएम संगीता कुमारी अनीशा चेन्नई तथा स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी बिरेंद्र दांगी सईया उर्मिला देवी सहिया साथी सुचिता देवी उपस्थित थी। बिरहोर परिवारों का टीवी,कुस्ट व अन्य बीमारियों का जांच किया गया।साथ ही साथ आयुष्मान कार्ड भी लोगों का बनाया गया है।

राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : आगामी 15 नवंबर राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य स्थापना दिवस को भव्य बनाने के लिए विविध कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बैठक को संबोधित करते हए उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्थापन दिवस का आयोजन धूम-धाम से किया जाएगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। इस दौरान बैठक में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे प्रभात फेरी प्रातः 6:30 बजे निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राएं भाग लेंगे। कारगिल पार्क में प्रात- 8-00 बजे मल्यार्पण किया जायेगा तथा प्रातः8:30 बजे से सदभावना मार्च कारगिल पार्क से समाहरणालय तक

आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों के बीच पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिलास्तर पर विकास मेला का आयोजन किया जाएगा।

15 नवंबर से आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में आपकी योजनाङ्कआपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।एल बैठक में उपविकास आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी प्रखंड के सभी पंचायतों में सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं। दिनांक 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक जिले के नौ प्रखंड के 115 पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन को

लेकर संबंधित अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अभियान के सफल संचालन को लेकर सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को समन्वय के साथ पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी से अवगत कराने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक योग्य लाभुक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

साफ सफाई एवं पेड़ पौधों का रखरखाव कार्यक्रम का आयोजन

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) : राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में साफ सफाई एवं पेड़ पौधों का रखरखाव कार्यक्रम हुआ।औषधि उद्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवा के द्वारा साफ सफाई एवं पेड़ पौधों का देखरेख हुआ। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद दिशा निर्देश देते हुए छात्रों को पेड़ पौधों के साफ सफाई एवं रखरखाव के विषय में जानकारियां दी।

भाटचतरा मे लक्ष्मी पूजा मानाने को लेकर कमेटी का हुआ गठन

बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के ग्राम भाटचतरा स्थित देवी मंडप के प्रांगण मे लक्ष्मी पूजा मानाने को लेकर एक बैठक किया गया.जिसकी अध्यक्षता सुरेश कुमार यादव ने किया. बैठक मे हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ठंग से लक्ष्मी पूजा मानाने का निर्णय लिया गया. साथ ही लक्ष्मी पूजा का सफल आयोजन हेतु सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया. जिसमे अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, सचिव संतोष यादव, उपसचिव संजीत तुरी, कोषाध्यक्ष अर्जुन यादव, उपकोषाध्यक्ष अनिल यादव को चुना गया. इस मौके पर विकास यादव, कंचन यादव, रवि यादव, मनोज यादव,अरुण यादव, कारू यादव,धनु यादव,दीपक तुरी,निकेश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जनसुनवाई का हुआ आयोजन

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड पंचायत के अंतर्गत बुधवार को प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के गांव में ऑडिटर के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया।जहां उपस्थित ग्रामीणों को ऑडिटर टीम के द्वारा कई दिशा निर्देश बताए गए।जैसे गांव में संचालित मनरेगा योजनाओं के तहत योजना का लाभ लेने की बात कही लेकिन सत प्रतिशत धरातल पर काम को उतारने की भी बात कही है। ताकि उस योजना का लाभ आगे दिनों तक भी लिया जा सकें। इस ग्राम सभा में सभी पंचायत के अलग-अलग वार्ड सदस्यों के साथ अपने-अपने पंचायत मुखिया भी ग्राम सभा में उपस्थित थे। जिसमें गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव वह अन्य सभी उपस्थित थे।

कोयला लदा हाईवा में लगी आग पुलिस जवानों की मदद से हाइवा व चालक सुरक्षित

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : थाना के समीप बीते रात कोयला से लदा एक हाईवा में अचानक से आग लग गई। और हाइवा जलने लगी।गिद्धौर पुलिस के जवानों की तत्काल मदद से आग पर काबू पा लिया गया।एवं हाईवा को सुरक्षित कर लिया गया। साथ ही साथ चालक भी सुरक्षित है।थाना प्रभारी गुलाम सरवर के द्वारा बताया गया। कि आग लगने का कारण टायर ब्लास्ट किया।उसके बाद हवा टंकी गर्म होने की वजह से फट गई।और आग लग गई। किसी भी प्रकार का कोई हताहत नहीं हुआ है। हाईवा केरेडारी से कोयला लोड कर कटकमसांडी डंप करने के लिए जा रही थी। जिसका नंबर छ्द्ध02क्ष्ट7379 है गाड़ी मालिक का नाम सतनारायण महतो पिता रामनाथ महतो ग्राम सलगा थाना केरेडारी बताया गया।

ग्रामीणों की शिकायत पर शिक्षा विभाग के सीआरपी पहुंचे विद्यालय

बिशुनपुरा(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के बिशुनपुरा पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पातागड़ा(नहरी टोला) के प्रधानध्यापक शेख अनवर हुसैन द्वारा विद्यालय परिसर में की जा रही मनमानी।विदित हो की 04 नवंबर 2023 दिन शनिवार को विद्यालय परिसर में एक छात्र गिरकर घायल हो गया था। लेकिन

प्रधानध्यापक द्वारा न उसे विद्यालय के स्वस्थ्य कीट द्वारा प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया और न हीं उसके परिवार वालों को सूचना दि गई।वहीं जब छुट्टी के बाद बच्चा घर गया तो घर के सदस्य द्वारा इलाज हेतु नजदीकी चिकित्सालय ले जाया गया। जहाँ बच्चे का सर कटने के चलते दो टांका लगाया गया था। जिसकी शिकायत लेकर बच्चा के पिता उल्फत अंसारी द्वारा एक लिखित आवेदन देकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया गया था।जहाँ आज दिन मंगलवार को शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता को विद्यालय जाँच करने हेतु भेजा गया। जहाँ परिजन द्वारा लगाया गया आरोप सही साबित हुआ।वहीं पहुंचे सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि परिजन द्वारा लगाए गए आरोप सही है हम जाँच के लिए यहाँ आए तो मध्यान भोजन में गड़बड़ी पाया गया एवं बच्चों की उपस्थित में भी कमी पाया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक शेख अनवर हुसैन ने बताया कि विद्यालय स्वास्थ्य कीट एक्सपायर हो गया था इसलिए हम दवा नहीं किये, वहीं मध्यान भोजन में अंडा महंगा होने के कारण वितरण नहीं हो रहा है जिसके बदले यहां केला का वितरण करते हैं और अध्यक्ष एवं संयोजिका द्वारा मध्यान भोजन में ज्यादा पैसे मांगे जाते थे इसलिए हमने खुद से हस्ताक्षर कर यह किया है। वहीं उपस्थित अध्यक्ष एवं संयोजिका ने बताया की प्रधानध्यापक द्वारा लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है यह अपनी कमी को छुपाने के लिए हम लोग पर आरोप लगा रहे हैं। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने बताया की यहां स्कूल में अपने ही गांव के लोकल शिक्षक होने के कारण कई गलतियां देखी जाती है। जहां ग्रामीणों ने कहा कि इस शिक्षक को तत्काल यहां से हटाकर दुसरे शिक्षक की व्यवस्था की जाए तथा एक शिक्षक होने के कारण बच्चों के पढाई लिखाई में जो कमी आती है इसलिए यहां दो शिक्षकों की व्यवस्था की जाए।

मुखिया बिनोद महतो ने किया डीलरों और सेविकाओं के संघ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के पुंडरा मुखिया सह मुखिया अध्यक्ष बिनोद महतो ने पुंडरा पंचायत सचिवालय के सभागार कक्ष में पंचायत के डीलरों और आंगनबाड़ी केन्द्र की सेवाकाओं के संघ बैठक किया। बैठक में प्रमुख रूप से जनवितरण दुकान के राशन दुकानों में कम अनाज देना साथ हीं निर्धारित समय पर नहीं देंने की शिकायत बराबर लगते रहती है। इसी के आलोक में डीलरों से आग्रह किया गया है की ससमय कार्डधारियों को अनाज पूरा मात्रा में दें। नहीं देने वाले डीलरों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं को कहा गया कि निर्धारित समय पर आंगनबाड़ी केंद्र खोले साथ हीं कुपोषित बच्चों को फल और अण्डा दें यदि ऐसा नहीं किया गया तो बाध्य होकर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त अबु इमरान ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : सदर अस्पताल में डायलेसिस मशीन तकरीबन एक माह से खराब है जिसके कारण डायलेसिस कराने वाले मरीजों को काफी कठिनाई का समाना करना पर रहा है। इसे लेकर आज उपायुक्त अबु इमरान स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेने सदर अस्पताल चतरा पहुंचे। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद को उन्होंने डायलेसिस मशीन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सदर अस्पताल चतरा में मरीजों के लिए उपलब्ध दवा, अल्ट्रासाउंड, फिजिओथेरेपी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ओ पी डी , दवा वितरण केंद्र, एवं महिला वार्ड एवं पुरुष वार्ड, साफ सफाई, चिकित्सकों व कर्मियों की उपस्थिति समेत अन्य का जायजा लिया।

पंसस के घर हुई डकैती, लाखों रुपए नकद समेत जेवरात की चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार: सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवाड़ी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रेश्मा बानो के घर में बीते शाम 7,30 बजे हथियार से लैस नकाबपोश अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें 2,50 लाख नकद और जेवर की चोरी हुई है। वहीं पीड़िता पंसस रेश्मा ने बताया कि तकरीबन 7:30 बजे 5-6 की संख्या में हथियार से लैस नकाबपोश अपराधी मेरे घर पर घुस आए और जब हम लोग हला करने लगे तो हम लोगों के कनपटी में हथियार सटाकर घर के एक कोने में कर दिया और घर पर रखे सारे सामान को उथल-पुथल करने लगे और तकरीबन यह सब सारा खेल डेढ़ घंटा तक चलता रहा और घर पर रखे ढाई लाख नकद और जेवर की चोरी कर ली गई है। साथ ही बच्चों के द्वारा गुल्लक में रखे गए पैसे को भी अपने साथ ले गए जिसमें लगभग 10 लाख का नुकसान हुआ है।आगे उन्होंने कहा कि यह घटना तब हुई जब हमारे ससुर कलीम मियां इलाज कराने के लिए बाहर गए थे।घर में मेरी सास मेरी ननद थी इसी का फायदा उठाकर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय,मानवाधिकार एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षा बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय, मानवाधिकार(राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए अपर समाहर्त्ता ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की।अपर समाहर्त्ता ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों

को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने की बात कही।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी,अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेरनदाग में चोरो ने अनवर कबाड़ी के सहयोग से दो घरो में अपना हाथ साफ किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : टंडवा थाना अंतर्गत ग्राम सेरनदाग में सोमवार कि रात तिन चोरो ने दो घरों में अपना हाथ साफ किया। जिसमे मनोज कुमार साहु के घर से विवो मोबाइल फोन एवम नगद 3800/ रु, तथा जदु साव के घर से लगभग 25000/रु बक्सा तोड़ कर निकाला। चोर का साहस को देखिये जदु साहू के घर से चोरी करने के बाद एवम मनोज कुमार साहु के घर से फोन तथा पैसा चुरने के उपरांत मनोज की पत्नी सोई हुवी थी उनके कानों से एक सोने का जेवर खोला व दूसरा कान का खोलने का प्रयास के दौरान अचानक जब नींद टुटा तब पता चला कि उनके घर में चोर घुसे है। चोर चोर चिल्लाने के बाद चोरों ने उनके घर के छत से नीचे चौक दिए और भागना शुरू किया पड़ोस के ग्रामीणों ने जब हल्ला सुनकर उठे तब एक चोर को दौड़ा कर पकड़े अन्य दो भागने में सफल रहे। पकड़े गए चोर को टंडवा थाना को सौपा गया एवम थाना द्वारा अन्य दो चोरों को गिरफ्तार कर कांड संख्या 256/23 दर्ज कर विशाल कुमार

दास,पिता कौलेश्वर राम टंडवा के हरिनगर मुहल्ला, निशांत मिश्रा, प्रवीण मिश्रा पिता रामा मिश्रा कुमरांगकला को जेल भेज दिया। पूर्व में भी विशाल कुमार दास द्वारा शहीद चौक के हर्दियाबांध स्थित आजसू पार्टी के जिला कार्यवाहक महेश महतो के आवास से 22 हजार रुपये,समसंग ह्ल.ष्ठ. टीवी एवं सोलर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।इस उपरांत महेश महतो द्वारा थाना में लिखित शिकायत कर कानूनी करवाई करने की भी मांग प्रशासन से किया गया था।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में बच्चों के बीच किया गया मडुवा लड्डू का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत सलगा गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में बुधवार को बच्चों के बीच मडुवा लड्डू का वितरण किया गया। यह कार्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड के लगभग सभी सरकारी विद्यालय में किया जा रहा है।इसे लेकर विभाग के जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी चतरा ने पत्र जारी किया था। इसे लेकर विद्यालयों में शिक्षकों के साथ साथ रसोइया,संजोजिक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगो में मडुआ हलवा व लड्डू को लेकर उत्साहित दिखे। विद्यालय में दिए निर्देश के मुताबिक लड्डू बनवाये गए। बच्चों ने भी इसे बड़ी चाव से खाया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में बच्चों के बीच किया गया मडुवा लड्डू का वितरण गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत सलगा गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में बुधवार को बच्चों के बीच मडुवा लड्डू का वितरण किया गया। यह कार्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड के लगभग सभी सरकारी विद्यालय में किया जा रहा है।इसे लेकर विभाग के जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी चतरा ने पत्र जारी किया था। इसे लेकर विद्यालयों में शिक्षकों के साथ साथ रसोइया,संजोजिक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगो में मडुआ हलवा व लड्डू को लेकर उत्साहित दिखे। विद्यालय में दिए निर्देश के मुताबिक लड्डू बनवाये गए। बच्चों ने भी इसे बड़ी चाव से खाया।

जलछाजन कार्यशाला का किया गया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : झारखंड जलछाजन परियोजना व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन विकास अव्यय 2.0 के तहत टॉउन हॉल लातेहार में दो दिवसीय जिला स्तरीय जलछाजन कार्यशाला का शुभारंभ वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले में इस वर्ष अपेक्षाकृत वर्षा नहीं हुई है इसलिए यहां जलछाजन के स्कीम की महत्ता बढ़ जाती है। जिले में जल संरक्षण को लेकर हर स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। जल के एक-एक बूंद का संरक्षण और उसके महत्व को विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाए, पानी के व्यर्थ बहाव को रोकना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता जरूरी है। आगे उन्होने कहा कि इन योजनाओं को आत्मसात

करते हुए प्लानिंग के साथ कृषि करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ड्रिप इरीगेशन एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे जल संग्रहण के साथ-साथ फसल सिंचाई भी अच्छे से किया जा सकता है। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जलछाजन परियोजना से क्षेत्र के सभी ग्रामीण हो लाभान्वित हों यही कामना है। आगे उन्होंने कहा कि जल छाजन कार्यक्रम का उद्देश्य है पर्यावरण में सही संतुलन को स्थापित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित खेती तथा खेती की नई तकनीकों को बढ़ावा देना व टिकाऊ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से जलछाजन को लेकर आवश्यकताओं के अलावे जल संकट की स्थिति और आम आदमी की पहल के साथ जल संरक्षण के उपाय की जानकारी दी गई। इनमें जल, जंगल, तथा जमीन का उचित संरक्षण एवं विकास करना, पारिस्थितिकी में सही संतुलन स्थापित करना, मीट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक तथा वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण तथा भूजल को बढवा देना, मिश्रित होती तथा खेती के नई तकनीकों को बढ़वा देना, टिकाउ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़वा देने की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी , जनप्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

लकड़ी तस्करो पर विष्णुगढ़ पुलिस का कड़ा एक्शन

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह को मिली गुप्त जानकारी को वरीय अधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुज उराँव को सूचना दी गई। त्वरित कार्यवाई करते हुए अनुज उराँव के नेतृत्व में छापामारी दल गठित कर बिना नंबर के स्वराज ट्रैक्टर को बेड़ा हरियारा जंगल के पास 08 नवम्बर 2023 को करीब 01 बजे रात को पकड़ा गया । बताया गया कि लकड़ी तस्करो द्वारा ग्राम बेड़ाहरियारा एवं आस-पास के जंगलों से लकड़ी की कटाई कर उसे आस-पास के क्षेत्रों में बेचने के लिए ले जाने वाले थे।उपरोक्त मामले में ट्रैक्टर मालिक,चालक एवं अज्ञात लकड़ी तस्कर के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 267/23 दिनाँक 08.11.2023 धारा 414/34 भादवि,एवं 33 भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने विष्णुगढ़ के तीन पीडीएस डीलरों को किया निलम्बित

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जनवितरण प्रणाली के तीन दुकानो के खिलाफ विष्णुगढ़ एमओ आलोक कुमार को ग्रामीणो एवं राशनकार्डधारियों से लगातार शिकायत मिल रही थी,जिसको देखते हुए विष्णुगढ़ एमओ ने मामले की छानबीन की छानबीन में राशनकार्डधारियो के लिखित शिकायत दिए जाने के बाद मामले को प्रतिवेदित किया गया जिसपर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा तीन जनवितरण प्रणाली की दुकान को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किये जाने का आदेश पारित किया गया। जनवितरण प्रणाली की दुकान गेंदा फूल महिला मंडल अनुज्ञप्ति संख्या 23/09 खरना,ग्राम गड़खारा,भरत लाल साहू अनु.स.06/01 ग्राम सिरैय की दुकान प्रतिदिन नही खोले जाने की शिकायत की वजह से निलम्बित किया गया। हरिजन महिला मंडल ग्राम-डुंगो अनु.सं.08/09 के द्वारा अगस्त माह के अनाज नही वितरण करने एवं दो किलो राशन काटकर दिए जाने के लिखित आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया ।

शुक्रवार को एनपीए समझौता शिविर का आयोजन

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): शुक्रवार को बैंक ऑफ़ इंडिया पर ही में एनपीए खाता धारकों के लिए समझौता शिविर का आयोजन किया गया है।शाखा प्रबंधक आकाश कुमार ने बताया कि शिविर में एनपीए खाता धारकों को अधिकतम छूट के साथ खाता बंद या स्टैंडर्ड करने का सुनहरा मौका मिलेगा. उन्होंने बताया कि कई ऐसे खाता धारक है जिनका एनपीए के कारण सिबिल खराब हो चुका है. इसके वजह से उन्हें किसी भी बैंक से ऋण नही मिल रहा है. इस सुनहरे मौके का उनके शाखा के एनपीए खाताधारक लाभ उठाकर सिबिल ठीक कर सकते है. इस संबंधित बैंक ने सभी एनपीए खाता धारकों को सूचना जारी करते हुए उक्त शिविर में पहुंचकर खाता बंद/स्टैंडर्ड करवाने की अपील किया है. ऐसा नही करने वालो के खिलाफ नियमसंगत कारवाई की जा सकती है. उन्होंने बताया कि ऋण लेना अच्छी बात है परंतु उसे समय से अदा करने से ही साख बने रहते है और भविष्य में अधिकाधिक लाभ लिया जा सकता है।

वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): बरही प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायती राज की और से वार्ड सदस्यों का बैच वार तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार के हुआ। प्रशिक्षण में पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर पुष्पा कुमारी द्वारा पंचायत का विकास में वार्ड सदस्यों का जिम्मेदारी, कर्तव्य एवं अधिकार के बारे में जानकारी दी। प्रथम बैच में बेंदगी, रसोइया धमना, बरही पूर्वी एवं बरही पश्चिमी से लगभग 40 वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। जहां सभी वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्य एवं जिम्मेदारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई। वहीं इस दौरान बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंद्वार इंदवार ने वार्ड सदस्यों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाने की बात कही।

भामाशाह बरही ने सरस्वती संस्कार केन्द्र सिंहरावाँ में पाठ्य सामग्री का किया वितरण

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र सिंहरावाँ में पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौक़े पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय संस्कार केन्द्र प्रमुख प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी, आचार्या जूली कुमारी, सुनीता कुमारी संस्कार केन्द्र संचालक मनोज कुमार की उपस्थिति रही। जूली कुमारी ने भैया बहनों को संस्कारयुक्त परिवेश से अवगत कराया। वहीं सुनीता कुमारी ने रत्नाकर से बाल्मीकि बनने की कथा से अवगत कराया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यालय अपने संस्कार केन्द्र के उत्थान हेतु पूर्ण रूप से संकल्पित है।

प्रखंड क्षेत्र में लगभग 21 करोड़ की लागत से एक दर्जन सड़कों का होगा निर्माण

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता): विधायक की पहल पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई पटकथा लिखी जा रही है। क्षेत्र के सभी हिस्सों में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर लगभग एक दर्जन सड़कों का निर्माण होना है। उक्त सड़कों के निर्माण में लगभग 21 करोड़ की लागत आएगी। विधायक के अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग से पथों के निर्माण के निमित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो गई है। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है और बहुत जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा। **इन सड़कों का होगा निर्माण :** प्रखंड क्षेत्र के एनटीपीसी पथ चेपाखुर्द से चेपाकला तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क, जुबला से चानो तक की लगभग 6 किलोमीटर सड़क, हरली शिव मंदिर से नापो कला पथ होते हुए सतबहिनी पुल तक 5 किलोमीटर पथ का निर्माण, लुरुंगा से इंदरा तक की 6.5 किलोमीटर पथ, महुदी मध्य विद्यालय से चुंबा गड़ा तक 3.5 किलोमीटर सड़क, बड़कागांव सूर्य मंदिर से आराहरा तक 4 किलोमीटर पथ, डोकाटांड़ से बरबनिया होते हुए मलडीह तक 4 किलोमीटर पथ, आंगो आर ई ओ रोड से कर्माटांड़, बधपंजा भाया कोयलंग सरना बगाही तक 4 किलोमीटर पथ, कांडतरी से बुढ़वा महादेव तक 2.4 किलोमीटर, लुरुंगा मुख्य पथ से आदिवासी टोला भाया में लेटवाटांड़ चानों तक 3.4 किमी पथ व नापो खुर्द से असनाटांड़ तक 2.7 किलोमीटर पाठ का निर्माण विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर होना है।

चरही पुलिस के द्वारा रंगे हाथ चोरी करते पकड़ा गया एक अभियुक्त

चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): चरही थाना क्षेत्र के सीसीएल तापिन नॉर्थ मे मध्य रात्रि को चोरी करते हुए रात्री गस्ति दल चरही पुलिस के द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया । अभियुक्त का नाम सद्दाम हुसैन पिता मुस्तकीम खलीफा पता पिपरा थाना चरही हजारीबाग साथ एक अन्य अभियुक्त अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक बिना कागजात का मारुति वैन, दो मोटा ताला तोड़ने वाला रड्ड, पैचकश जप्त हुआ ,जबकि घटनास्थल से टूटा हुआ ताला बरामद हुआ है। उक्त घटना की प्राथमिकी दर्ज की गई है और अग्रिम कारवाई की जा रही है।

जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए श्रीदस के विद्यार्थी का चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : झारखंड स्टेट खो -खो एसोसिएशन ने हजारीबाग जिला में जिला स्तरीय एक दिवसीय खो खो प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल का आयोजन कर्जन मैदान, हजारीबाग स्टेडियम में किया। जिसमें देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का भी चयन किया गया। विद्यार्थियों के आकर्षक एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्राचार्य कैलाश कुमार के द्वारा उन चयनित सभी खो-खो खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है, आज के दौर में प्रतिस्पर्धा की भावना से हम एक दूसरे से बेहतर कार्य कर सकते हैं। खेल प्रतियोगिता आपस में भेदभाव नहीं बल्कि आपसी भाई चारा की बात सिखाते हैं।

जेबीकेएसएस के पंचायत स्तरीय कमिटी का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : जेबीकेएसएस संगठन की मजबूती को लेकर प्रखंड के ग्राम कांडतरी पुराना स्कूल के प्रांगण में बैठक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र कुशवाहा व संचालन धर्मनाथ कुशवाहा ने किया। जेबीकेएसएस को बूथ स्तर पर मजबूती करने का संकल्प लिया गया। बैठक में जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य राकेश मेहता, विकास कुमार उर्फ मिथिलेश कुमार, जानिसार आलम, सुनीता साहू , राजकिशोर, अशोक, रामचरित्र, प्रमोद प्रधान उपस्थित हुए। अध्यक्ष रामचंद्र कुशवाहा, सचिव रवींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष कुलदीप राणा, उपाध्यक्ष भीमदेव कुमार, जयपाल कुमार, उपसचिव पृथ्वीराज रंगदार, मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी जयदीप कुमार, खिरोधर महतो को सर्व सहमति से पदभार दिया गया। मौके पर अनुराधा, आरती देवी, उषा देवी, जयदीप, मनोज, लालदेव आदि उपस्थित थे।

सब्जी की आड़ में अंग्रेजी शराब की अवैध तस्करी, विष्णुगढ़ पुलिस ने किया विफल

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने 1536 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त कर मामला दर्ज किया है।इस बाबत बताया गया कि मिली गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई जिसमें मडमो डुमरियाटांड़ से सफेद रंग की बोलेरो पिकअप वाहन में बैगन एवं बंधगोभी की आड़ में छुपा कर 28 कार्टून रॉयल चैलेंज एवं 36 कार्टून रॉयल स्टेग अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया।इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 268/2023 धारा 414,272,273,290,420,467, 468,भादवि एवं 47 (ड्ड)उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।छापेमारी टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह शामिल थे।

जरबा पंचायत भवन में लगाया गया निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज की संयुक्त तत्वावधान में दिन बुधवार को चुरचु प्रखण्ड स्थित जरबा पंचायत भवन में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क दांत का जांच, निःशुल्क नेत्र का जांच एवं निशुल्क रक्त का जांच हुआ। जिसमें कुल 108 ग्रामीणों एवं अन्य जरूरतमंदों का शिविर में निशुल्क दांत एवं नेत्र का जांच के साथ दवाई बांटा गया एवं चिकित्सकों द्वारा जरूरतमंदों ने निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर का नेतृत्व जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सोम्या राज ने किया तथा विभिन्न बीमारियों व उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं जरूरतमंदों को शिविर में स्केलिंग और निष्कर्षण जैसी प्रक्रिया की सेवाएं दी। इस अवसर पर जरबा पंचायत के पंचायत वासियों ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज का आभार जताया। श्रीनिवास अस्पताल व डेंटल कॉलेज की मेडिकल एंव डेंटल टीम की सरहाना की एवं बहुत- बहुत साधुवाद दिया।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय साँढ़ में शिक्षक व अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : उत्क्रमित मध्य विद्यालय साँढ़ में शिक्षक व अभिभावक के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया भीखन महतो व संचालन कुमारी गिन्नी वर्मा ने किया। बैठक में प्रधानाध्यापक उचित्रा देवी एंव शिक्षक मनोज कुमार नायक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवदयाल कुमार के द्वारा अभिभावकों से नियमित समय पर प्रतिदिन बच्चों को साफ - सुथरा स्कूल भेजने का अपील किया। साथ ही साथ शिक्षकों के द्वारा यह बताया गया की विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनके होमवर्क में उनके माता-पिता भी उनका सहयोग करें तथा अपने बच्चों को बुरी संगत से दूर रखे। पूर्व मुखिया भीखन महतो ने प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अभिभावकों को संबोधित किया तथा अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए आगे भी विद्यालय-अभिभावक गोष्ठी में आने का अपील किया। मौके पर शिक्षक मुख्य रूप से नंदकिशोर नारायण देव, उमेश प्रसाद दाँगी, सबिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, परमेश्वर कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवदयाल कुमार, सदस्य प्रहलाद कुमार, प्रकाश कुमार, रंजित पासवान, संयोजिका पूनम देवी, छात्रों के अभिभावक मुन्नी देवी, मालती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बरियट्ठा में प्रधानमंत्री आदिम जनजाति समूह के बीच स्वास्थ्य मेला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रधानमंत्री आदिम जनजाति समूह विकास मिशन के तहत स्वास्थ्य मेला का आयोजन की जा रही है। जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग, सिकल सेल एनीमिया स्क्रीननिंग, आधार कार्ड फॉरमेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन, गोल्डन कार्ड फॉरमेशन एवं आधार कार्ड सेवाएं उपलब्ध किया जाना है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत बरियठ्ठा बिरोहोर टोला में अस्पताल डीएस के आदेशानुसार मेला का आयोजन किया गया। मौके पर डीएस प्रकाश ज्ञानी, मुखिया मोतीलाल चौधरी सहित अस्पताल के टीम ने भाग लिया। मेला में एएनसी 3, एनीमिया टेस्ट 5, एमसीडी 11 गोल्डन कार्ड 6 बनाया गया। मेला में डॉक्टर की टीम में एमओ डॉ अंकुर बिहान, सीएचओ डॉ सनोवर परवीन, एलटी में प्रहलाद, अनीता कुमारी, एमपीडब्ल्यू उपेंद्र कुमार दास, एएनएम मालती देवी, बीटीटी रीना कुमारी, एसएस माया देवी, अस्पताल कर्मी पंकज कुमार आजाद एवं क्षेत्र के सहिया मौजूद थी। मौके पर डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि आगामी 10 नवंबर को केवाल बिरहोर टोला व 11 नवंबर को तेतरिया भंडारों बिरहोर टोला में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा।

मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा हजारीबाग जिला के 25-हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र एवं सदर प्रखण्ड क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गयाढ्ढ इस क्रम मे मतदान केंद्र संख्या-307 एवं 308-संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय, होली क्रॉस रोड, हजारीबाग, मतदान केंद्र संख्या-310, 311 एवं 312-संत कोलम्बस कॉलेज, कॉमन रूम, मतदान केंद्र संख्या-313, 314-संत कोलम्बस कॉलेज, मेन गेट हॉल, मतदान केंद्र संख्या 434 एवं 435 मध्य विद्यालय बभनवै, मतदान केंद्र संख्या-446, 447, 448 एवं 449-मध्य विद्यालय, हरहद का निरक्षण किया गयाढ्ढ सभी उपस्थित बी0एल0ओ0 एवं सूपर्वाइज़र को घर-घर जाकर नए मतदाताओं का नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र-6 भरने मृत मतदाताओं के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए प्रपत्र-7 भरने एवं प्रपत्र-8 के माध्यम से फोटो सुधार एवं अन्य सुधार करने हेतु निदेश दिया गयाढ्ढ आयुक्त के द्वारा सभी बी0एल0ओ0 को दिव्यांग मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों/महत्वपूर्ण व्यक्तियों का प्रपत्र-8 के माध्यम से मार्किंग करने 80+ आयुवर्ग के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करने का निदेश दिया गया ।

राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में नैंसी तिवारी ने गोल्ड मेडल जीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ज्ञान - विज्ञान मेला 2023 जो अमृतसर पंजाब में संपन्न हुआद्य उक्त मेला में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली, हजारीबाग की बहन खुशी रंजन ने विज्ञान प्रयोग में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया द्य गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह 2023 सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,बेतिया में आयोजित में बहन नैंसी तिवारी ने 14 वर्षीय गर्ल्स वर्ग में 4म 100 मीटर रेस में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित कियाद्य दोनों बहनों के द्वारा अखिल भारतीय प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव, संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैद्य. सचिव एवं प्राचार्य जी ने कहा दोनों बहनों के द्वारा इस वर्ष भी पूरे भारतवर्ष में जीत का परचम लहराने से विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली हैद्य पूरे विद्यालय में इस शानदार उपलब्धि से हर्ष का वातावरण हैद्य गौरतलब है कि विद्यालय के आचार्य बंधु -भगिनी ने भी दोनों बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैद्य अखिल भारतीय ज्ञान- विज्ञान मेला में बतौर संरक्षक आचार्य के रूप में विद्यालय के आचार्य राजीव रंजन के निर्देशन में बहन खुशी रंजन ने प्रतियोगिता में भाग लियाद्य राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में बहन नैंसी तिवारी ने विद्यालय के शारीरिक आचार्य रणजीत सिंह यादव के दिशा निर्देश में प्रतियोगिता में भाग लिया ।

नगर आयुक्त से मिलकर शहरी क्षेत्र के विकास पर किया चर्चा

हजारीबाग : झारखंड मुक्ति मोर्चा का शिष्ट मंडल आज नगर आयुक्त से मिल कर जन समस्याओं से अवगत करवाया।शिष्ट मण्डल की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विनोबा भावे अध्यक्ष चंदन सिंह ने आगामी कुछ दिनों में महा पर्व छठ और दिवाली को लेकर सभी छठ घाटों और सहर के मार्गों की साफ़ सफ़ाई करवाने का आग्रह नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार से किया।ज़िले के शहरी क्षेत्र में जल समस्या को ले कर भी विस्तृत चर्चा हुई जिसमें नगर आयुक्त ने जल्द ही ज़िले के शहरी क्षेत्र में पाइप के ज़रिये ज़िले के विभिन्न जलाशयों से पीने के पानी को उपलब्ध करवाने की बात कही उन्होंने वर्षा के पानी को संग्रहित करने के लिए भी लोगों को जागरूक करने की बात कही।पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह ने मटवारी क्षेत्र में छात्रों की समस्याओं के संबंध में भी आयुक्त से बात किया।झारखंड मुक्ति मोर्चा से हुई वार्ता में आयुक्त महोदय ने अस्वस्त किया कि आने वाले दिनों में हमारी ओर से पूर्ण प्रयास होगा कि ज़िले में पार्किंग और पीने के पानी की समस्या से ज़िले को छुटकारा मिले और हज़ारीबाग़ नगर निगम विकसित नगर निगम बने। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से शामिल थे चंदन सिंह,अख़्तर हाशमी,शौरब सिन्हा,मो.इमरान और रोहित कुमार।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में किया गया हैकाथॉन 2023 का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : आईसेक्ट विश्वविद्यालय व पी5 डिजिटल सॉल्यूशन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय समस्याओं का तकनीकी समाधान को लेकर बुधवार को तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में हैकाथॉन का आयोजन कार्यक्रम के प्रायोजक ट्रू इन्फो सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, सह प्रायोजक समृद्धि इन्फ्रावर्क प्राइवेट लिमिटेड, जनजागरण केंद्र एवं विजय आर्ट के सहयोग से किया गया। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि वर्तमान युग, डिजिटल युग का है और ऐसे में लोक समस्याओं का डिजिटली समाधान आवश्यक हो गया है। ऐसे में हैकाथॉन कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अहम साबित होगा। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि दरअसल ऐसे कार्यक्रम ना सिर्फ तकनीकी समाधान का जरिया बनेगा बल्कि इससे विद्यार्थियों को नए और इन्नोवेटिव आइडिया के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा। पी5 डिजिटल सॉल्यूशन के सह संस्थापक निशांत कुमार व तनवीर रज़ा ने कहा कि आने वाले समय में निश्चित रूप से समाज में तकनीकी रूप से क्रांतिकारी बदलाव होंगे और उसमें डिजिटली सॉल्यूशन की अधिक अहमियत होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि आईटी संभावनाओं से भरा क्षेत्र है। सुनहरे भविष्य के लिए विद्यार्थी इस ओर रूख कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आईटी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए पी5 डिजिटल सॉल्यूशन में इंटर्नशिप की भी सुविधा है।जनजागरण केंद्र के संचालक संजय सिंह ने कहा कि आज हर हाथ में कमोबेश मोबाइल है। अधिकांश घरों में कंप्यूटर और लैपटॉप हैं। ऐसे में आम समस्याओं का तकनीकी समाधान समाज के लिए अहम साबित होगा। निंबस बीपीओ के एचआर हिमांशु पाण्डेय ने भी प्रतिभागियों को संबोधित कर सभी का उत्साहवर्धन किया।

बिरहोर टोला में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रधानमंत्री आदिम जनजाति समूह विकास मिशन योजना के तहत विष्णुगढ़,चेडरा पंचायत के बिरहोर टोला में स्वास्थ्य मेला का का आयोजन विष्णुगढ़ सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ.अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। लगाए गए स्वास्थ्य मेला शिविर में डॉक्टरों की टीम ने बिरहोर जनजाति के युवा,महिला,बच्चो एवं बुजर्गो की स्वास्थ्य जाँच की गई जिसमें,मधुमेह, उच्च-रक्तचाप ,बुखार एवं महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जाँच की गई। जाँच शिविर में बिरहोर महिलाओं में एनीमिया की जाँच पर विशेष जोर दिया गया,जिससे बिरहोर महिलाएं प्रसव के बाद या प्रसव के पूर्व आने वाली समस्याओं से बची रह सके। शिविर में उपस्थित आयुष्मान मित्र नीरज कुमार ने बिरहोर टोला में निवास करने वाले सभी करीब 15-20 घरो में निवास करने वाले बिरहोर परिवारो की आयुष्मान कार्ड की जाँच की जिस बिरहोर परिवार में आयुष्मान कार्ड नही है उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए सूची बनाकर मुखिया निर्मल कुमार एवं सहिया दीदी से उन समस्याओं जैसे आधार कार्ड,मोबाइल नंबर से लिंक ना होना,राशन कार्ड में नए सदस्यों की एंट्री करवाना समेत अन्य समस्याओं के समाधान करने की बात कही गई।इस मौके पर बिरहोर टोला में आई नई बहू ने आगे की पढाई जारी रखने की बात कही जिसका उत्साह वर्धन करने के लिए मुखिया निर्मल कुमार ने सांकेतिक रूप से कॉपी और कलम भेंट की, डॉ. कुमार ने अपनी तरफ से किताबों को रखने को लिए बैग खरीदने की राशि अपनी ओर से भेंट की।इस मौके पर डॉ. अरुण कुमार सिंह,मुखिया निर्मल कुमार,पंसस मुन्नी देवी समेत टीम ने बिरहोर बस्ती का मुआयना किया,घरो की स्वच्छता एवं बच्चों के टीकाकरण की जानकारी ली।

ट्रांसजेंडर समूह के लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु विशेष शिविर का हुआ आयोजन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): ट्रांसजेंडर समूह के लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु बुधवार को पतरातू प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कार्यालय, पतरातू के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पतरातू द्वारा 9 ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया वहीं सभी को मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराने हेतु प्रारूप 6 (नियम 13 एक और 26) भरवाया गया। साथ ही सभी के आधार कार्ड में लिंग बदलने हेतु राज्य स्तरीय कार्यालय को प्रतिवेदन भेजा गया। शिविर के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पतरातू, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पतरातु, बाल संरक्षण पदाधिकारी, एलपीओ रामगढ़, निर्वाचन सहायक पतरातू एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों, बीएलओ, सेविका सहायिका सहित अन्य उपस्थित थे।

रामगढ़ एसडीओ ने दीपावली व धनतेरस के अवसर पर यातायात व्यवस्था कई रूट लाईन को परिवर्तित किया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): दीपावली व धनतेरस के अवसर पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 10.11.2023 से दिनांक 12.11.2023 तक (06.00 बजे पूर्वाह्न से रात्रि 12ः00 बजे तक) रामगढ़ शहर में मालवाहक गाड़ी / ट्रक / टेम्पू के आवागमन को पूर्णतः बंद करते हुए रूट लाईन निम्न प्रकार परिवर्तित किया जाता है।1- कोई भी मालवाहक गाड़ी / ट्रक / टेम्पू / भारी वाहनों / सवारी गाड़ी इत्यादि को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा ।2- कोई भी मालवाहक गाड़ी या ट्रक / बस / भारी वाहनों का पटेल चौक से कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक (भाया सुभाष चौक) तथा कोरिया घाटी, बोंगाबार चौक से पटेल चौक तक प्रवेश वर्जित रहेगा।3- कोई भी मालवाहक गाड़ी / ट्रक / बस / भारी वाहनों का बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बरकाकाना तक प्रवेश वर्जित रहेगा ।

विधायक ने लाखों की लागत वाली चार योजनाओं का किया शिलान्यास

पाकुडिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड प्रदेश बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने बुधवार को डीएमएफटी मद द्वारा पांच योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने पाकुडिया प्रखंड के पंचायत खजुरडंगाल गोविंदपुर लतारटोला में 24.51 लाख की लागत से पासीसी सड़क निर्माण, पंचायत फुलझींझरी ग्राम फुलझींझरी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 39.00 लाख लागत से अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण, पंचायत गणपुरा ग्राम गणपुरा प्रोजेक्ट प्लस- टू विद्यालय में 38.87 लाख के लागत से अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण, पंचायत खाक्सा ग्राम पहाड़ खाक्सा जहरीटोला में 35.68 लाख के लागत से पीसीसी पथ निर्माण, पंचायत पलियादहा ग्राम पलियादहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 19.00 लाख की लागत से अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ व फिता काटकर किया। इससे पहले शिलान्यास स्थल पहुंचे विधायक का संबंधित इलाकों में पारंपरिक आदिवासी रीति रिवाज से माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि लोगों की मूलभूत जरुरतों को देख कर महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में कई विकास योजनाएं विभिन्न मद की राशि से संचालित है। विकास कार्यो को धरातल पर उतारने के लिए मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने योजना स्थल पर उपस्थित संवेदकों से कहा कि गुणवत्तापुर्ण कार्य कर योजनाओं को ससमय पुरा करने का काम करें। विद्यालय में वर्ग कक्ष का कमी रहने से छात्रों को पठन पाठन करने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब अतिरिक्त कक्ष बन जाने से छात्रों को सुविधा होगी। हेमंत सोरेन की सरकार भी राज्य के शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के भविष्य को लेकर काफी गंभीर है। यहान के छात्रों को अच्छी माहौल में गुणवत्तापुर्ण शिक्षा मिल सकें, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को समस्याएं बताई तथा आवेदन दिया। विधायक ने इनके समाधान का भरोसा दिया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, जेई मनोज कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, देवीलाल हांसदा, मईनुद्दीन अंसारी, खुर्शीद आलन, देवीधन टुडू, अशोक भगत, निवारण मरांडी, कालीदास टुडू, मुखिया अरविंद टुडू, अली मुहम्मद अंसारी, जहीरूद्दीन अंसारी, सुबाषिनी मुर्मू, मुनीराम मरांडी, छोटू भगत, लालबाबू शेख, विनोद भगत, कन्हैया भगत, नाजीर सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

15 नवंबर से आयोजित होगी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ बैठक कर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उक्त कार्यक्रम के तहत 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक जिला अंतर्गत सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय शिविर किया जाना है। उन्होने पदाधिकारियों एवं कर्मियों से इसे रूटीन कार्य की तरह नहीं बल्कि उत्सव के रूप में किये जाने की बात कहीं। ग्रामीणों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, माइकिंग सिस्टम दुरुस्त रखे जाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी शिविर में अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाये जाने का निर्देश दिया गया। सभी अहर्ता प्राप्त एवं जरूरतमंद तक पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभ। उपायुक्त ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिए जा रहे लाभ को समाज के अंतिम लाभुक तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायत, सभी गांव टोला में शिविर आयोजन के 4 दिनों पहले से व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया ताकि अधिकाधिक लोग शिविर का लाभ ले सकें। उन्होने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। शिविर के लिए स्थल चयन में ग्रामीणों की सहूलियत एवं आवागमन का विशेष ध्यान रखें। उपायुक्त के द्वारा शिविर का आयोजन पंचायत भवन या उसके आसपास ऐसे जगह करने का निर्देश दिया गया जो ग्रामीणों के लिए सुविधाजनक हो तथा ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो सकें। शिविर का संचालन योजनाबद्ध तरीके से हो इसके लिए उन्होंने प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी के प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होने पंचायत स्तरीय शिविर में सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी के साथ-साथ विभागीय पदाधिकारी को भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगो का गठन किया है। शिविर में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी जाएगी। अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। राजस्व से जुड़े मामले जैसे म्यूटेशन, मापी लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकॉर्ड में त्रुटियों को दूर करने,सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सीएम पशुधन योजना के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे।

सुरक्षा दृष्टिकोण से उपायुक्त ने किया व्यवहार न्यायालय परिसर का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सुरक्षा दृष्टिकोण से बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ पीयूष पांडे के साथ छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय, परिसर रामगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने व्यवहार न्यायालय परिसर में वर्तमान में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसके उपरांत उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा कर्मियों के प्रतिनियुक्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने व्यवहार न्यायालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों, फिस्किंग पॉइंट आदि का भी जायज लिया। इस दौरान रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय परिसर रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, नजारत उप समाहर्ता रामगढ़, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़, सार्जेंट मेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

दीपावली पर्व के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया विभिन्न पटक विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : आगामी दीपावली पर्व के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ शीलवंत कुमार भट्ट ने रामगढ़ शहर अंतर्गत विभिन्न पटाखा विक्रेताओं की दुकानों गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने गोला रोड, चट्टी बाजार, लोहार टोला, नेहरू रोड सहित अन्य क्षेत्रों में पटाखा विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण कर उनके लाइसेंस, स्टॉक आदि की जांच की वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी विक्रेताओं को किसी भी हालत में भीड़भाड़ वाले स्थलों में पटाखे की बिक्री न करने एवं नियम अनुसार तरीके से पटाखे की बिक्री करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों से सम्बंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने उपायुक्त को पंचायती राज के तहत चलने वाली योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। जिसपर उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पंचायत स्तर पर डाटा कलेक्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को पंचायत स्तर पर समिति गठित करते हुए विकास योजनाओ के चयन करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों सहित अन्य उपस्थित थे।

ईआरएमयू ने कोयला साइडिंग में रेल कर्मियों की सुविधा बढ़ाने की रखी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा के सचिव एवं अध्यक्ष ने कोयला साइडिंग में काम करने वाले रेलवे कर्मचारियों के लिए सुविधा बढ़ाने की मांग उठाई। बुधवार को यूनियन के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे एवं शाखा सचिव संजय ओझा ने कोयला साइडिंग का निरीक्षण किया। यहां काम करने वाले रेलवे कर्मचारियों के लिए सुविधा बढ़ाने को लेकर कोयला साइडिंग के प्रबंधक के साथ बैठक भी की। इस क्रम में डब्ल्यूबीपीडीसीएल एवं कोयला साइडिंग में गार्ड ड्राइवर रेस्ट रूम की व्यवस्था करने, फर्नीचर तथा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कोल कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष मांगों को रखा। गाड़ी का जीडीआर बनाने के लिए पाथवे का निर्माण एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था की मांग भी की। वहीं उसे बैक सेटिंग के समय एक हूटर अलार्म लगाने को कहा गया।ताकि किसी भी मानवीय दुर्घटना से बचा जा सके। कोयला साइडिंग के दुर्गापुर छोर पर भी एक शेड बनाने को कहा। ताकि वहां कार्यरत टीएक्सआर स्टाफ एवं गार्ड ड्राइवर को धूप, बरसात आदि से राहत मिले। इस संबंध में शाखा सचिव द्वारा डब्ल्यूबीपीडीसीएल के महाप्रबंधक एवं डीबीएल कोयला साइडिंग के महाप्रबंधक को पत्राचार भी किया गया था। जिस पर उनके तरफ से आश्वासन दिया गया था कि स्थल निरीक्षण का कार्य को यथा शीघ्र पूरा कर सुविधा बढ़ाने हेतु त्वरित कदम उठाया जाएगा।

सरकार जनता के लिए चला रही है कई योजनाएं, कागजों पर नहीं धरातल पर योजना उतारें : सुधीर मंगलेश

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): दुलमी प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड बीस सूत्री की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने की। बैठक में 20 सूत्री कमेटी के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभाग के प्रतिनिधि पहुंचे। बैठक का संचालन दुलमी बीडीओ सुनिल प्रजापति ने किया। मौके पर सभी विभाग प्रतिनिधि ने एक-एक कर प्रखंड में चलाए जा रहे योजनाओं के संबंध में जानकारी बीस सूत्री कमेटी को दी। साथ ही कमेटी द्वारा दिए गए सुझाव को धरातल पर उतरने की बात कही। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की सरकार द्वारा जनता के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। परंतु कई विभाग की ऐसी भी जानकारी मिल रही है कि योजना सिर्फ कागजों में ही चलाया का रहा है और जरूरतमंदों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। कहा कि अगर इस प्रकार की लापरवाही बरती जा रही है तो इसपर जल्द सुधार किया जाए। जांच के दौरान अगर ऐसा कोई भी मामला प्रकाश में आता है तो इसपर संबंधित पदाधिकारी पर कार्यवाई की जाएगी। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने सभी विभाग पदाधिकारियों से पंचायत व ग्राम स्तर पर कैम्प लगाकर योजनाओं की जानकारी देने और जरुरतमंदों को लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही अबूआ आवास का लाभ जरुरतमंदों को मिले इस पर विशेष चर्चा किया गया।मौके पर प्रखंड बीस सीडीपीओ पुनम कुमारी, 20 सूत्री सदस्य दिलीप शर्मा, अल्ताफ अंसारी, प्रमान्द सिंह, प्रकाश करमाली, मदन नायक सहित, अंचल, आत्मा, विद्युत एवं मनरेगा विभाग से प्रतिनिधि व सभी पंचायत सेवक व रोजगार मौजूद थे।

विधिक सेवा केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के आदेशानुसार विधिक सहायता केंद्र मांडू ब्लॉक में लोगों को राष्ट्र विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर के बैनर तले। कानूनी जानकारी में उन्हें विधिक सेवा केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया, साथ ही निशुल्क विधिक सेवा पाने के हकदार कौन-कौन है इसके बारे में बताया। विधिक सेवा कहां से प्राप्त कर सकते हैं ,और प्राप्त करने का तरीका क्या है इसकी भी जानकारी दी गई।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-27, दिनांक 07.11.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 15 स्टेशनों (बीएएनओ, ओआरजीए, जीबीएक्स, बीएलआरजी, एनकेएम, टीआईएस, पीआईएस, एलएडी, जीएजी, एसएलएफ, जेएए, एमयूआरआई, आरएमटी, एसएसआईए, टीएचओ) पर दिव्यांगजनों की सुविधाओं के लिए रैंप के कार्य के संबंध मे ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,20,40,928.63। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 2,10,200/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.12.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिएं। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा मे भाग ले सकते हैं। (PR-786)

पति ने पत्नी की निर्मम हत्या कर फरार, पुलिस जांच में जुटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिले के भदानीनगर पाली नवा टोला स्थित घर के मामूली विवाद मनमुटाव के कारण सनकी पति मुखदेव बेदिया ने अपने ही पत्नी कोतो देवी को निर्मम तरीके से हत्या कर जंगल की और फरार हो गया। घटना का पता तब चला जब बेटी पायल कुमारी स्कूल से पढ़ाई कर घर वापस लौटी तो उनके पिता घबराते हुए बेटी से झूठ बोलता है कि मम्मी घर से कहीं बाहर चल गई है जब तक बेटी घर के अंदर की ओर गई हत्यारा मुखदेव बेदिया मौके देख नदी की तरफ से भागते हुए जंगल की तरफ भाग गए। घटनाक्रम को सूचना मिलते ही भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद पुलिस दल-बल के घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी और शव का पंचनामा करते हुए

शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है। बताते चलें कि लोगों के बीच चर्चा है कि इससे पुर्व भी सनकी मुखदेव बेदिया ने एक बेटी को जिंदा जलाकर हत्या कर दिया था लेकिन प्रमाण नहीं होने के कारण कानून के चंगुल से बच गया। मृतक कोतो देवी के तीन संतान है एक पुत्र करन कुमार और दो बेटियां जिसका नाम नितू कुमारी व पायल कुमारी है जो माता की मौत के बाद अब पूरी तरह बेसहारा हो गई है।

मध्य प्रदेश चुनाव ड्यूटी में कोयला क्षेत्र सिरका समेत जिले से 29 होमगार्ड की हुई सूची जारी

9 नवंबर को पुलिस केंद्र रामगढ़ में रिपोर्टिंग करने का मिला निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कोलियरी सिरका क्षेत्र समेत जिला रामगढ़ से 29 होमगार्ड को मध्य प्रदेश चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने संबंधी सूची जारी की गई हैं। इसके लिए 9 नवंबर को पुलिस केंद्र जिला रामगढ़ में रिपोर्ट करने व कारवाई निर्देश दिया गया हैं। साथ ही अपने साथ मौसम अनुरूप वेडिंग, दैनिक कार्य के लिए आवश्यक सामग्री, लाठी, वर्दी दो सेट लेने संबंधी भी पत्र में अंकित किया गया। सूची में कर्म परियोजना से संदीप बेदिया नंदकिशोर बेदिया, संजय कुमार, सुमित कुमार, लखेश्वर महतो, अजय कुमार, तोपा परियोजना से आदित्य मुंडा, शिवलाल महतो, मेघलाल महतो, आरा परियोजना से लालचंद प्रसाद, प्रेम कुमार, सुदेश मुंडा, केंद्रीय चिकित्सालय ने नईसराय से राजेंद्र गंझू, राजेश बेदिया, सदाफल महतो, सीआरएस बरकाखाना से समशाद आलम, मोहम्मद सबीर अंसारी, कुलदीप मुंडा, श्याम कुमार बेदिया, संजय बेदिया, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र चैनगड्डा से नंदकिशोर यादव, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र बरकाकाना से राजकिशोर महतो, डीवीसी रामगढ़ से मनिंद्र करमाली, कृपाल कुमार महतो, डीवीसी घाटों से सरोज कुमार यादव, सिरका परियोजना से अमित कुमार बेदिया, प्रकाश बेदिया, लिलामन करमाली, सुशील कुमार राम शामिल हैं। वहीं कोलयरी, बिजली, कर्मशाला प्रतिष्ठानों में सुरक्षा पाईटो पर प्रहरी की कमी होने की संभावना हैं। जिससे अव्यवस्था उत्पन्न हो जाएगी।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI

Very Short e-Quotation No. 03/2023-24 (7th Call)
P.R. No. 300921, 302592, 303831, 306629, 308405 & 309502
(Drinking Water & Sanitation) 23-24 (D)

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/ Jyoti/ WPIL/ Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https:// jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of HSC centrifugal HT pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 16.11.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 17.11.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

Address for Communication
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com
PR 311005 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

Executive Engineer,
D.W.& S. Mechanical
Urban Division,
Ranchi

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –13 वर्ष 2023–2024

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक:11.11.2023 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 11.11.2023 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक: 11.11.2023 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Construction of 04 nos Temporary Pucca Helipad at Anigara (Khunti) district khunti for the year 2023-24.	49,80,000.00	5,000.00	99,600.00	14.11.2023 तक
2.	Construction of 04 nos Temporary Pucca Helipad at Ulihatu (Khunti) district khunti for the year 2023-24.	49,80,000.00	5,000.00	99,600.00	14.11.2023 तक
3.	Construction of Approach Road, Barricading etc for the Helipad at Ulihatu at khunti, dist khunti for the year of 2023-24.	11,20,000.00	2,500.00	22,500.00	14.11.2023 तक
4.	Construction of Approach Road, Barricading etc for the Helipad at Anigara(Khunti), dist khunti for the year of 2023-24.	7,50,000.00	1,250.00	15,000.00	14.11.2023 तक
5.	E/R to Outer portion of Main Building occupied by SSB at Ulihatu in the Campus of Birsa Munda Complex for the Year 2023-24.	8,45,600.00	1,250.00	17,000.00	14.11.2023 तक

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
PR 311037 Building(23-24)D

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,खूँटी।

दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टुंडी के चरक गांव स्थित क्रिकेट खेल मैदान में आज बुधवार को सत्यम शिवम सुंदरम क्रिकेट क्लब के बैनर तले दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन जाताखूंटी मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम एवं उप मुखिया पूज्यंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। बताया जाता है कि जब से झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली खेलों झारखंड का शुभारंभ झारखंड में किया गया है तब से युवाओं में खेल के प्रति काफी उत्साह जगी है एवं युवा काफी मेहनत कर आए दिन खेल का आयोजन कर कई तरह के शील्ड एवं पुरस्कार पाने में सफलता हासिल किया है। टॉस के माध्यम से सत्यम शिवम सुंदरम बनाम एपीडी क्लब के बीच खेल का आयोजन किया गया यह खेल दो दिवसीय है एवं कुल 8 टीमों ने भाग लिया एवं आठ ओवरों का खेल होना बताया जाता है। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अंपायर विजय कुमार मंडल, अमर कुमार मंडल, कोमेंट्री में रंजीत कुमार पांडे, जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य रविकांत मंडल, टूर्नामेंट के अध्यक्ष रविंद्र कुमार मंडल, कप्तान के रूप में मिथुन कुमार मंडल, वार्ड सदस्या अनीता देवी, खेल सचिव सुभाष मंडल, उप सचिव चुनचुन मंडल, कोषाध्यक्ष विजय मंडल, उप कप्तान राजकुमार मंडल, स्वास्थ्य सहिया मधु सिंह समेत कई खेल प्रेमी मौके पर उपस्थित थे।

दिलराम पाण्डेय के सेवानिवृति पर दी गई विदाई

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टुंडी प्रखंड के सोनाद प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक दिल राम पांडे को सेवानिवृत होने के उपलक्ष में आज बुधवार को एक समारोह आयोजित कर स सम्मान विदाई दी गई जिसमें उनके द्वारा किए गए कार्यों को काफी सराहा गया एवं बच्चों के प्रति अच्छी सोच के लिए हमेशा याद किए जाने की बातें कही गई। मौके पर मुख्य रूप से सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मी नारायण पांडे, सेवानिवृत शिक्षक किशोरी पांडे, पूर्व प्रधानाध्यापक बासुकीनाथ पांडे, बीआरपी मनोज कुंभकार, सीआरपी हरिमोहन मुखर्जी, जिला प्रधान सचिव नवीन चंद्र सिंह, शिक्षक पंकज कुमार, रामेश्वर मंडल, कुलदीप पांडे, लक्ष्मण राय, मथुरा मंडल, आजसू के कार्यकारी अध्यक्ष सोनू मंडल, वार्ड सदस्य गौतम पांडे समेत कई ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का धरना, 4 दिसंबर को रांची में होगा धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के द्वारा 11 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के हजारों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों, सहिया साथी, एनएचएम कर्मचारी, पोषण सखी सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारियों का जुटान हुआ। इससे पहले एक विशाल महारैली का आयोजन किया गया। रैली हीरापुर हटिया होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी शामिल हुए। जिले में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे महासंघ की संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह चिकित्सा संघ के राज्य महासचिव संजुत कुमार सहाय ने बताया कि 11 सूत्री मांगों को लेकर विशाल महाधारणा और रैली का आयोजन किया गया। इस धारणा के माध्यम से कर्मचारियों के लिए हो रही समस्याओं से सरकार को अवगत कराने के लिए की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में आने से पहले सभी सहिया साथियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से वादा किया था कि उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन अब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया। मुख्य मांगों में तृतीय वर्ग के राज्यकर्मियों का न्यूनतम ग्रेड पे 2400 रुपए किया जाए, चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को तृतीय वर्ग के रिक्त पड़े पदों के 50 प्रतिशत पर पदोन्नति दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो 4 दिसंबर को रांची में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के समक्ष धरना प्रदर्शन की जाएगी।

निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में काम कर रहे सहिया, सहिया साथी, टीटी, एसटीटी, पारा मेडिकल, एएनएम आदि के लिए संवर्गीय नियमावली बनाई जाए। सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ा कर 65 वर्ष की जाए। आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के निर्गत नियमावली की त्रुटियों को सुधारा जाए। अवैतनिक चौकीदारों की सेवा नियमित कर पूर्ण सरकारी कर्मचारी घोषित की जाए तथा संघ या महासंघ के पदधारकों के स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से अशोक सिंह नयन, रवीश कुमार, शंकर दशोंधी, सोमा गोराई, गौतम सिंह, नरेश राव, रमेश सिंह, अनूप कुमार, सोनी पासवान सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

रेल एसपी ने कतरासगढ़ रेल थाना का किया निरीक्षण

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : रेल थाना कतरासगढ़ का बुधवार को धनबाद रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी ने निरीक्षण किया। रेल एसपी ने निरीक्षण के दौरान दैनिकी कांड, मालखाना, पुलिस कर्मियों के वर्दी आदि का निरीक्षण किया। कतरास रेल थाना प्रभारी नवीन कुमार रजक ने रेल एसपी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। रेल एसपी ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए रेल यात्रियों की विशेष सुविधा पर ध्यान रखना का निर्देश दिया। रेल यात्रियों के यात्रा के दौरान पुलिस उनके सुरक्षा के प्रति हमेशा चौकन्ना रहे। साथ ही उनके हर सुविधाओं का भी ख्याल रखें. पुलिस यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करे। रेल एसपी ने थाना निरीक्षण के बाद कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन का भी बारीकी से निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर चिन्हित कर उन जगहों पर विशेष निगरानी की बात कही। निरीक्षण में रेल एस पी के साथ रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा भी उपस्थित थे।

पुलिस ने अवैध कोयला लदे 2 ट्रकों को पकड़ा, चालक हुआ फरार

प्रभात मंत्र संवाददाता

डुमरी : निमियाघाट पुलिस ने अवैध कोयला लदे 2 ट्रकों को पीछा करके कुलगो टोल प्लाजा के पास से 7-11- 2023 को पकड़ने में सफल रही हालांकि इस दौरान दोनों ट्रकों के चालक अपने वाहन टोल प्लाजा के पास खड़ा कर भाग गया।बताया जाता है कि अवैध कोयला का परिवहन का रोकथाम हेतु एसपी के निर्देशानुसार चलाये जा रहे वाहन चेकिंग के दौरान धनबाद की ओर से आ रहे दो ट्रकों क्रमशः (जेएच 10एई 3484) और

(यूपी 55टी 5743) को रूकने का इशारा किया गया लेकिन वाहन चालक द्वारा वाहन को भगाये जाने लगा जिसके बाद निमियांघाट पुलिस ने पीछा करके दोनों ट्रकों को उक्त स्थान से पकड़ा हालांकि इस दौरान ट्रकों के चालक भाग गया।पुलिस ने ट्रक के केबिन में रखे कोयला से संबंधित कागजात का विधिवत जांच कराने पर कागजात फर्जी पाया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना ले आई साथ ही इस संबंध में ट्रक चालक,ट्रक मालिक, कोयला विक्रेता एवं इस अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त अन्य कोयला तस्कर के विरूद्ध काण्ड अंकित कर आगे की कार्रवाई में जूट गयी है।दोनों ट्रक पर करीब 25-25 टन स्टीम कोयला लोड है।

झरिया में वायु प्रदूषण के खिलाफ बीसीसीएल कार्यालय के बाहर आक्रोश प्रदर्शन, महाप्रबंधक शर्म करो के लगे नारे

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बीसीसीएल के एरिया 9 के महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, हस्ताक्षर अभियान के दौरान स्थानीय एकजुट हुए और विकास भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किये । प्रदर्शनकारी झरिया में प्रदूषण बंद करो, महाप्रबंधक शर्म करो का नारा लगा रहे थे । बड़ी संख्या में प्रदूषण से त्रस्त राहगीरों ने हस्ताक्षर कर बीसीसीएल कोयला कंपनी के मानक के विरुद्ध कार्यशैली पर सवाल उठाये । विकास भवन भगतडीह से कतरास मोड़ तक सड़क पर उड़ रहे धूलकणों से परेशान निवासियों में बीसीसीएल के प्रति आक्रोश देखा गया । लोगों ने बताया कि राजपुर परियोजना से कोयला ट्रांसपोटिंग के दौरान हाइवा के चक्का के साथ कीचड़ सड़क पर पहुँचता है फिर डस्ट बनकर इतना उड़ता है कि यहाँ जीना दुभर हो गया है । पीने का पानी पर भी धूलकण का परत जम जाता है ।

ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि कोयला खनन हेतु जनकल्याण मद का फण्ड अधिकारी गबन करते हैं । झरिया के सभी क्षेत्रों में गलत नीतियों से खनन कर प्रदूषण फैलाया जा रहा है । लाखों पेड़ काटे गए और बदले में कागज पर पौधारोपण हुआ, जिसका नतीजा है कि आज झरिया की हवा जहरीलीहो गई है, यहाँ के लोगों का रोगप्रतिरोधक क्षमता घट गया है जिसके कारण कैंसर,टी बी, अस्थमा, हृदय रोग, लिवर - किडनी से संबंधित घातक व गंभीर बीमारियों के गिरफ्त में हैं ।

दीपावली एवं छठ के अवसर पर 75 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें, जिनके द्वारा लगाएं जायेंगे 1131 फेरे

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : दीपावली एवं छठ के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । यात्रियों की मांग को देखते हुए इस वर्ष त्योहारों के सीजन में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से प्रारंभ/समाप्त होने वाली कुल 75 जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिसके द्वारा कुल 1131 फेरे लगाए जायेंगे । इन स्पेशल ट्रेनों द्वारा कुल 01 लाख 50 हजार बर्थ उपलब्ध कराये गये हैं। जबकि पिछले वर्ष इस दौरान कुल 60 जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया था जिसके द्वारा कुल 696 फेरे लगाए गये थे तथा इनमें कुल 01 लाख 05 हजार बर्थ थीं। उपरोक्त के अलावा दूसरे क्षेत्रीय रेलों से खुलकर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली कुल 19 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन किया जा रहा है । इन स्पेशल ट्रेनों द्वारा कुल 222 फेरे लगाए जाएंगे जिनसे 20 हजार से ज्यादा लोगों को बर्थ उपलब्ध कराया गया है । जबकि पिछले वर्ष इतने ही स्पेशल ट्रेनों द्वारा 100 फेरे लगाए गये थे जिनसे लगभग 10 हजार लोगों को बर्थ उपलब्ध कराया गया था। इसके साथ ही और कई दर्जन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की योजना बनाई जा रही है जिसकी अधिसूचना शीघ्र ही जारी की जायेगी।

दीपावली व छठ को लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मिठाई दुकान का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह ज़िले में दीपावली को लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ पवन कुमार ने बोडो एवं पचंबा के करीब दर्जन खाद्य प्रतिष्ठान जैसे मिठाई दुकान, होटल, रेस्तरां एवं खुदरा दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दुर्गा मिष्ठान भंडार, श्री गणपति मिष्ठान भंडार, हरी ओम मिक्सचर भंडार, ऋतुराज फैमिली रेस्तरां का विधिवत निरीक्षण किया। प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ खाद्य कारोबार करने का निर्देश दिया गया। खाना पकाने में साफ़ पानी का उपयोग करने, कर्मियों के स्वच्छता पर ध्यान देने, फूड सेफ्टी के अनुज्ञप्ति के साथ कारोबारों करने वाले कारोबारियों से समान की खरीद करने, उपयुक्त लेबल के साथ खाद्य सामग्रियों का पैक करने और खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया गया।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि कि दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार के मिलावटखोरी के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी।

पोषणसखियों ने जेएमएम कार्यालय के समक्ष दिया धरना, स्वस्थ कर्मी ने समाहरणालय में दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह जिले में लंबे समय से पुनर्बहाली की मांग को लेकर आंदलोनरत पोषणसखियों ने बुधवार को जेएमएम कार्यालय के समक्ष धरना दिया. इस दौरान पोषण सखी संघ की प्रदेश महासचिव प्रमिला कुमारी भी मौजूद रही धरना के दौरान पोषण सखियों ने हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. पोषण सखियों के धरने की जानकारी जब सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को मिली तो वह भी धरनास्थल पर पहुंचे और भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को वह जल्द ही विभागीय सचिव के समक्ष रखेंगे. सदर विधायक के इस आश्वासन पर पोषण सखी संघ की प्रदेश महासचिव प्रमिला कुमारी ने कहा कि यह आश्वासन पिछले कई माह से पोषण सखियों को मिल रहा है लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. हेमंत सरकार की ओर से उनकी मांगों पर कोई पहल नहीं की गई. ऐसे में यदि आने वाले समय में सरकार उनकी मांगों को नही सुनती है तो पोषण सखी अगले विधानसभा सत्र के दौरान धरना देने को मजबूर होंगी. *समाहरणालय में स्वास्थय कर्मियों ने दिया धरना* इधर समाहरणालय परिसर में राज्य स्वास्थयकर्मियों ने धरना दिया. इस दौरान कर्मचारी नेता अशोक सिंह समेत कई अन्य मौजूद रहे. स्वास्थ्य कर्मियों ने एएनएम,जीएनएम, पारा चिकित्सा कर्मियों को एक समान वेतन देने की मांग की।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : जिला महामंत्री बॉबी पांडेय के नेतृत्व में धनबाद महा नगर भाजपा महिला मोर्चा के तरफ से रणधीर वर्मा चौक पर आपत्तिजनक बयान देने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। मौके पर बॉबी पांडेय ने बताया कि आपत्तिजनक बयान से झारखण्ड ही नही पूरे देश की महिलाओं मे आक्रोश है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं। इससे यही साबित होता है की उनकी मानसिक संतुलन खराब हो गया है। उनके संस्कार में गदंगी भरी हुई है तथा सत्ता के नशा में भूल गए हैं कि वो एक मुख्यमंत्री के पद पर हैं। पहले तो वो बिहार के पलटू नेता के नाम से तो जाने जाते ही थे अब तो गिरे हुए नाली के कीड़ा का समान बन चुके हैं। धनबाद महानगर जिला महिला मोर्चा की जिला महामंत्री बॉबी पांडेय, वरिष्ठ महिला मोर्चा नेत्री रूनकी गुप्ता, महिला जिला मंत्री गुड़िया देवी, जिला मंत्री सुषमा गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रूबी ओझा, सदर मंडल, उपाध्यक्ष बसंती देवी, सुनीता केशरी आदि मौजुद थी।

दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता में झारखंड मैदान ने मारी बाजी

दूसरे स्थान पर जीएनएम कॉलेज कतरास तथा तीसरे स्थान पर भूली बी ब्लॉक

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : दुर्गा पूजा में शहर के झारखंड मैदान में बनाए गए पंडाल को स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।इस पंडाल को भव्यता के आधार पर खूब साराहा गया है। जबकि दूसरे स्थान पर जीएनएम कॉलेज पूजा पंडाल को चुना गया है तथा तीसरे स्थान पर भूली बी ब्लॉक के पूजा पंडाल को पुरस्कृत किया गया है।नगर निगम ने स्वच्छता के प्रति आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से पिछले वर्षो की तरह इस बार भी प्रतियोगिता का आयोजन किया था इसका परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ। प्रतियोगिता कल 100 अंकों की थी और सात मापदंडों के आधार पर आयोजित की गई. झारखंड मैदान 100 में से 46 अंक प्राप्त किया। कतरास के जी एन एम कॉलेज पंडाल ने 39 अंक प्राप्त किया तथा भूली बी ब्लॉक के पंडाल ने 31 अंक हासिल कर यह पुरस्कार जीता है। सिटी मैनेजर रणधीर वर्मा ने बताया कि तीनों आयोजनों में जुड़ी पूजा समितियां को जल्द नगर निगम की ओर से प्रमाण पत्र सोपा जाएगा।

क्या रहा मापदंड विजेताओं का

1.पंडाल परिसर में गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन पर 20 अंक।2.चिंतित स्थान पर प्रतिमा का विसर्जन घाट को कम गंदा करना 20 अंक।3. नॉन बायो डिग्रेडेबल कचरा निगम को सपना 15 अंक।4. प्रसाद वितरण में कागज पेट आदि का प्रयोग 15 अंक।5. पंडाल परिसर में सफाई मित्र की भागीदारी 10 अंक।6.नागरिकों के लिए पंडाल में इन्नोवेटिव वर्क 10 अंक।7.जुलूस के दौरान न्यूनतम प्लास्टिक अपशिष्ट उत्सर्जन 10 अंक शामिल है।

अरारी पंचायत के मुखिया ने शौचालय के प्रयोग के लिए लोगों को किया जागरुक

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बुधवार को अरारी पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी हर घर शौचालय को लेकर एक अभियान चलाते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे पंचायत के अंतर्गत कोई भी परिवार शौच के लिए बाहर नहीं जाएंगे इसके तहत आज ग्राम अरारी के पासवान टोला में एक बैठक कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया बताया गया कि शौच के लिए बाहर जाने से बीमारियां फैलती है इसलिए हमें स्वस्थ रहने के लिए शौचालय का ही प्रयोग करना चाहिए। शौचालय निर्माण के लिए लोगों को जागरूक किया गया एवं शौचालय निर्माण में विभाग से मिलने वाले सहयोग राशि के बारे में बताया गया एवं लोगों ने संकल्प लिया कि हम लोग 2 माह के अंदर छूटे हुए सारे परिवारों में शौचालय का निर्माण कर लेंगे ।

दलित शोषण मुक्ति मंच का देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : बुधवार को दलित शोषण मुक्ति मंच धनबाद जिला कमेटी की ओर से देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम रणधीर वर्मा चौक में आम लोगों से हस्ताक्षर कराया गया। राष्ट्रीय मुद्दों के साथ झारखंड और झरिया कोलफील्ड के प्रदूषण विस्थापन के साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ों सभी पर प्लान लागू किया जाए। देश में दलितों के उत्पीड़न, अत्याचार, संविधान को बदलने की साजिश एंव एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, पिछड़ों की योजनाओं में लगातार कटौती हो रही है, इस कटौती के खिलाफ और आरक्षण की रक्षा के लिए संविधान बचाओ - देश बचाओ के तहत 4 दिसंबर 2023 को महामहीम भारत के राष्ट्रपति को यह हस्ताक्षर अभियान सुपुर्द किया जाएगा। धनबाद जिले के अंदर 10,000 लोगों का हस्ताक्षर करवाने का फैसला है जिसके तहत बुधवार को रणधीर वर्मा चौक में स्वत- लोगों ने आकर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिए और 450 लोगों ने हस्ताक्षर किया।

तेरापंथी कोठी में आजसू पार्टी द्वारा डुमरी विधानसभा उपचुनाव की समीक्षा बैठक

डुमरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पिछले कुछ माह पूर्व डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी की उम्मीदवार यशोदा देवी के हार की समीक्षा के उद्देश्य से प्रखंड के इसरी बाजार स्थित तेरह पंथी कोठी में मंगलवार की शाम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने किया।मौके पर पार्टी की केंद्रीय कमिटी के पदाधिकारियों सहित गिरिडीह व बोकारो जिले के पदाधिकारीगण मौजूद थे।साथ ही डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आजसू की डुमरी,नावाडीह और चंद्रपुरा प्रखंड कमिटी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता शामिल हुए।

तीन दिवसीय पूनशवर्या प्रशिक्षण अग्र परियोजना की हुई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद : हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय झारखंड रांची की ओर से तीन दिवसीय पूनशवर्या प्रशिक्षण अग्र परियोजना केंद्र बेंगाबाद में सोमवार को प्रारंभ हुई। जिसकी उद्घाटन बेंगाबाद बीडीओ निशा कुमारी पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी अग्र परियोजना पदाधिकारी रवि शंकर शर्मा और पंकज प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण में 25 महिला पुरुष किसान शामिल थे इस संबंध में बताया गया कि भलकूदर पंचायत के बांसजोर की जनजातियां महिला पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग लिए हैं।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिनों के लिए है, जो 8 नवंबर तक चलेगा। इससे महिलाएं पुरुष धागाकरण कार्य से स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगी। प्रशिक्षण उपरांत इन महिलाओं को धागाकरण का कार्य दिया जाएगा। उन्हें शासन द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक उपलब्ध कराया जाएगा वहीं अग्र परियोजना पदाधिकारी रवि शंकर शर्मा ने किसानों के बीच कई आवश्यक टिप्स रखे।

राष्ट्रीय गौरव दिवस महा उत्सव के रूप में मनाएगी जो ऐतिहासिक होगा : पशुपतिनाथ पारस

कुडू मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यसमिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल में सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यसमिति बैठक कुडू बरहनिया स्थित विद्या मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य विषय 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती सह राष्ट्रीय जनजातीय दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री का आगमन खूंटी स्थित भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक गांव उलिहातु में होना एवं खूंटी स्टेडियम में प्रधानमंत्री का संबोधन कार्यक्रम में कुडू प्रखंड के कार्यकर्ताओं की सहभागिता थी। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पशुपतिनाथ पारस ने कहा कि भगवान

बिरसा मुंडा के धरती पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के साथ भाजपा कार्यकर्ता जन्म जयंती,राष्ट्रीय गौरव दिवस महा उत्सव के रूप में मनाएगी जो ऐतिहासिक होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने धरती आबा बिरसा मुंडा के बलिदान व संघर्ष को पूरे विश्व में स्थापित किया है, आज हमें उनकी विचारधारा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अंगीकार करते हुए बिरसा मुंडा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है और यह कार्य भारतीय जनता पार्टी झारखंड की स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा एवं भिन्न-भिन्न स्थानों पर उत्सव के रूप में बनाना यह दर्शाता है कि भाजपा एकमात्र ही ऐसी पार्टी है जो भारत के संपूर्ण क्रांतिवीरों के बलिदानों का सम्मान करती है,वहीं बहुत सारे दल आदिवासी जनजाति के नाम पर भंजाने का काम करती है। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सहित आम जनता में जनजातीय गौरव दिवस के दिन प्रधानमंत्री मोदी जी के आगमन से कार्यकर्ताओं में,आम जनता में भारी उत्साह है इसलिए कार्यक्रम को लेकर स्वयं हमारे कार्यकर्ता सहित आम जनता कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित होंगे।

उप विकास आयुक्त ने पथ निर्माण को लेकर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में आज पथ निर्माण की बैठक हुई। बैठक में आरईओ,पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ),नगर परिषद समेत अन्य विभागों के पथ एवं पुल निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। आरईओ अंतर्गत सनई-हपात पथ में उच्च स्तरीय पुल, नारी धुर्वामोड़-सांगोडीह मक्का पथ, सात वर्षों से पुराने व एक किमी लंबाई के पथों के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव,सनई-हपात पथ,पझरी-कोटा वाया बिटपी डुमरी पथ,भण्डरा से कैरो पथ वाया आकाशी, मन्हो मोड़ से भक्सो मोड़,पथ विभाग अंतर्गत शंख-चतरा (लुकैया मोड़) पथ, चट्टी-टाटी चौक पथ,कैरो नया टोली से जिंगी मोड़ समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा हुई।

जनता सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बनें : राधा तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं के बीच मुर्गी चूजा और सुकर का वितरण किया गया। जिप सदस्य राधा तिर्की,कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप विनिता पन्ना, अकलु उराँव, मीना देवी, अजय पन्ना, जतरी कुमारी, सुमन उराँव, नीलम उराँव, सुकरमुनी देवी, प्रमिला उराँव, भगवानदास उराँव, मंजू कुमारी, कंचन उराँव, कलेश्वर लोहरा, रेशमा कुमारी, पुणेश्वर पहान सहित 16 लाभुकों के बीच बॉयरलर व लेयर मुर्गी का चूजा तथा सुकरु वितरण किया गया। वही लाभुकों को बताते

हुए जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा जनता सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बने साथ ही कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण जनता को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनता के लिये विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है। जिसे गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सुकर पालन कर आत्मनिर्भर बन जीविकोपार्जन कर सकते हैं। वही प्रयेक लाभुकों के बीच 500 बॉयरलर मुर्गी चूजा व 400 लेयर मुर्गी चूजा तथा 5 - 5 सुकर का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पशु चिकित्सक डॉ. अमरदीप तिग्गा, बाबुसाहेब सिंह के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है : रीना कुमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा बालिका, लोहरदगा में झारखंड शिक्षा परियोजना (समग्र शिक्षा अभियान) लोहरदगा के द्वारा आज बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि/स्थानीय प्राधिकार के कार्य एवं दायित्व पर सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी शामिल हुई। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा हमारी प्राथमिकता में सर्वोपरी है। हम सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि अपने क्षेत्र के बच्चों के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं। हम आप सभी गांव की सरकार हैं। हमारी जवाबदेही ज्यादा है। साथ ही सभी पदाधिकारियों से अनुरोध भी किया कि आप सभी विद्यालयों का सतत निरीक्षण भी करें ताकि अपेक्षित सुधार हो सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। यह तीस वर्षों के बाद बहुत गहन मनन चिंतन कर लाया गया है, जिससे छात्र छात्राओं के प्रतिभा को निखारने में

मददगार साबित होगा। इस शिक्षा नीति में आंगनबाड़ी का विद्यालयी शिक्षा में एकीकरण, शैक्षिक ढाँचे में परिवर्तन,बहुभाषा शिक्षा पर जोर,छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास, तकनीकी प्रौद्योगिकी शिक्षण पर जोर,बाल विकास पर विशेष जोर,शिक्षण तरीकों में बदलाव समेत कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। बेहतर शिक्षा बच्चों को मिले यह सरकार का लक्ष्य है। शिक्षा से ही राष्ट्र निर्माण सम्भव है। उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समय की मांग है। इन सभी चीजों का नई शिक्षा नीति 2020 में समावेश किया गया है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि स्थानीय विद्यालयों में सारे कार्यक्रम सही रूप से संचालित हों।

पीएम आगमान को लेकर, भाजपा ग्रामीण मंडल ने कार्यकर्ताओं के साथ की अहम बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा ग्रामीण मंडल की बैठक 8 नवंबर बुधवार को शांति आश्रम मे मंडल अध्यक्ष सुरज कुमार दशौंधी के अध्यक्षता मे एवं झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री श्री सधनु भगत व जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी सुरज मोहन साहू व भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे मंडल कार्यसमिति की बैठक आहुत की गई। बैठक सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ वंदे मातरम् गीत गायन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में मंडल के सभी 12 शक्ति केन्द्रो की बैठक हेतू तिथि व प्रभारियों का मनोंनयन किया गया,उक्त बैठक में आगामी 15 नवंबर जनजाति गौरव दिवस पर देश के यशस्वी पीएम माननीय श्री नरेन्द्र मोदी के खूँटी धरती आबा भगवान विरसा मुंडा की धरती मे आगमन को लेकर प्रखंड से कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक संख्या मे कार्यक्रम मे सम्मिलित को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए पुर्व मंत्री श्री सधनु भगत ने कहा कि पुर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री अटल विहारी बाजपेयी जी ने दिल्ली सेंट्रल हाल मे भगवान विरसा मुंडा की चित्र लगाकर झारखंड के स्वाधीनता के महानायको का सम्मान देने का कार्य किया है।

शिविर आयोजित कर फसल बीमा योजना के बारे किसानों को दिया गया जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के सेंरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम के बरही चौक में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किसानों के लिये जागरुक्ता शिविर कायोजन कर बीमा जागरुक्ता कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल सुरक्षा बीमा योजना सहित किसानों के लिये अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में किसानों को बताया गया। वही भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लोहरदगा शाखा के पदाधिकारी जोविता डुंगडुंग, अशरफ हुसैन, विक्रम कुमार और कलीम अंसारी द्वारा किसानों को बताया गया की प्रधानमंत्री फसल सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत फसल जलने या किसी तरह से फसल का नुकसान होने पर 20 रुपये के बीमा पर 2 लाख रुपैया सरकार द्वारा दिया जायेगा। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 436 रुपये का बीमा कराने पर किसान को 2 लाख रुपैया दिया जायेगा।

नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन करेगा झारखंड पार्टी : एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

ठेठईटांगर : झारखंड पार्टी के द्वारा ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। जिले के दोनों विस सीट में पार्टी की जीत सुनिश्चत की जाएगी। पार्टी के द्वारा जिला मुख्यालय में विशाल नगाड़ा पिटावन रैली का भी आयोजन किया जाएगा। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का बुधवार को पार्टी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने कार्यकर्ताओ से पूरे उत्साह और दमखम के साथ क्षेत्र में पार्टी का प्रचार प्रसार और लोगों की सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि झापा बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए कार्य कर रही है।

टीनगिना में सामुदायिक संगठन सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : बुधवार को टीनगीना पंचायत भवन सभागार में लीड्स संस्था के द्वारा दो दिवसीय सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन ने बताया कि लीड्स संस्था जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में कार्य कर रही है और लोगों को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक कर रही है। जिससे सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाए धरातल पर पूर्ण होते दिखाई दे। और जरूरतमंद लोग

कृषि एवं पशुपालन कर अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकें। प्रशिक्षण में उन्होंने ग्राम सभा के महत्व, कार्य एवं दायित्व, ग्राम सभा के शक्तियां एवं उद्देश्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब अपने गांव समाज के प्रतिनिधि है। हम सब एक साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे।

प्रधानमंत्री के उलिहातू खूंटी आगमन को लेकर जिले के सभी मंडलो में भाजपा की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : विगत 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू खूंटी हो रहा है। जहाँ उलिहातू से लौट कर प्रधानमंत्री जी खूंटी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे,साथ ही झारखंड को करोड़ों की सौगात भी देंगे। प्रधानमंत्री जी की जनसभा में भाग लेने हेतु उसकी तैयारी के निमित्त टी सिमडेगा जिले के सभी मंडलों में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई प्रधानमंत्री जी के खूंटी आगमन पर सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और सिमडेगा से हजारों की संख्या में जाकर प्रधानमंत्री जी के सभा में भाग लेना सुनिश्चित कर रहे हैं सिमडेगा में बैठक में भाग लेते हुए अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने कहा की खूंटी में प्रधानमंत्री जी की जनसभा

ऐतिहासिक होगी पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता उत्साहित हैं और जोर से तैयारी में लगे हुए हैं जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल पर आने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री मोदी जी हैं इससे यह साबित होता है की जनजाति लोगों के लिए प्रधानमंत्री जी के दिल में कितनी इज्जत है पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि झारखंड के लिए गौरव की बात है कि 70 सालों के बाद किसी प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थल को याद किया है यह दौरा अपने आप में ऐतिहासिक होने वाला है ।

दीपावली के अवसर पर 13 एवं 14 नवंबर को होगा रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सदर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर में रात्रि फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पिछले 8 वर्षो से होता आ रहा है,जिसमे राज्य भर के जिले से 32 टीम भाग ले रहे है,इस बार सीजन 8 के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट किया जाना है। फुटबॉल क्लब रामपुर ने सूचित किया है कि हर साल की तरह इस वर्ष भी 13 और 14 नवंबर को टूर्नामेंट होना है यह महामुकाबला रामपुर सोहराय जतरा के शुभ अवसर पर कराया जाता रहा है जिसमे आयोजको के द्वारा अच्छे खिलाड़ियों को तरह तरह के उपहारों का भी वितरण किया जाता है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट को देखने के लिए भी लोग दूर दूर से आते है, इसके आयोजन कर्ताओं में अध्यक्ष ज़ाकिर अंसारी, सचिव शमीम अंसारी, उपाध्यक्ष राशिद अंसारी, उप सचिव बबलू लोहरा, सदस्य समिउलाह, आरीफ, परवेज रेयाज, सैफ, सेराजुल, अयूब, सज्जाद, एनामुल, इमाम सरवर, नईम, रजाक, एजाज, साहील अंसारी तथा अन्य ग्रामीण सदस्य टूर्नामेंट को सफल बनाने में जुटे है।

लिड्स संस्था द्वारा संचालित प्रवासी मजदूर प्रोजेक्ट का निरिक्षण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : लिड्स संस्था के द्वारा संचालित प्रवासी मजदूर मजदूर प्रोजेक्ट को लेकर एक दिवसीय निरिक्षण Whh के इंडिया प्रोग्राम मैनेजर बिजय राय के द्वारा किया गया और मार्गदर्शक किया गया, निरिक्षण के दौरान सबसे पहले हमलोग सिमडेगा जिला के ठेठई टांगर प्रखंड के जम्पनी मे लाभुक भूषण करकेट्टा के यहाँ नया धान कुटाई मशीन को देखे और बातचीत कर बिजनेस मॉडल का जानकारी दिया गया फिर केरिया पंचायत मे मुखिया कृष दानी, वार्ड मेंबर्स और अन्य लाभुक जैसे मत्स्य ट्रेनिंग लिए हुए लोगों से मुलाक़ात कर बातचीत किये सभी ने अपना अपना अनुभव को साझा किये साथ ही दो आम बागवानी भी देखे उसके बाद सिमडेगा मे एक स्किल सेंटर सक्षम झारखण्ड मे बच्चों के साथ मिलकर उनका अनुभव की जानकारी लिए और सेंटर इंचार्ज महेंद्र कुमार के द्वारा सेंटर की जानकारी दिया गया, इस प्रोग्राम मे रांची से रंजीत भेंगरा, अनुराग कुजूर, प्रकाश कुमार, तिथि और सिमडेगा से संजय ग्वाला और आसित करकेटा संयुक्त रूप से उपस्थित थे ।

निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज ने किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत अंतर्गत राइबहार गांव में विशेष प्रमंडल विभाग से बन रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने किया एवं सही मटेरियल, सीमेंट, छड़, ईट, बालु, प्रकलन(एस्टीमेंट) के आधार पर लगाने की बातें कहीं साथ ही मजदूरों से पूछा सही पेमेंट मिलता है या नहीं, समय पर भुगतान किया जाता है कि नहीं, साथ ही संबंधित ठेकेदार को कार्य में कोताही नहीं बरतने का दिशा निर्देश दिए, साथ ही विभाग के इंजीनियर के गैरमौजूदगी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका नंबर लेकर उनसे फोन पर बातें की, जिस पर इंजीनियर ने बताया कि अभी-अभी कुछ देर पहले वहीं से लौटे हैं, इस पर प्रमुख ने कहा कि आपके दिशा निर्देश पर ही काम होना चाहिए ताकि गुणवत्ता में कोई भी प्रकार का कमी ना हो सरकार इस तरह के योजना हमारे क्षेत्र में बार-बार नहीं देगी इसलिए कार्य सही ढंग से होना चाहिए मौके पर कांग्रेस के प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, जोराम पंचायत के मानसिक डुंगडुंग, पंकज डुंगडुंग, मानिष केवरा एवं ग्रामीण मौजूद है ।

आज आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का होगा लोहरदगा आगमन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : आजसू सुप्रीमो झारखंड के युवा हृदय सम्राट सुदेश कुमार महतो का आज 9 नवंबर दिन गुरुवार को प्रातः 10:00 बजे लोहरदगा आगमन हो रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोहरदगा जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि आजसू सुप्रीमो लोहरदगा महादेव आश्रम स्थित मंजूरमती हाई स्कूल के सभागार में सेट फाउंडेशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे । उनके साथ कार्यक्रम में आजसू पार्टी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी एवं भावी विधानसभा प्रत्याशी झारखंड आंदोलनकारी एवं पूर्व लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। रामचन्द्र गिरि ने बताया कि लोहरदगा आगमन के क्रम में सुदेश कुमार महतो सर्वप्रथम कुडू टाटी मोड़ स्थित आशीर्वाद ताना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। तदुपरांत लोहरदगा शंख मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा अगवानी करते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया जाएगा । इस अवसर पर लोहरदगा जिला में निवास करने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य लोहरदगा जिला के सभी पदाधिकारी एवं कुडू तथा कैरो प्रखण्ड के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समय पर कुडू टाटी मोड पहुंचेंगे। शेष सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता एवं आजसू पार्टी समर्थक शंख मोड़ पहुंचने का कष्ट करेंगे। लोहरदगा नगर समिति, लोहरदगा प्रखंड समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा छात्र संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में आजसू सुप्रीमो को सभा-स्थल तक ले जाया जाएगा।

उर्दु भाषा दिवस के पुर्व संध्या पर सोसाइटी के प्रवक्ता ने कहा, उर्दू ज़बान-ए-इश्क़ : इमरान

कैरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लोहरदगा उत्तर भारत से निकल कर विश्व के अनेक देशों में पहुंचने वाली और दक्षिण एशिया की एक बड़ी व महत्वपूर्ण भाषा उर्दू आज भेदभाव का शिकार हो रही है। उर्दू नाम वाले जगहों के नाम बदले जा रहे हैं। यूँ तो भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम होती है लेकिन अब उर्दू के नाम पर एक तबका इसे हेय की दृष्टि से देखने लगी है,जबकि उर्दू ज़बान-ए-?इश्क़ है,ज़बान-ए-?हिंद है। प्रसिद्ध लेखक खुशवंत सिंह कहते थे अगर आप उर्दू सीखना चाहते हैं तो इश्क़ कर लीजिए और अगर इश्क़ करना चाहते हैं तो उर्दू सीख लीजिए उपर्युक्त बातें उर्दू दिवस की पुर्व संध्या पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी के प्रवक्ता इमरान खान ने कही। आगे खान कहते हैं कि उर्दू वही भाषा है जिसमें राजा राममोहन राय, डॉ राजेन्द्र प्रसाद व मुंशी प्रेमचंद जैसे महापुरुषों ने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की उर्दू पत्रिका अल हिलाल क्रांतिकारी लेखनी के कारण प्रतिबंधित किया गया। वहीं दूसरी ओर विद्रोही कवि काजी नजरूल इस्लाम की उर्दू कविताएं प्रतिबंधित किया गया। इस तरह भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में नई चेतना का विकास किया। लेकिन आजादी के 75 वर्ष गुजर जाने के बाद भी देश के मात्र 14 राज्यों में ही उर्दू एकेडमी का गठन हो पाया है जो दुर्भाग्य है। उर्दू के विकास के लिए सन 1996ई में राष्ट्रीय उर्दू भाषा एवं विकास परिषद का गठन किया गया। यह संस्थान अल्पसंख्यक बहुत प्रखण्डो में उर्दू के प्रसार के लिए डिप्लोमा कोर्स इन उर्दू लैंग्वेज चलाती लेकिन इसकी कार्य शैली सुस्त नजर आती है। सरकार भी इसके प्रचार-प्रसार में लगातार कटौती कर रही परिणामस्वरूप आम जन जानकारी के अभाव में इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। जिसके कारण आज यह भाषा धीरे-धीरे सरकारी दफ्तरों,रेलवे स्टेशनों व प्रतिष्ठानों से गायब होते जा रही है। सन 1975 ई में गुजराल समिति ने 10 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले अल्पसंख्यक गांवों,वार्डो व शहरों में प्राथमिक शिक्षा उर्दू में देने की सिफारिश की जिसे आज तक अमली जामां नहीं पहनाया जा सका। एसआई एल इंटरनेशनल के अनुसार 417 भाषाओं का अस्तित्व खतरे में है। भाषा संस्कृति के विकास का महत्वपूर्ण घटक है इसकी रक्षा सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने जैसा है। भाषाएं और माताएं खेत-खलिहानों से क्या बेटे-बेटियों से बड़ी होती है। अल्पसंख्यकों को इस मुद्दे पर गहण चिंतन-मनन की जरूरत है।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में कार्यसमिति की हुई बैठक

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : आज दिनांक 8 नवंबर 2023 दिन बुधवार को अटल भवन में भाजपा नगर मंडल लोहरदगा की कार्य समिति की बैठक नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। आज के बैठक में मुख्य रूप से आगामी 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खूंटी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली में आगमन को लेकर विशेष चर्चा की गई। नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक उपस्थिति पर विचार विमर्श किया।कार्यक्रम में राजेश महतो, जगनंदन पौराणिक, शंकर प्रजापति, सरोज प्रजापति, अशोक घोष, संजय बर्मन, उमेश कांस्यकर, अनूप वर्मा, अनूप महतो, विजय अग्रवाल, दीपक साहू, अशोक कांस्य कार,राजू प्रजापति, विकास कांस्यकार, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, लीला देवी, मीरा देवी, रीमा देवी, ज्ञानेश गुप्ता, हरिओम प्रसाद, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आगामी दीपावली व छठ का त्योहार आपस मे मिलजुलकर सौहार्द के साथ मनायेःशंखनाथ उराँव

कैरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लोहरदगा कैरो थाना परिसर में बुधवार को दीपावली व छठ पूजा को ले शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में छठ व दीपावली का त्योहार मनाने पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे थान प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ छठ व दीपावली का त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी शंखनाथ छठ घाटों की जानकारी ली गई। जिसपर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी द्वारा बताया गया कि कैरो के तालाब व नदी में छठ पूजा का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी की भागीदारी रहती है। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव द्वारा भी संबोधित किया गया। थाना के एसआई ऋषिकांत ने कहा कि त्योहार में अफवाह या किसी प्रकार की अशांति फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में मुखिया वीरेंद्र महली,बीस सूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी,नजीर आलम खान,विशेश्वर प्रसाद दीन,मोजाहिर अंसारी,पप्पू गुप्ता,इत्यादि पुजा समिति के सद्स्य बैठक मे उपस्थित थे।

पासवा शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को करेंगे सम्मानित : आलोक कुमार दूबे

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा शिक्षक दिवस के मौके पर आगामी नवम्बर महीने के अंतिम सप्ताह में लोहरदगा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बीएस कॉलेज मल्टीपरपस हॉल लोहरदगा में आयोजित करेगी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी चर्चा होगी।शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर पासवा प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दूबे आज लोहरदगा पहुंचे एवं सहयोगी संजय दूबे एवं निशीथ जायसवाल के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक आपरुपा पाल चौधरी से मुलाकात कर शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल होने एवं सहयोग करने का अनुरोध किया है। साथ ही साथ लोहरदगा जिला पासवा के पदाधिकारियों के साथ परिसदन में बैठक कर विचार विमर्श किया। बैठक में कहा गया है लोहरदगा जिला में अब तक का सबसे बड़ा शिक्षक सम्मान आयोजित कर अश्व कीर्तिमान स्थापित करेगा बैठक में लोहरदगा जिला पासवा अध्यक्ष माजीद आलम,पासवा के वरिष्ठ पदाधिकारी संजय दूबे एवं निश्चित जयसवाल उपस्थित थे। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,पासवा के मुख्य संरक्षक व राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।

चलते चलते एक नजर

मारा गया हमास के हथियारों का जखीरा संभालने वाला महसन अबू-जीना

तेल अवीव/यरुशलम : गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 33वें दिन बुधवार को इजराइल के हवाई हमले में फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास का हथियार और उद्योग विभाग का प्रमुख महसन अबू-जीना मारा गया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस हमले में महसन अबू-जीना समेत हमास के दीगर बड़े कमांडर भी ढेर हो गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रॉकेट और मिसाइल दाग कर हमास की दर्जनों सुरंगों को उड़ा दिया। इस बीच,आईडीएफ ने आज उत्तरी गाजा में नागरिकों के लिए दक्षिण की ओर जाने के लिए सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर एक और निकासी गलियारा खोला। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह गलियारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहा। फिलहाल, आईडीएफ का हमास के खिलाफ अभियान जारी है। आईडीएफ के गुप्तचर हमास के आतंकवादियों की लगातार पहचान कर रहे हैं। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमास ने गाजा पट्टी में 240 निर्दोष नागरिकों को अगवा कर लिया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह को चेतावनी दी है। नेतन्याहू ने कहा है कि अगर हिजबुल्लाह नया मोर्चा खोलता है तो यह उसके जीवन की सबसे बड़ी गलती होगी। उसका उसे भयावह अंजाम भुगतना होगा। रक्षामंत्री योव गैलेंट ने कहा कि आईडीएफ ने हमास के चारों ओर शिकंजा कस दिया है।

नोटबंदी की मार आजतक झेल रही है देश की जनता : खड़गे

नई दिल्ली : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने 08 नवंबर, 2016 को जो नोटबंदी की, उससे देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई। केन्द्र सरकार के इस कदम से एक ही झटके में लाखों व्यवसाय ठप हो गए और करोड़ों लोगों को रोजगार खोना पड़ा।खड़गे ने बुधवार को एक्स पर लिखा कि केन्द्र सरकार के इस फैसले से अमीर और अमीर होता गया और गरीब और भी गरीब होता चला गया। यह सरकार काले धन पर लगाम लगाने में भी विफल रही है। देश में नकदी के चलन में वर्ष 2016 के बाद से अबतक 83 फीसदी का उछाल आया है। पिछले 07 वर्षों में संपत्ति खरीदने वालों में से 76 फीसदी को कीमत का एक हिस्सा कैश में चुकाना पड़ा।खड़गे ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि जाली नोट बाजार में और बढ़े हैं। 500 के जाली नोटों में पिछले साल ही 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने 2000 के नोटों पर भी नोटबंदी लागू कर दी है। उन्होंने कहा कि पाई-पाई जोड़कर जो गृह लक्ष्मी महिलाओं ने बचत जुटाई थी, वह सब खत्म हो चुकी है।उल्लेखनीय है कि 08 नवंबर, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी का ऐलान किया था। इसके तहत सरकार ने 500 रुपये और 1000 रुपये के पुराने नोटों को प्रतिबंधित किया था।

छठ में सजेगा कोयल रिवर फ्रंट : प्रथम महापौर

*** गंगा आरती, छठ गीत एवं रंग-बिरंगे लाइट लगेगा चेंबर के सौजन्य से**

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने हिंदुओं के महापर्व छठ हेतु कई घाटो का निरीक्षण करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निगम क्षेत्र के हर छठ घाटो की सफाई में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसका मॉनिटरिंग मैं और मेरी टीम खुद करेंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि जहां-जहां घाटों में सफाई की आवश्यकता है मुझे या मेरे प्रतिनिधि को छठ घाटों की सफाई देख रही संस्था पूर्व में ही सूचित करें। जिसे निगम या मेरे निजी खर्च से सफाई कराई जाएगी। प्रथम महापौर ने अपने निजी खर्च से जेसीबी लगाते हुए निगम क्षेत्र की प्रमुख घाट कोयल रिवर फ्रंट की सफाई का नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। कहा कि इस वर्ष निगम द्वारा निर्मित एवं झारखंड का चर्चित कोयल रिवर फ्रंट पर पहला छठ पूजा होगा। जिसका शुभारंभ पलामू चैंबर परिवार के सौजन्य से मेरे देखरेख में कोयल रिवर फ्रंट में निर्मित गंगा आरती मंच पर भव्य गंगा आरती एवं भजन से किया जाएगा। घाटों को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाई जाएगी और सफाई की विशेष व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। प्रथम महापौर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे परिवार के सौजन्य एवं चेंबर की देखरेख में शिवाजी मैदान और इस वर्ष से चैनपुर सूर्य मंदिर प्रांगण में वैसे माता,बहने जो पैसे के अभाव में छठ नहीं कर पाती के लिए निशुल्क सूप, नारियल,पूजा सामग्री और गुड़ का वितरण किया जाएगा। प्रथम महापौर ने शिवबाला घाट स्थित बट पूजा चबूतरा निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया।

एल्विश यादव से नोएडा पुलिस ने की 3 घंटे तक पूछताछ, दूसरा समन भी जारी

एजेंसी

गौतमबुद्ध नगर : नोएडा के सेक्टर-20 पुलिस स्टेशन में मंगलवार देर रात को यूट्यूबर एवं बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव से तीन घंटे तक पूछताछ की गयी। यह पूछताछ रेव पार्टी व सांपों के जहर के इस्तेमाल के मामले में की गई। नोएडा पुलिस ने उन्हें मंगलवार को ही समन भी जारी किया था। देर रात पूछताछ के बाद दूसरा समन भी जारी किया गया है। नोएडा के पुलिस उपायुक्त हरिश्चन्द्र ने बुधवार को बताया कि एल्विश यादव को दोबारा पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए राहुल समेत पांच आरोपितों की कोर्ट से पुलिस हिरासत मिलने की स्थिति में राहुल और एल्विश यादव को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ हो सकती है। पांचों आरोपितों की हिरासत आज खत्म हो रही है इसलिए उनको कोर्ट में पेश किया गया है। फिलहाल सुनवाई जारी है। इससे पहले मंगलवार रात करीब दो बजे एल्विस यादव नोएडा के सेक्टर 20 पुलिस स्टेशन पहुंचा था, जहां उससे पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों ने तीन घंटे तक गहन पूछताछ की। इस दौरान सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में कई सवाल पूछे गए। अब दोबारा समन भेजकर एल्विश यादव से फिर

51 हजार दीप प्रज्वलित करेगा राष्ट्रीय परशुराम सेना

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के बैनर तले और सर्व सनातन समाज के सहयोग से बन रहे झारखंड और बिहार के प्रथम चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर के गुंबद का कार्य काफी तेजी के साथ महाराष्ट्र के कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है।जिसमें समस्त सनातन का सहयोग विभिन्न प्रदेशों से बढ़-चढ़कर आ रहा है।उसी कड़ी में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारी और सदस्यों ने आगामी रविवार दिवाली के शुभ अवसर पर निर्माणाधीन परशुराम मंदिर परिसर में एक साथ 51000 दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा है।जिसमें समाज के हर घर से एक दिया के अंतर्गत भगवान परशुराम को समर्पित करने की अपील की है।पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर दिन रविवार को संध्या में 51हजार दीप का प्रज्ज्वलन किया जाएगा साथ ही हर घर एक दिया अभियान के तहत जो दीप आएगा उसे भी भगवान परशुराम को समर्पित किया जाएगा।प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण ने कहा कि यह पल समाज को एक सूत्र में पिरोने और अपने आराध्य को याद करने के लिए सबसे बेहतरीन होने जा रहा है।प्रदेश प्रभारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि यह एक शुभ अवसर भगवान परशुराम ने हम सभी को प्रदान किया है जिसमें मंदिर प्रांगण में हम खुद को समाज के लिए बराबर में खड़ा होना सुनिश्चित कर सकते हैं। संगठन के संरक्षक मुकेश तिवारी के द्वारा उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को शामिल होने की अपील की है और कहां है कि सभी यथा समय अपना बहुमूल्य समय निकालकर मंदिर परिसर में पहुंचे और एक दिया भगवान परशुराम को समर्पित करें।उक्त दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की रूप रेखा बनाने में राष्ट्रीय परशुराम सेवा भार्गव के संरक्षक अजय तिवारी अकेला,कमलेश शुक्ला, बसंत तिवारी,परमेश तिवारी प्रदेश सलाहकार अविनाश धर्माचार्य रमेश पांडे, कोषाध्यक्ष अंकित पांडे,अरविंद पांडे,संजीत पांडे,राहुल पाठक,कर्ण तिवारी, अभिषेक पांडे, शुबास दुबे, चंदन शुक्ला, नवनीत शुक्ला, मनी तिवारी, राहुल उपाध्याय, संजम दुबे राहुल पाठक , रितिक चौबे, सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने लोगों से दीपावली के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम का साक्षी बनने की अपील की है।

पर्यावरणविद ने हिमाचल प्रदेश के कई स्कूलों के दीप यात्रा में पौधा लगाने का दिया संदेश

दीपयात्रा का उद्देश्य जीवन से अंधकार मिटाना : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला के शीला चौक व घरोह सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं कुल्लू जिले के लॉरिअल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक महोत्सव के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद,कौशल किशोर जायसवाल ने दीप यात्रा के तहत दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए उक्त विद्यालय परिसरों में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कर्नाटक का चंदन, नेपाल का रुद्राक्ष,थाईलैंड का बारहमासी आम , क्रिसमस ट्री एवं बोतल पाम लगाकर वितरित भी किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को उन्होंने पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मुल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया। लॉरिअल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल कविता शर्मा, केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीमती पुष्पा शर्मा एवं घरोह विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीमती निशा डोगरा ने मोमेंटो देखकर सम्मानित करते समेत कई शिक्षकों ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल के द्वारा पिछले 5 दशक से देश-विदेश में निजी खर्चों पर निस्वार्थ कार्य करने की न सिर्फ सराहना की बल्कि उन्हें मोमेंटो देखकर सम्मानित भी किया। वहीं वक्ताओं ने पुनः आने का आमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर की जीवनी की पढ़ाई ऑक्सफोर्ड की सीबीएसई के कक्षा आठ और आईसीएसई के कक्षा छह में एक दशक से ऊपर हो रही है। उन्होंने समाज के लोगों से कौशल द्वारा चलाये जा रहे वन राखी मूवमेंट और पर्यावरण धर्म को अपने जीवन में अपनाने की जरूर बताई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि देश और दुनिया में बढ़ती प्रदूषण की आग को देखते हुए दीपावली सादगी से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा दीपावली प्रकाश का त्यौहार है न कि पटाखा फोड़कर वातावरण में वायु , ध्वनि, प्रकाश,जल,सामाजिक और धार्मिक जैसे दर्जनों प्रकार के प्रदूषण फैलाने का है। पर्यावरणविद ने दीपावली पर ब्रह्मांड के सारे जीवों की रक्षा के लिए लोगों से आतिशबाजी नहीं कर लोगों की जिंदगी तबाह होने से बचाने की मार्मिक अपील की है। पर्यावरणविद ने कहा है कि लोग क्षणिक आनंद के लिए वातावरण में प्रदूषण की जहर घोलकर बच्चों और बूढ़ों की जिंदगी तबाह कर देते हैं। ऐसा करने से लोगों को परहेज करने की जरूरत है। मौके पर सूरज कुमार जायसवाल, डा शुभराम,शिक्षिका आशा शर्मा, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, सुमेश कुमार, नागेश्वर प्रसाद, सोनी लाल, प्रदीप कुमार, श्रीमती उषा देवी, श्रीमती सीमा देवी, स्वरूप कुमार, केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार,अंजना देवी, प्रियंका शर्मा, कपिल देव, ज्योति, समिता देवी, तरुण कुमार, स्वर्ण कुमार, उषमा कुमार ,नेहा शर्मा,रचना शर्मा सहित स्कूली बच्चों उपस्थित थे।

तमिलनाडु में भाजपा ने द्रविड़ राजनीति को दी चुनौती

नई दिल्ली : तमिलनाडु में अब भारतीय जनता पार्टी ने द्रविड़ राजनीति को सीधे चुनौती दे दी है। तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा है कि यदि उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आती है, तो वह मंदिरों के बाहर लगी पेरियार की मूर्तियां हटा देगी। उन्होंने कहा कि ये मूर्तियां हिंदू मंदिरों का अपमान हैं और पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। पेरियार एक द्रविड़ नेता थे, जो अपनी नास्तिकता और ब्राह्मणों के विरोध के लिए जाने जाते थे। उन्होंने यह बयान श्रीरंगम में दिया। के. अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर श्रीरंगम रंगनाथर मंदिर से लेकर राज्य के सभी मंदिरों के बाहर लगी ईवी रामासामी नायकर(पेरियार) की मूर्तियों को तुरंत हटा दिया जाएगा। साथ ही मंदिरों की बंदोबस्ती करने वाले हिंदू धार्मिक धर्मार्थ विभाग को भी सत्ता में आते ही सबसे पहले बंद कर दिया जाएगा।

इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 160 रन से हराया

एजेंसी

नई दिल्ली : विश्व कप के 40वें मैच में इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 160 रन से हरा दिया। पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 339 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 37.2 ओवर में 179 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने मैच में टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया. बेयरिस्टो का फ्लॉप शो जारी रहा, हालांकि डेविड मलान ने नीदरलैंड्स के गेंदबाजों की जमकर क्लास ली. लेकिन 87 रन पर वे बदकिस्मती से रन आउट हो गए. इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गई. जो रूट, हैरी ब्रूक और कप्तान जोस बटलर सस्ते में पवेलियन लौट गए. लेकिन एक छोर पर टिके थे बेन स्टोक्स, जो टीम के संकटमोचक साबित हुए. स्टोक्स ने 84 गेंद में 6 चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 108 रन की आतिशी पारी खेली. इसके अलावा क्रिसे वोक्स ने भी अर्धशतक ठोका और टीम को 339 रन के विशालकाय स्कोर तक पहुंचा दिया.बैटिंग के बाद गेंदबाजों ने अपनी छाप छोड़ी. स्पिनर्स ने मिलकर नीदरलैंड्स की टीम को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया. आदिल रशीद ने इस मैच में 3 विकेट अपने नाम किए, वहीं मोईन अली ने भी इतने ही बैटर्स को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया. नीदरलैंड्स की तरफ से कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स और तेजा निदामानुरु ने शानदार पारियां खेली. लेकिन टीम को जीत दिलाने में कामयाब नहीं हो सके. इंग्लैंड ने इस मैच में 160 रन से बड़ी जीत दर्ज की.

अब भारत में महिलाओं को मिल रहा बराबरी का सम्मान : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

अजमेर : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत में नारी वंदनीय है। महिलाओं को भारत में बराबरी का सम्मान है। भारत बदल रहा है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है, तो देश ने चांद पर पहुंच कर परचम फहराया है। देश में शिक्षा नीति में अपेक्षित बदलाव आने वाले कल भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम दिलवाएगा।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को अजमेर के मेयो गर्ल्स कॉलेज स्कूल के 35वें वार्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति विशेष विमान से बुधवार को करीब 12 बजे अजमेर पहुंचे। किशनगढ़ एयरपोर्ट पर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया गया। उपराष्ट्रपति ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लेकर कहा कि देश में अब महिलाओं को बराबर सम्मान मिलने लगा है। उन्होंने छवि राजावत का उदाहरण देते हुए स्टूडेंट्स को समझाया।उन्होंने कहा कि महिलाएं ब्यूरोक्रेसी, राजनीति और मिलिट्री में भी जा रही हैं। अब जमाना बदल गया है। भारत का चंद्रयान मिशन सफल रहा। देश की शिक्षा नीति सुदृढ़ हुई है। उपराष्ट्रपति ने यहां छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनका उपराष्ट्रपति ने आनन्द लिया और प्रदर्शन को सराहा। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिला पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों ने विशेष इंतजाम किए थे। स्कूल के चारों तरफ चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया गया था। बिना चेकिंग के किसी को भी स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। समारोह में मेयो गर्ल्स स्कूल कमेटी के जोधपुर पूर्व महाराज गज सिंह ने सम्बोधित करते हुए स्कूल के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और उपराष्ट्रपति का आभार जताया। प्रिसिंपल सुप्रीत बख्शी ने भी सभा को सम्बोधित किया और स्कूल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

दीपक की हत्या में शामिल कश्मीर फ्रीडम फाइटर के छह आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर : इस साल की शुरुआत में उधमपुर के दीपक कुमार उर्फ दीपू की हत्या में शामिल जैश-ए-मोहम्मद की शाखा कश्मीर फ्रीडम फाइटर संगठन से जुड़े छह आतंकवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 29 मई, 2023 की शाम को आतंकवादियों ने मनोरंजन पार्क जंगलातमंडी अनंतनाग के पास प्रवासी मजदूर दीपक कुमार उर्फ दीपू पर गोलीबारी की। इस आतंकवादी हमले में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में जीएमसी अनंतनाग में मौत हो गई थी। दीपक कुमार की हत्या के बाद आतंकवादी मौके से भाग गए थे। बयान में कहा गया है कि जांच की प्रक्रिया के दौरान छह आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जेईएम की एक शाखा कश्मीर फ्रीडम फाइटर से जुड़े थे।

ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर मामले में हाईकोर्ट में एक दिसम्बर को होगी सुनवाई

एजेंसी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद और काशी विश्वेश्वर नाथ मंदिर विवाद मामले में सुनवाई टाल दी। कोर्ट ने दोनों पक्षकारों की सहमति के बाद अब इस मामले में एक दिसम्बर को सुनवाई करने का आदेश पारित किया है। अंजुमने इंतजामिया मसाजिद और सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल याचिका पर मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर की पीठ सुनवाई कर रही थी। इसके पहले कोर्ट ने मामले की सुनवाई तीन अक्टूबर को की थी। उस समय याची पक्ष की ओर से कहा गया था कि याची ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के केस स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी है। उस पर तीन नवम्बर को सुनवाई होगी। इस पर कोर्ट ने यहां आठ नवम्बर को सुनवाई की तिथि तय की थी। बुधवार को सुनवाई शुरू हुई तो याची अधिवक्ता की ओर से सुनवाई टालने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने मंदिर पक्ष की राय जानने के बाद सुनवाई को एक दिसम्बर तक के लिए टाल दिया। अंजुमन इंतजामियां मसाजिद ने ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वे कराने की मांग को लेकर वाराणसी कोर्ट में दाखिल सिविल वाद को चुनौती दी है। इस मामले में पहले दूसरी पीठ सुनवाई कर रही थी लेकिन बाद में मुख्य न्यायमूर्ति ने इस केस की सुनवाई के लिए फाइलों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। इंतजामियां मसाजिद ने स्थानांतरित करने के आदेश के खिलाफ अर्जी दी। कहा कि याचिका में वह वादी हैं। उन्होंने केस स्थानांतरण के लिए आवेदन नहीं किया। ऐसे में एक पीठ से दूसरी को याचिका को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। वह भी तब जब पहले सुनवाई कर रही पीठ ने फैसला सुरक्षित कर लिया हो और फैसले की तिथि से पहले यह स्थानांतरण सही नहीं है। इंतजामियां मसाजिद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस स्थानांतरण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दाखिल की। हालांकि, इंतजामियां मसाजिद को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। शीर्ष कोर्ट ने याचिका दूसरी पीठ के सामने स्थानांतरित करने के मुख्य न्यायमूर्ति के आदेश में हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है।